रजिस्ट्री सं. डी-(डी एल)--128/90 REGISTERED NO. D—(DN)—128/90

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 41] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 13, 1990 (आश्विन 21, 1912)
No. 41] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 13, 1990 (ASVINA 21, 1912)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III--SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय स्टेट बैंक,

(केन्द्रीय कार्यालय)

सूचना

बम्बई, दिनांक 14 सितम्बर 1990

भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 50 के अन्तर्गत बनाए गए भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियमन 1955 के विनियम 76(1) के अनुसरण में केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी समिति निम्नलिखित कर्मचारियों को निम्नलिखित पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत करती है :

तत्समय, वे जिस कार्यालय में कार्यरत हों, वहां उन्हें समय समय पर तथा समनुदेशित बैंक के ग्राहकों की पास बुकों में खाताधारकों के खातों के विवरण पर संक्षिप्त हस्ताक्षर करना ।

आशुलिपिक ((स्टेनोग्राफर)

तत्समय वे जिस कार्यालय में कार्यरत हों,, वहां उन्हें यथा समनुदेशित ऐसे सभी प्रलेखों पर हस्ताक्षर करना जिन पर अपने कर्तव्य के निर्वहन में प्रधान लिपिक को हस्ताक्षर करना होता है ।

--टैलेक्स आपरेटर ।

तत्समय वे जिस कार्यालय में वहां उन्हें समय समय पर यथा समनुदेशित ऐसे सभी प्रलेखों पर हस्ताक्षर करना, जिन पर अपने कर्तव्य के निर्वहन में लिपिक को हस्ताक्षर करना होता है ।

--टेलिफोन ऑपरेटर

केन्द्रीय बोर्ड की कार्यकारिणी
समिति के आदेशानुसार
के० रूकनुद्दीन
उप प्रबंध निदेशक
(कार्मिक एवं प्रणाली)

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 20 सितम्बर 1990

सं० यू-16/53/90-चि० 2 (पश्चिमी बंगाल) :— कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 105 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम को दिनांक : 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पास किए गए संकल्प के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024(जी) दिनांक : 23-5-1983 द्वारा ये शक्तियां आगे मुझे सौंपी जाने पर, मैं इसके द्वारा लै० कर्नल डा० पी० के० भट्टाचार्य को कलकत्ता [क्षेत्र क्षेत्रों का आबंटन उप-चिकित्सा आयुक्त (पूर्वीजोन) द्वारा किया जाएगा] के लिए बीमा कृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर आगे प्रमाण पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए 1-9-90 से 31-8-91 तक या किसी पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशों के कार्यभार ग्रहण करने तक, इनमें से जो भी पहले हो, मौजूदा मानकों के अनुसार मासिक पारिश्रमिक की अदायगी पर चिकित्सा प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करता हूं।

डा० कृष्ण मोहन सक्सेना
चिकित्सा आयुक्त

संचार मंत्रालय

डाक विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 20 सितम्बर 1990

सं० 25-4/90-एल० आई०.—अविभाग की अभिरक्षा से गुम हुई निम्नलिखित डाक जीवन बीमा पालिसियों के बारे में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उनका भुगतान रोक दिया गया है। निदेशक डाक जीवन बीमा, कलकत्ता को बीमाकर्ताओं के नाम दूसरी पालिसियां जारी करने के लिए प्राधिकृत कर दिया गया है। सर्वसाधारण को चेतावनी दी जाती है कि वे मूल पालिसियों के बारे में लेन-देन न करें।

क्र० संख्या	पालिसी सं०	दिनांक	बीमाकर्ता का नाम	राशि (रुपये)
1.	एल 18681	25-10-75	श्री किशोर चंद	55,00/-

पी० गोपीनाथ
निदेशक (पी एल आई)

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

42वीं वार्षिक रिपोर्ट 1989-90

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 35 के अधीन निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट

1. परिचालन वातावरण और परिप्रेक्ष्य

1.01 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (भा०औ०वि०नि०) का निदेशक बोर्ड 31 मार्च, 1990 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लेखा-परीक्षित लेखा विवरण सहित भा०औ०वि०नि० के परिचालनों पर 42वीं वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता है।

1.02 वर्ष 1989-90 में भाऔविनि के परिचालनों, कार्य-निष्पादनों और कार्य-परिणामों की पृष्ठभूमि के रूप में आर्थिक और औद्योगिक वातावरण, नीतिगत पहल, सामान्य रूप से उद्योग के क्रियाकलाप तथा भावी दृष्टिकोण के बारे में एक संक्षिप्त झलक नीचे प्रस्तुत है।

(क) भारतीय अर्थव्यवस्था—1989-90

1.03 पिछले कुछ वर्षों में देशव्यापी सूखे से दुष्प्रभावित भारतीय अर्थव्यवस्था ने 1988-89 में तेजी से सुधार के पश्चात् 1989-90 के दौरान कुछ सीमा तक मिश्रित रुख प्रदर्शित किया।

1.04 1989-90 में सकल राष्ट्रीय उत्पाद की 4.5% के लगभग प्रत्याशित विकास दर, जो वर्ष 1988-89 में प्राप्त 10.4% की सर्वोच्च विकास दर के बाद थी, 1986-87 तथा 1987-88 में प्राप्त क्रमशः 3.9% तथा 3.8% की विकास दरों से, निश्चय ही अधिक रही।

1.05 सारणी-1 में 1989-90 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के विशिष्ट अनुमानित संकेतकों को पिछले वर्ष के संगत संकेतकों सहित और 1989-90 में 1988-89 की तुलना में प्रतिशत हुए परिवर्तन दर्शाए गए हैं।

1.06 वर्ष 1989-90 के दौरान देश की आर्थिक स्थिति एवं क्रियाकलापों का मूल्यांकन करते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना उपयोगी रहेगा :

(i) 1988-89 असाधारण रूप से एक अच्छा वर्ष था, जिसमें कृषि उत्पादन में 20.8% की तथा औद्योगिक उत्पादन में 8.8% की वृद्धि हुई। 1989-90 में कृषि उत्पादन में संभावित 1.2 की विकास दर, तथा औद्योगिक उत्पादन में 6.9% की विकास दर, 1988-89 में प्राप्त शीर्ष विकास दरों एवं उच्च स्तरीय उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने के पश्चात् उपलब्ध हुई है।

(ii) 1989-90 में मुख्य अवस्थापना क्षेत्र ने कम-से-कम विद्युत जनन और पैट्रोलियम उत्पादन एवं पैट्रोलियम उत्पादों, कोयला और लिग्नाइट, सीमेंट, आदि में काफी हद तक अच्छी प्रगति की ।

(iii) थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित वार्षिक मुद्रास्फीति दर 17 फरवरी, 1990 को अंक से अंक के आधार पर 7.7% रही, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 5.3% थी । पिछले कई वर्षों के दौरान मुद्रास्फीति पर नियंत्रण मुख्य तौर पर खाद्य भंडार की आपूर्ति के प्रबंध पर निर्भर था । पिछले तीन वर्षों के दौरान, खाद्यान्नों का भंडार जनवरी, 1987 में 22.8 मिलियन टन से घटकर जनवरी, 1990 में 12.6 मिलियन टन रह गया तथा अनाज, खाद्य तेलों तथा चीनी का क्रमश: 2.8 मिलियन टन, 3.4 मिलियन टन और 1.0 मिलियन टन का आयात करना पड़ा। इस प्रकार के आपूर्ति प्रबंध में जो सीमान्तक तीन वर्ष पहले उपलब्ध थे, उनकी स्थिति में भी कमी आ गई । ऐसी परिस्थिति में 1989-90 में मुद्रा स्फीति के दबाव को रोका तो गया, लेकिन बहुत सीमित मात्रा तक ही यह संभव हो सका ।

(iv) निर्यातों में उत्साहवर्धक रुख तथा आयात में कमी के बावजूद, 1989-90 में विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों पर, कुछ हद तक तो व्यापार और चालू खाते में घाटे के कारण और कुछ भुगतान संतुलन के अदृश्य और पूंजी खातों की स्थिति बिगड़ने के कारण, लगातार दबाव बना रहा । वर्ष के दौरान, निर्यात विकास की गति को तीव्र कर, पर्यटन से प्राप्त आय में वृद्धि करके, प्रभावी आयात प्रतिस्थापकों के विकास, सहमत बाह्य सहायता से किए जाने वाले संवितरणों को बढ़ाकर, प्रत्यक्ष तथा पोर्टफोलियों निवेशों को बढ़ाकर तथा सीमित विदेशी मुद्रा के मितव्ययी प्रयोग को प्रोत्साहित करके बाह्य अदायगियों में असंतुलन को दूर करने के लिए बहुत से नीतिगत उपाय आरम्भ किए गए । विभिन्न अनिवासी खातों में निक्षेप बढ़ाने के लिए, अनिवासी विदेशी रुपया खातों और विदेशी मुद्रा अनिवासी खातों में जमा राशि पर ब्याज की दरें समय-समय पर बढ़ाई गईं । फिर भी इन उपायों का प्रभाव, वित्तीय वर्ष 1989-90 के अधिकांश भाग में भुगतान संतुलन स्थिति पर दबाव में राहत के रूप में नहीं महसूस किया जा सका ।

सारणी 1 : भारतीय अर्थव्यवस्था के विशिष्ट सूचक

आधारभूत आर्थिक सूचक	इकाई	1989-90 (अप्रैल-मार्च) (अनुमानित)	1988-89 (अप्रैल-मार्च) (अनन्तिम)	1989-90 में 1988-89 की तुलना में प्रतिशत अन्तर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
—जनसंख्या	मिलियन	827.2	811.8	1.9
—सकल राष्ट्रीय उत्पाद (सराउ) (1980-81 के मूल्यों के आधार पर)	रु० करोड़	1,96,963	1,88,481	4.5
—निवल राष्ट्रीय उत्पाद (निराउ) (1980-81 के मूल्यों के आधार पर)	रु० करोड़	1,76,607	1,69,017	4.5
—सराउ प्रति व्यक्ति (1980-81 के मूल्यों के आधार पर)	रु०	2,381	2,322	2.5

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
—निराउ प्रति व्यक्ति (1980-81 के मूल्यों के आधार पर)	रु०	2,135	2,082	2.5
—कृषि उत्पादन सूचकांक	1969-70=100	184.9	182.7	1.2
—खाद्यान्न उत्पादन	मिलि० टन	173.0	170.2	1.6
—उर्वरक उत्पादन (पोषकों के आधार पर नाइट्रोजन पोटाश खाद)	मिलि० टन	8.6	8.9	(-)3.4
—बिजली उत्पादन	बिलि० कि० वा०	245.0	221.1	10.8
—कोयला उत्पादन	मिलि० टन	200.9	194.5	3.3
—तेल उत्पादन (कच्चा)	मिलि० टन	34.1	32.0	6.6
—सीमेंट उत्पादन	मिलि० टन	45.6	44.2	3.2
—तैयार इस्पात उत्पादन	मिलि० टन	13.1	12.8	2.3
—रेलवे द्वारा राजस्व-अर्जक माल यातायात	मिलि० टन	311.0	301.0	3.3
—प्रमुख बन्दरगाहों पर माल का लदान-उतार	मिलि० टन	147.1	146.4	0.5
—औद्योगिक उत्पादन (सामान्य सूचकांक)	1980-81=100	193.6	181.1	6.9
—निर्यात	रु० करोड़	27,681	20,281	36.5
—आयात	रु० करोड़	35,412	27,693	27.9
—व्यापार सन्तुलन	रु० करोड़	(-)7,731	(-)7,412	4.3
—विदेशी मुद्रा रिजर्व (स्वर्ण एवं विशिष्ट आहरण अधिकारों को छोड़कर)	रु० करोड़	5,787	6,605	(-)12.4
—विदेशी ऋण (बकाया वर्ष की समाप्ति पर)	रु० करोड़	71,240	68,831	3.5
—कुल ऋण शोधन	रु० करोड़	8,133	7,036	15.6
—मुद्रा पूर्ति (मुद्रा[3])	रु० करोड़	2,28,330	1,91,231	19.4
—बैंक प्रदत्त उधार	रु० करोड़	1,00,539	84,719	18.7
—वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमा	रु० करोड़	1,66,065	1,40,150	18.5
—थोक मूल्य सूचक (औसत)	1981-82=100	165.0	154.3	6.9
—औद्योगिक कामगारों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचक (औसत)	1982=100	173.4	162.8	6.5
—मुद्रा स्फीति दर (उ० मू० सूच-कामगार पर आधारित) (बिन्दु से बिन्दु आधार पर)	प्रतिशत	6.6	8.5	

(ख) निवेश वातावरण और पूंजी बाजार

1.07 अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों, विशेषकर कृषि और अवस्थापना, द्वारा 1988-89 में बेहतर कार्य-निष्पादन के कारण 1989-90 में निवेश वातावरण अत्यधिक उत्साहवर्धक रहा। सारणी-2 में कैलेण्डर वर्ष 1988 तथा 1989 में औद्योगिक निवेश वातावरण के परिवर्ती सूचकों के उपलब्ध आंकड़े दिए गए हैं।

सारणी 2 : औद्योगिक निवेश वातावरण के चुनिंदा सूचक

सूचक	इकाईयां	1989 (जनवरी–दिसम्बर),	1988 (जनवरी–दिसम्बर),	1989 में 1988 की तुलना में प्रतिशत अन्तर
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
—विदेशी सहयोग	संख्या	605	926	(–) 34.7
—अनुमोदित विदेशी निवेश	रु० करोड़	316.67	239.76	32.1
—जारी किए गए आशय पत्र	संख्या	1,182	1,083	9.1
—प्रदान किए गए औद्योगिक लाइसेंस	संख्या	418	360	16.1
—लाइसेन्समुक्ति व्यवस्था के अधीन रजिस्ट्रेशन	संख्या	1,203	1,352	(–) 11.0
—विमुक्त उद्योग रजिस्ट्रेशन स्कीम के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन (जून 1988 से प्रारम्भ)	संख्या	922	114	708.8
—100 प्रतिशत निर्यातोन्मुख इकाइयों को स्वीकृति–पत्र	संख्या	31	305	.4.6
—अप्रवासी भारतीयों के आवेदनों पर विशिष्ट स्वीकृतियां	संख्या	42	102	(–) 58.8
—तकनीकी विकास निधि के योजनान्तर्गत स्वीकृतियां	संख्या	125*	183*	(–) 31.7
—पूंजी–माल निर्बाधता	रु० करोड़	1,298.37	1,084.20	19.8
—पूंजी निर्गमों के लिए अनुमतियां (बोनस निर्गम सहित)	रु० करोड़	12,217@	8,243@	48.2
—पूंजी निर्गम	रु० करोड़	10,772@	5,066@	112.6

*आंकड़े अप्रैल—दिसम्बर तक @आंकड़े अप्रैल—मार्च के आधार पर हैं

1.08 उपर्युक्त आंकड़ों से यह देखा जा सकता है कि जारी किए गए आशय–पत्रों/प्रदान किए गए औद्योगिक लाइसेंसों और प्रदान किए गए अन्य अनुमोदनों में स्पष्ट रूप से उत्साहवर्धक रुख रहा। विशेष रूप से अनुमोदित किए गए पूंजी निर्गमों के मामले में यह वृद्धि पिछले वर्ष इसी अवधि से 70% से भी अधिक रही। 1989–90 के दौरान पूंजी और स्टाक बाजार कुल मिलाकर उत्साहवर्धक रहा। वर्ष 1988–89 में 5,066 करोड़ रुपये की तुलना में 1989–90 में पूंजी बाजार से अनुमानित 10,772 करोड़ रुपये की राशि उगाही गई। यह स्थिति कुछ हद तक 1988–89, में निगमित क्षेत्र के बेहतर वित्तीय कार्य–निष्पादन, पूंजी बाजार में संस्थानात्मक निवेशकों, पारस्परिक निधियों (म्युचुअल फण्ड्स), उद्यम पूंजी निधियों (वेन्चर कैपीटल फन्ड्स) आदि की उपस्थिति तथा कई मेगा निर्गमों के बाजार में आने के कारण संभव हुई।

1.09 सरकार ने पूंजी बाजार में संरचनात्मक सुधार लाने के लिए अनेक उपाय किए। पूंजी बाजार से संसाधनों को जुटाने के लिए इस वर्ष अनेक वित्तीय मध्यस्थों तथा अभिनव वित्तीय प्रलेखों का भी अभ्युदय हुआ। वर्ष के दौरान, पूंजी निर्गम नियंत्रक ने मार्गनिर्देशों की घोषणा की, जिनके अन्तर्गत डिबेंचर जारी करके परियोजना वित्त प्राप्त करने वाली कम्पनियों के लिए यह अनिवार्य कर दिया गया, कि वे अपनी परियोजनाओं का वित्तीय संस्थान से मूल्यांकन करायें, चाहे वे उस वित्तीय संस्थान से सहायता प्राप्त करें या न करें। बड़े आकार अर्थात् 50 करोड़ रुपये या अधिक के पूंजी निर्गमों द्वारा एकत्रित की गई निधियों के उपयोग पर वित्तीय संस्थानों द्वारा नजर रखी जानी भी सुनिश्चित हुई। सार्वजनिक निर्गम के अधीन 25 प्रतिशत राशि, आवेदन पर, 25 प्रतिशत राशि आबंटन पर और शेष राशि, पहले ही एकत्रित की गई निधियों के उपयोग पर नजर रखने वाले उपर्युक्त वित्तीय संस्थान की संतुष्टि पर, दो या अधिक बार के अनुरोध पर अब एकत्रित की जा सकती है। पूंजी बाजार को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिये निर्गमों की अवधि 24 मास से घटाकर 12 मास कर दी गई। वर्ष के दौरान रिजर्व बैंक ने भी बैंकों द्वारा परस्पर निधि (म्युचुअल फंड) के परिचालन हेतु मार्ग निर्देश जारी किए। वर्ष की समाप्ति पर जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार मर्चेन्ट बैंकरों से यह कहा गया, कि वे अपने कारोबार चलाने के संबंध में भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड से प्राधिकार प्राप्त करें।

1.10 भारतीय रिजर्व बैंक का साधारण शेयर मूल्यों का अखिल भारतीय सूचकांक (आधार : 1980-81=100) दिनांक 27 जनवरी, 1990 को 384.9 तक पहुंच गया जो कि 25 मार्च, 1989 को निर्धारित सूचकांक 308.2 से 25% अधिक था । इकनामिक टाइम्स (अखिल भारतीय) सूचकांक (1984-85=100) 28 फरवरी, 1990 को इक्विटी शेयरों हेतु 392.4 था, जो 28 फरवरी, 1989 के पिछले वर्ष के सूचकांक 375.3 से 9.8% अधिक था ।

1.11 पूंजी बाजार के आशावादी दिखाई देने का एक अन्य सकारात्मक पहलू सभी वित्तीय संस्थानों अर्थात भाऔविबैं, भाऔविनि, भाऔसानिनिलि, भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, साधारण बीमा निगम, राज्य वित्तीय निगमों, राज्य औद्योगिक विकास निगमों द्वारा मंजूर की गई वित्तीय सहायता में समग्र वृद्धि थी, जो 1988-89 में 53.7% की अधिकतम वृद्धि से 3.2% अधिक रही । इसी प्रकार, उपर्युक्त वित्तीय संस्थान द्वारा किए गए संवितरण पिछले वर्ष किए गए संवितरणों में 33.3% की वृद्धि से 9.5% अधिक रहे ।

(ग) औद्योगिक परिदृश्य

नीतिगत पहलू

1.12 औद्योगिक नीति संबंधी अभिक्रम (क) क्षमता सृजन को सुविधाजनक बनाने, (ख) उत्पादन विस्तार को सुविधाजनक बनाने, और (ग) प्रक्रियात्मक रुकावटें दूर करने के उपायों की दिशा में पहल करते रहे ।

1.13 औद्योगिक उपक्रमों में सरलतापूर्वक प्रवेश अथवा उनके विस्तार के लिए उद्योगों को लाइसेंस मुक्त करने पर पिछले कुछ समय से विशेष जोर दिया जाता रहा है । वर्ष के दौरान, जिन उद्योगों के लिए औद्योगिक लाइसेंस की आवश्यकता नहीं थी, उनकी सूची में गैर-एम० आर० टी० पी०/गैर-फेरा कम्पनियों के लिए 31 उद्योग शामिल किए गए । 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार, पिछड़े क्षेत्रों के लिए एम० आर० टी० पी०/फेरा कम्पनियों के लिए लाइसेंस मुक्त उद्योगों की संख्या 72 हो गई । इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान, एम० आर० टी० पी०/फेरा कम्पनियों तथा गैर-एम० आर० टी० पी०/ गैर-फेरा कम्पनियों सहित सभी औद्योगिक उपक्रमों के लिए ऑटोमोबाइल टायरों और ट्यूबों को विनिर्दिष्ट स्थान निर्धारण नीति की शर्तों के अधीन लाइसेंस मुक्त कर दिया गया । जून 1988 में घोषित की गई लाइसेंस से छूट की सुविधा में इस वर्ष के दौरान अनिवार्य लाइसेंस के अधीन की मदें भी शामिल कर ली गईं, परन्तु इन्हें लघु क्षेत्र, बुनाई की इकाइयों, जहां 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति काम करते हों, और संचार उपस्कर, औद्योगिक नियंत्रण उपकरण प्रणाली, कम्प्यूटर फेरीफेरल्स, आदि के मुख्य कार्य के अधीन आने वाली विभिन्न मदों के लिए आरक्षित रखा गया ।

1.14 वर्ष 1989-90 के दौरान 24 और उद्योगों के शामिल किए जाने से न्यूनतम आर्थिक क्षमता योजना के अधीन उद्योगों की कुल संख्या 109 हो गई । प्रतिस्थापित क्षमता के अधिकतम उपयोग हेतु उद्योगों का विस्तार करने की योजना तथा बाजार मांग के अनुसार उनके मिश्रित उत्पादन का समायोजन करने के लिए निर्माताओं को उपलब्ध कराई गई सुविधा में ग्लास फाइबर तथा कृत्रिम रेशे उद्योगों को शामिल किया गया ।

मार्च, 1990 तक विस्तृत-वर्गीकरण योजना में 46 उद्योग शामिल किए गए ।

1.15 चीनी लाइसेंसिंग नीति* के अधीन दूरी और क्षमता विषयक मानदण्डों में सार्वजनिक और सहकारी क्षेत्र की नई चीनी फैक्टरियों को छूट प्रदान की गई । इस छूट के अधीन सहकारी और सार्वजनिक क्षेत्रों में नई चीनी इकाइयां 1,750 टन प्रतिदिन की प्रारंभिक गन्ना पिराई क्षमता से स्थापित की जा सकती हैं, बशर्ते कि उत्पादन प्रारम्भ करने के पांच वर्ष की अवधि में उनकी क्षमता 2,500 टन प्रतिदिन तक बढ़ा दी जाए । 40 कि०मी० की विशेष दूरी की शर्त को घटाकर 25 कि० मी० कर दिया गया; नई चीनी इकाइयों हेतु पर्याप्त गन्ने की उपलब्धता को समग्र रूप से मार्गदर्शक सिद्धांत माना गया ।

1.16 वस्त्र उद्योग के मामले में, ओपन-एण्ड-रोटर/एयर जेट स्पिनिंग इकाइयों सहित तकुओं के अन्तरण हेतु विद्यमान संपरिवर्तन अनुपात की समीक्षा की गई । ओपन-एण्ड-रोटरों या एयर जेट स्पिनिंग इकाइयों द्वारा तकुओं के अन्तरण में अब तक चल रहे 5 : 1 की जगह 1 :1 का अनुपात तथा इसके विलो की अनुमति दी जा सकती है ।

1.17 किसी तैयार उत्पाद और उपभोग हेतु निर्माण संघटक और उनके पुर्जों के लिए जिन औद्योगिक उपक्रमों को लाइसेंस प्रदान किए गए या रजिस्टर्ड किए गए हों, उनके अपने उपभोग से अधिक संघटकों और पुर्जों की मर्चेन्ट बिक्री की अनुमति दी गई, बशर्ते घरेलू बाजार में इस प्रकार की मर्चेन्ट बिक्री तैयार माल की आय के 25% से अधिक न हो ।

1.18 कोल्ड रोल्ड स्ट्रिप्स/शीट्स के निर्माण हेतु इस्पात उद्योग में नयी क्षमताओं के लाइसेंसीकरण को उदार बनाया गया । साइकिल, सूक्ष्म औजार और कोटेड स्टील स्ट्रिप्स/शीट्स के निर्माताओं को विभिन्न शर्तों के अधीन उनके प्रयोग के लिए कोल्ड रोल्ड स्ट्रिप्स/शीट्स के निर्माण की अनुमति दी गई । इसी प्रकार, जिन मिश्रित इकाइयों को अग्रिम, एकीकरण के रूप में हाट रोल्ड स्ट्रिप्स/शीट्स की अनुमति प्राप्त थी, उनके अपने उत्पादन के आधार पर कोल्ड रोल्ड स्ट्रिप्स/शीट्स का उत्पादन करने की अनुमति दी गई । सरकार ने उद्योग की प्रक्षेपित मांग को पूरा करने के लिए फेरो-निकल और फेरो-सिलिकान की अतिरिक्त क्षमता के सृजन की भी अनुमति दी ।

1.19 औद्योगिक परियोजनाओं के निर्बाध और त्वरित कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से प्रशासनिक पद्धति को सरल बनाने के लिए अनेक उपाय किए गए । विदेशी निवेश बोर्ड को और अधिक शक्तियां प्रत्यायोजित की गईं, तथा जिन मामलों में, इक्विटी भागीदारी में प्रतिशत अपरिवर्तित रहे हों, उनमें विदेशी इक्विटी की राशि में निवेश तथा परिवर्तनों का अनुमोदन करने के लिए प्रशासनिक मंत्रालयों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गईं ।

1.20 लघु, ग्राम और कृषि पर आधारित उद्योगों में तेजी लाने के लिए प्रमुख नीतिगत पहल के रूप में, लघु कृषि और ग्रामीण उद्योग के नए विभाग की स्थापना की गई । खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग अधिनियम के अधीन ग्रामोद्योग के कार्यक्षेत्र को विस्तृत करने के लिए 26 उद्योगों की विद्यमान सूची में 34 नए ग्रामोद्योग शामिल किए गए ।

औद्योगिक उत्पादन की प्रवृत्ति

1.21 औद्योगिक उत्पादन का मासिक शासकीय सूचकांक 1989–90 में पिछले महीनों की इसी अवधि की तुलना में निरन्तर बढ़त दर्शाता रहा, जैसा कि सारणी–3 से स्पष्ट है, तथापि प्रथम सात महीनों की विकास दर 8% के औसत लक्ष्य से कम रही । औद्योगिक उत्पादन का औसत सामान्य सूचकांक (आधार 1980–81=100), जो 1985–86 में 142.1, 1986–87 में 155.1, 1987–88 में 166.4 और 1988–89 में 181.1 था, अनुमानतः 193.6 तक ही पहुंच सका, जो 1989–90 में केवल 6.9% का समग्र विकास दर्शाता है ।

सारणी 3: औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक

आधार 1980–81=100

मास	1989-90	1988-89	प्रतिशत अन्तर
(1)	(2)	(3)	(4)
अप्रैल	177.5	169.9	4.5
मई	175.7	173.3	1.2
जून	181.3	179.1	1.2
जुलाई	178.5	169.6	5.2
अगस्त	181.3	169.4	7.0
सितम्बर	183.3	171.6	6.8
अक्तूबर	185.5	174.6	6.2
नवम्बर	198.4	181.0	9.6
दिसम्बर	211	194.5	8.7
जनवरी	215.3	192.8	11.7
फरवरी	206.3	186.3	10.7
मार्च	228.7	211.1	8.3
अप्रैल से मार्च के दौरान औसत	193.6	181.1	6.9

1.22 औद्योगिक उत्पादन की क्षेत्रवार प्रवृत्ति, वर्ष 1988–89 की (वास्तविक) और 1989–90 की (अनुमानित), सारणी–4 में दी गई है । यद्यपि "खान" और खनन ने पिछले वर्ष की 7.8% की तुलना में 6.7% की विकास दर प्राप्त की, "विद्युत उत्पादन" में विकास दर पिछले वर्ष की 9.4% की तुलना में 10.8% रही । वस्तुतः प्रमुख अधिस्थापना क्षेत्र ने (जो प्रसंगवश अधिकांशतः सार्वजनिक क्षेत्र में है) आमतौर पर ठीक ही कार्य-परिणाम दिए । विद्युत उत्पादन, कच्चे पैट्रोलियम और पैट्रोलियम उत्पादों, कोयले और लिग्नाइट उत्पादन, सीमेंट, नाइट्रोजनस खाद, रेलवे राजस्व अर्जन यातायात और दूर–संचार—सभी के विकास की गति प्रायः अच्छी रही । केवल फास्फेटिक खाद और बिक्री योग्य इस्पात (मुख्य संयंत्रकों) के उत्पादन में गिरावट आई । फास्फेटिक खाद के मामले में यह गिरावट आयातित फास्फोरिक एसिड की कमी तथा बिक्री–योग्य इस्पात के मामले में यह कमी आपूर्ति से संबंधित विशिष्ट कारणों से हुई ।

सारणी 4: औद्योगिक उत्पादन में क्षेत्रवार प्रवृत्ति

आधार 1980–81=100

भार	क्षेत्र	पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि 1989-90* अप्रैल-मार्च	1988-89 अप्रैल-मार्च
(1)	(2)	(3)	(4)
11.46	खनन एवं खदान	6.7	7.8
77.11	विनिर्माण	6.4	8.9
11.43	बिजली	10.8	9.4
100.00	समस्त उद्योग	6.9	8.8

1.23 राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण के 2 अंकों वाले स्तर में 17 प्रमुख औद्योगिक समूहों में से, औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक में 59.5% के संयुक्त भार सहित 13 उद्योग समूह (अर्थात् पेय–पदार्थों, तम्बाकू और तम्बाकू उत्पाद, सूती वस्त्र, वस्त्र उत्पाद, कागज और कागज के उत्पाद, चमड़ा और चमड़ों के उत्पाद, रबड़, प्लास्टिक, पैट्रोलियम और कोयला–उत्पाद, रसायन और रसायन उत्पाद, अलौह खनिज उत्पाद, धातु उत्पाद तथा पुर्जे, मशीनें और मशीनों के औजार, बिजली मशीनरी और उपयंत्र, परिवहन उपस्कर और अन्य विनिर्माण उद्योग) ने सकारात्मक विकास किया । केवल चार समूहों अर्थात् खाद्य उत्पाद, पटसन और पटसन उत्पाद, लकड़ी और लकड़ी उत्पाद तथा मूल धातुओं के उत्पादन में गिरावट आयी ।

1.24 सारणी–5 में बड़े उपयोग–आधारित समूहों के रूप में वर्गीकृत 155 चुनिंदा उद्योगों की विकास दर दी गई है ।

सारणी 5 : उपयोग आधारित औद्योगिक समूह उत्पादन सूचकांकों पर आश्रित विकास दरें

आधार 1980–81=100

उद्योग–समूह	भार	पिछले वर्ष की तुलना में सूचकांक में प्रतिशत वृद्धि 1985–86	1986–87	1987–88	1988–89	1989–90*
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1. मूल माल उद्योग	39.4	6.8	9.2	9.6	9.9	4.7
2. पूंजी माल उद्योग	16.4	10.6	18.2	15.9	7.4	9.1
3. मध्यवर्ती माल उद्योग	20.5	7.5	4.4	4.8	11.5	2.2
4. उपभोक्ता माल उद्योग						
—उपभोक्ता टिकाऊ माल	2.6	18.7	18.9	7.8	22.1	0.8
—उपभोक्ता उपभोज्य माल	21.1	11.5	4.9	6.2	2.4	5.9

टिप्पणी :—*1989–90 में 1988–89 की तुलना में प्रतिशत वृद्धि अप्रैल—नवम्बर की अवधि के आंकड़ों पर आधारित है ।

1.25 जैसा कि उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है, 1988-89 में आयात- गहन उपभोक्ता टिकाऊ सामान और मध्यवर्ती माल ने औद्योगिक प्रगति के क्षेत्र में समग्र विकास में बड़ा योगदान दिया था। यह एक ऐसी औद्योगिक उत्पादन पद्धति दर्शाता था, जिसका समाज के समृद्ध वर्ग की ओर ज्यादा झुकाव था। वर्ष 1989-90 में पिछले पांच वर्षों के दौरान पहली बार यह पद्धति बदल गई, जिससे पूंजीगत माल और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ सामान को, जिसे स्थायी आर्थिक मूलाधार कहा जा सकता है, महत्वपूर्ण स्थान मिला।

1.26 जहां तक क्षमता उपयोग तत्व का संबंध है, इसमें संदेह नहीं है कि उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के मामले में वर्ष 1989-90 में क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं किया जा सका। पूंजीगत माल और उपभोक्ता गैर-टिकाऊ सामान उद्योग क्षेत्र में, क्षमता उपयोग में विशिष्ट सुधार हुआ। अन्य उद्योगों के संबंध में क्षमता उपयोग में सुधार बहुत मामूली या सीमान्तक रहा। इस रिपोर्ट के परिशिष्ट-I में वर्ष 1989-90 के लिए साठ चुने हुए औद्योगिक उत्पादों की प्रतिस्थापित क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग और उनके संबंध में भाऔविनि की 525 वित्तपोषित संस्थाओं से संबंधित आंकड़े, उनसे प्राप्त निष्पादन रिपोर्टों के आधार पर दिए गए हैं।

औद्योगिक इकाइयों की वित्तीय प्रगति

1.27 सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र में कार्यरत अधिकांश औद्योगिक इकाइयों के लिए (जिनके खाते 31 मार्च, 1989 या उससे पूर्व बंद हो चुके थे) 1988-89 का वर्ष, आमतौर पर बेहतर वित्तीय प्रगति का वर्ष रहा। सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो ने ऐसी 222 सार्वजनिक क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों का सर्वेक्षण किया, जिससे यह पता चलता है कि 60% इकाइयों ने 75% से अधिक और, 20% इकाइयों ने 50 से 75% तक क्षमता का उपयोग किया, केवल 20% इकाइयां ऐसी थी जिनमें 50% से कम क्षमता का उपयोग हुआ। इन इकाइयों द्वारा लगाई गई पूंजी लागत पर सकल लाभ (अर्थात् ब्याज और कर-पूर्व लाभ) 12.7% रहा, जबकि पूंजी लागत से निवल लाभ का अनुपात 4.4% था। वर्ष 1987-88 की अपेक्षा वर्ष 1988-89 में इन उद्यमों में सकल-मूल्य में 25.4% का परिवर्धन हुआ। सार्वजनिक उपक्रमों के कार्य का एक विशिष्ट पहलू अनुसंधान और विकास पर व्यय था। वर्ष 1987-88 में अनुसंधान और विकास पर किए गए व्यय की तुलना में 1988-89 में 44% की वृद्धि हुई।

1.28 निजी निगमित क्षेत्र की कम्पनियों में भी, सेन्टर फार मानीटरिंग इंडियन इकानमी द्वारा 397 चुने हुए उद्यमों का प्रतिदर्श अध्ययन करने से यह ज्ञात हुआ कि वर्ष 1988-89 के दौरान पूंजी लागत पर आय, जोकि ब्याज और कर-पूर्व लाभ और कुल निवल परिसम्पत्तियों पर कर के अनुपात से परिमेय है, 10.4% रही। वर्ष 1988-89 में कुल इक्विटी और अधिमान शेयर पूंजी पर लाभांश 17.3% रहा, जो इससे पिछले वर्ष 12.2% था। वर्ष 1988-89 के दौरान जिन निजी क्षेत्र इकाइयों का अध्ययन किया गया, उनमें जोड़ा गया निवल मूल्य उनके सकल उत्पादन मूल्य का 21% था।

1.29 जहां तक उद्योगवार स्थल का सम्बन्ध है, अध्ययन से यह पता चलता है कि 1988-89 के दौरान मूल औद्योगिक रसायन समूह ने सकल बिक्री पर 13.2 प्रतिशत का उच्च परिचालन लाभ प्राप्त किया। कागज और कागज उत्पादन करने वाली इकाइयों ने भी पिछले दो वर्षों में निवल हानि उठाने के पश्चात् 1988-89 के दौरान निवल लाभ अर्जित किया। वर्ष 1988-89 में शेयरधारी पूंजी पर भी लाभ दर तेजी से बढ़कर एल्यूमिनियम, लोहा और इस्पात और गैर विद्युत मशीनें निर्माण करने वाली कम्पनियों के मामले में 16 प्रतिशत व इससे अधिक तथा टायर और ट्यूब कम्पनियों के मामले में 21 प्रतिशत रही।

1.30 1989-90 वर्ष के लिए, यद्यपि औद्योगिक संस्थाओं के अन्तिम परिणाम अभी तक प्रकाशित नहीं हुए हैं, तथापि अपेक्षा की जाती है कि वस्त्र (कताई), मूलभूत रसायन, दवाइयां तथा औषधि, टायर और ट्यूबें, कागज, लोहा और इस्पात, गैर-विद्युत और विद्युत मशीनें और धातु उत्पाद और पुर्जों से सम्बन्धित औद्योगिक संस्थानों के द्वारा पिछले वर्ष की अपेक्षा बहतर कार्य-परिणाम सामने आयेंगे। पटसन, मूलभूत धातु, शीशा और शीशा उत्पाद, खाद्य उत्पाद, लकड़ी और लकड़ी उत्पाद, आदि से सम्बन्धित औद्योगिक समूहों में अधिकांश इकाइयों के कार्य परिणाम निर्बल रहने की संभावना है, जबकि शेष उद्योगों में काफी हद तक संतोषजनक वित्तीय कार्य-परिणाम संभावित है।

(घ) सातवीं योजना (1985-90)

—एक सिंहावलोकन

1.31 1989-90 का वर्ष सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985-90) का अंतिम वर्ष था। अतः यह उचित होगा कि सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था की व्यापक रूपरेखा में हुए परिवर्तनों का मूल्यांकन किया जाए। अनेक प्रतिकूल घटनाओं के बावजूद, इस अवधि के दौरान देश की अनेक उपलब्धियां उल्लेखनीय रहीं। समग्र वार्षिक विकास दर लक्ष्य से कुछ अधिक 5.6% प्रतिवर्ष होने की आशा है। कृषि उत्पादन में औसतन 3.5% प्रतिवर्ष विकास होने की संभावना है। इस उपलब्धि की विशेषता यह है कि मुख्य रूप से प्रति हैक्टेयर उपज के वृद्धि के कारण ऐसा संभव हो सका है।

1.32 सातवीं योजना में औद्योगिक क्षेत्र में औसत वार्षिक विकास दर 8 प्रतिशत की परिकल्पना की गई थी। सातवीं योजना के प्रथम चार वर्षों में प्राप्त विकास दर लगभग 8.9 प्रतिशत प्रतिवर्ष रही, और 1989-90 में 6.9 प्रतिशत की संभावित विकास दर से, योजना के अनुरूप, उद्योग में करीब-करीब 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष के आस-पास विकास दर का लक्ष्य भी प्राप्त हो जाना चाहिए।

1.33 अवस्थापना क्षेत्र में, प्राप्तियां अत्यधिक प्रशंसनीय रही हैं। विद्युत उत्पादन में छठी योजना अवधि के दौरान प्राप्त की गई 8.4 प्रतिशत की विकास दर की तुलना में सातवीं योजना में लगभग 9.3 प्रतिशत की औसत विकास दर प्राप्त होने की आशा है। विद्युत क्षेत्र में प्रतिस्थापित क्षमता में बढ़ोतरी भी लगभग लक्ष्य के स्तर तक प्राप्त कर ली गई है। छठी योजना अवधि में विद्युत उत्पादन की प्रतिस्थापित क्षमता लक्ष्य में 27.7 प्रतिशत की कमी को ध्यान में रखते हुए वास्तव में यह वृद्धि उल्लेखनीय है। सातवीं योजना अवधि में, कोयले के उत्पादन में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और कोयले की कमी अब प्रायः अतीत की बात हो गई है। निधियों में कमी और रेल के डब्बे और मालवाहकों की संख्या कम होने के बावजूद, रेलवे ने छठी योजना के दौरान प्राप्त 4.1 प्रतिशत प्रति वर्ष की वृद्धि दर की तुलना में, माल यातायात में सातवीं योजना के दौरान 5.7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की वृद्धि दर प्राप्त की। एकमात्र महत्वपूर्ण अवस्थापना क्षेत्र, जिसमें संभवतः देश पीछे रह सकता है—वह है, कच्चे तेल के उत्पादन का लक्ष्य। छठी योजना अवधि में कच्चे तेल के उत्पादन में 19.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, जबकि सातवीं योजना में केवल 3.4 प्रतिशत प्रतिवर्ष की ही वृद्धि हुई। कच्चे तेल और तेल-उत्पादों का निवल आयात, जो 1979-80 में किए गए 20.76 मिलियन टन के आयात से घटाकर 1984-85 में 12.32 मिलियन टन कर दिया गया था, फिर 1988-89 में बढ़कर 21.88 मिलियन टन हो गया।

1.34 बेहतर कृषि और अवस्थापना, औद्योगिक विकास और उदारीकरण से सातवीं योजना अवधि के दौरान कारोबार में आमतौर पर सुधार हुआ। पूंजी निर्गमों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई जो 1984-85 (जुलाई-जून) में 1,452 करोड़ रुपए के सात गुणा से भी अधिक बढ़कर 1989-90 (अप्रैल-मार्च) में 10,772 करोड़ रुपए हो गए। नए उद्यमियों का उत्साह काफी बढ़ा और सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही, कि बड़ी संख्या में महिलाएं अपने बल पर नए औद्योगिक उपक्रम स्थापित करने के लिए सामने आयीं। प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने काफी महत्वाकांक्षी बने रहे, और पूंजी बाजार में मेगा निर्गमों का प्रचलन शुरू हुआ। म्युचुअल फंड, वेंचर फंड, बट्टा गृह, फैक्टोरिंग सेवाएं, प्रौद्योगिकी वित्त, पर्यटन वित्त, आवास वित्त, आदि नई तथा विविध स्वरूप के संस्थान सातवीं योजना अवधि में अपने अस्तित्व में आए। शेयर और पूंजी बाजारों के स्वस्थ विकास की व्यवस्था अतिवार्यतः करनी पड़ी। निक्षेप प्रमाण पत्र और वाणिज्यिक पत्र जैसे नए मुद्रा बाजार प्रलेख शुरू किए गए, और बचत के लिए आकर्षक पहलुओं वाले विभिन्न नए कार्यक्रम नवीन मुद्रा और वित्तीय नीतियों के भाग बन गए। अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों की उधार देने की दरों में लोच और तत्पश्चात् पूंजी बाजार दरों पर ब्याज की सीमा हटाने से एक प्रकार से अप्रत्यक्ष रूप से पूर्ण विनियंत्रण हुआ, और पूंजी बाजार में लेनदेन को अत्यधिक पारदर्शिता प्रदान की गई।

1.35 सातवीं योजना में औसत वास्तविक सकल पूंजी निर्माण 6.1 प्रतिशत होने की संभावना है, जो छठी योजना अवधि में प्राप्त की गई 3.3% प्रतिवर्ष की दर से काफी बेहतर है। सातवीं योजना में सार्वजनिक क्षेत्र में वास्तविक सकल पूंजी निर्माण के मूल योजना के 94 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। आशा है कि सातवीं योजना अवधि के दौरान निजी क्षेत्र का निवेश भी सार्वजनिक क्षेत्र के निवेश के लगभग बराबर ही होगा।

1.36 इन उपलब्धियों के साथ-साथ ही सातवीं योजना अवधि को चार समस्या क्षेत्रों को भी देखना पड़ा, जो हैं—भुगतान संतुलन, राजस्व में घाटा, मुद्रास्फीति और बेरोजगारी में वृद्धि। व्यापार असंतुलन, जो एक समय छठी योजना में 6,000 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष था, सातवीं योजना में बढ़कर एक समय में 8,000 करोड़ रुपए से अधिक जा पहुंचा। निवल अदृश्य राशियों में कमी आई, और ऋण सेवा अनुपात 1980-81 में 9 प्रतिशत से बढ़कर 1988-89 में 23 प्रतिशत हो गया। बाह्य सहायता, बाह्य वाणिज्यिक उधार और अनिवासी भारतीय निधि ऋणों सहित विदेशी ऋण जो 1984-85 में 37,725 करोड़ रुपए था, 1988-89 में बढ़कर 68,831 करोड़ रुपए हो गया। इस संदर्भ में, प्रसन्नता की बात केवल यह है, कि निर्यात में विशेषतः सातवीं योजना अवधि के अंतिम तीन वर्षों के दौरान, मूल्य की दृष्टि से, औसतन 30 प्रतिशत से अधिक की प्रतिवर्ष की दर से वृद्धि हुई।

1.37 सातवीं योजना की पांच वर्षों की सम्पूर्ण अवधि के दौरान, बजट में चालू खाते में घाटा बना रहा। राजस्व घाटा और पूंजीगत व्यय, दोनों को ही, पर्याप्त सीमा तक उधारों और घाटे की वित्तव्यवस्था द्वारा पूरा करना पड़ा, परिणामतः सातवीं योजना अवधि के दौरान समग्र घाटे की वित्तव्यवस्था 35,000 करोड़ रुपए, योजना में निर्धारित स्तर से लगभग ढाई गुणा अधिक संभावित है।

(ङ) आठवीं योजना के लिए प्राथमिकता क्षेत्र और नीतियां (1990-95)

1.38 सातवीं योजना के अंतिम वर्ष में सरकार द्वारा किया गया प्रमुख उपाय चालू आर्थिक स्थिति और कार्रवाई के लिए प्राथमिकता क्षेत्रों पर एक श्वेत पत्र प्रस्तुत करना था। यह पत्र इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि इसमें चालू आर्थिक स्थिति पर गहन (शक्तियों, कमजोरियों, अवसरों तथा खतरों के संबंध में) विश्लेषण किया गया है, और की जाने वाली कार्रवाई के लिए प्राथमिकता क्षेत्रों को सुझाया गया है, ताकि विद्यमान संरचनात्मक असंतुलनों को दूर किया जा सके। श्वेत पत्र में सुझाए गए प्रत्यक्ष प्रासंगिक कार्य-बिन्दु इस प्रकार हैं :—

— जनसंख्या-वृद्धि की दर में कमी, केवल परिवार-नियोजन उपायों के द्वारा ही नहीं, अपितु महिला शिक्षा, मातृत्व देख-भाल तथा शिशु-स्वास्थ्य, तथा महिला रोजगार पर विशेष ध्यान देते हुए।

— देश की भावी आर्थिक विकास नीति के केन्द्र-बिन्दु के रूप में लाभप्रद रोजगार की व्यवस्था।

— कृषि विकास के लक्ष्य को उच्च तथा कम अस्थिर दरों पर रखा जाना, तथा फसल एवं क्षेत्रों की दृष्टि से विशाखित किया जाना ।

— कृषि अनुसंधान, विस्तार और समर्थन प्रणाली द्वारा अति-वृष्टि तथा बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में कृषि की ओर अधिक ध्यान दिया जाना ।

— उपभोक्ता वस्तुओं की अपेक्षा मजदूरी दिलाने वाली आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन पर अधिक ध्यान देकर औद्योगिक विकास हेतु विशाखन पद्धति को अपनाना ।

— उत्पादों की उपयुक्त प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता पर ध्यान केन्द्रित करके पूंजीगत माल और मध्यवर्ती माल की ओर अधिक ध्यान दिया जाना ।

— अवस्थापना के एकीकरण और संप्रेषण-प्रणाली को महत्वपूर्ण मदों में और अधिक निवेश किया जाना ।

— गैर-विकासशील व्यय में वृद्धि पर नियंत्रण रखा जाना ।

— यह सुनिश्चित करते हुए कि गरीबी उन्मूलन उपसहायता पूर्ण रूप से गरीबों के लाभ के लिए केन्द्रित हो, तथा इनके परिणामों के अनुसार प्रवर्तन उप-सहायता पूर्णत: युक्तिसंगत हो, उपसहायता पर और अधिक नियंत्रण ।

— बेहतर राजस्व प्रबन्ध, गैर-कर राजस्व को अधिकतम करना तथा वित्तीय विकास में संतुलन ।

— विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाले निर्यातों को तीव्रता से बढ़ाने के लिए विशेष प्रयत्न करना तथा आयात गहन निर्यातों की घरेलू संसाधन लागत तथा उच्च लागत की स्थिति में वित्तीय सहायता तथा आयात गहन निर्यातों को हर संभव सीमा तक कम किया जाना ।

— प्रभावी आयात प्रतिस्थापन के संवर्धन में सहायता के लिए गतिशील औद्योगिक नीति का निर्धारण तथा स्पष्ट रूप से प्राथमिकता निर्धारित करके काफी सोच-समझ कर आयात किया जाना ।

उपर्युक्त प्राथमिकताओं वाले क्षेत्रों को कार्यवाही के लिए ध्यान में रखते हुए सरकार ने आठवीं योजना (1990–95) के प्रति सम्पूर्ण दृष्टिकोण के पुनरावलोकन के लिए कदम उठाया हुआ है ।

(च) 1990–91 के लिए संभावनाएं

1.39 1990–91 के बजट में मुद्रास्फीति और घाटे की वित्तव्यवस्था दोनों को दृढ़तापूर्वक नियंत्रित करने के निश्चित प्रयासों सहित रोजगार सृजन, गरीबी उन्मूलन तथा कृषि एवं उद्योग में तीव्रतर वृद्धि करने पर बल दिया गया है । निवेश योग्य संसाधनों की लगभग 50% राशि कृषि और ग्रामीण विकास की प्रगति में लगाने का प्रस्ताव है । उद्योग में तीव्रतर वृद्धि तथा अवस्थापना, विशेष रूप से विद्युत और परिवहन के संतुलित विकास सहित कृषि में श्रम को अधिकाधिक समाहित करने की एक नीति प्रस्तावित है । सरकार स्पर्धात्मक और गैर–एकाधिकार पूर्व वातावरण में औद्योगिक प्रगति को बढ़ाने के लिए भी वचनबद्ध है । अनुसंधान और विकास पर सरकारी खर्च, कृषि और उद्योग के लिए उपयुक्त प्रौद्योगिकियों का विकास गैर–परम्परागत और नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का विकास और अनेक रोजगार उन्मुख योजनाएं तथा कार्यक्रम वर्ष 1990–91 के बजट प्रस्तावों की अन्य प्रमुख विशेषताएं हैं ।

1.40 सरकार ने पहले ही निर्यात–आयात नीति 1990–93 की घोषणा कर दी है, जिसमें ऐसे निर्यात को परम अग्रता और विशेष प्रोत्साहन दिया गया है जिससे अत्यधिक निवल विदेशी मुद्रा अर्जित की जा सकती हो । इस योजना की मुख्य विशेषताओं में आयात–निर्यात पासबुक योजना समाप्त करना, प्रतिष्ठित विनिर्माता निर्यातकर्ताओं के लिए ब्लैंकेट एडवांस लाइसेंसिंग योजना आरंभ करना, "स्टार" ट्रेडिंग हाऊसिस के लिए एक नवीन योजना, सेवा क्षेत्र के लिए आयात अनुपूरक लाईसेंस की व्यवस्था शुरु करना, आयात लाईसेंसिंग और लदान पूर्व निर्यात प्रलेखन पद्धतियों का सरलीकरण, मान्यता प्राप्त अनुसंधान और विकास केन्द्रों के लिए उदार आयात सुविधा, निर्यात उत्पादन के लिए 25 प्रतिशत रियायती शुल्क पर पूंजीगत माल का आयात, वास्तविक प्रयोक्ता के लिए आटोमेटिक आयात लाईसेंसिंग योजना और अनुपूरक लाईसेंसिंग योजना के अधीन सीमित अनुमत्य तथा नान सेंसिटिव केनलाईज्ड कच्चे माल और उपस्करों के आयात में पूर्ण ढील शामिल है ।

1.41 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित वर्ष 1990–91 की पहली छमाही की साख नीति में भी अर्थव्यवस्था की अत्यावश्यक ऋण अपेक्षाओं को पूरा करते हुए द्रव्यता की वृद्धि और ऋण विस्तार पर नियंत्रण करने के महत्वपूर्ण प्रयास शामिल है । मांग मुद्रा बाजार के अस्थिर स्वरूप को नियंत्रित करने के लिए भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (भाऔविबैंक) राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) तथा भारतीय साधारण बीमा निगम (जी० आई० सी०) को ऋणदाताओं के रूप में मांग तथा अल्प सूचना मुद्रा बाजार में भागीदारी करने की अनुमति दी गई है । जमा प्रमाण–पत्र निर्गम तथा वाणिज्यिक पत्रों की शर्तों को उदार बनाया गया है तथा नगद आरक्षित अनुपात में कमी पर जुर्माना राशि में भी ढील दी गई है । एक निश्चित तिथि के रूप में दिनांक 23 मार्च, 1990 तक भारतीय रिज़र्व बैंक में रखी गई उपयुक्त नकद राशियों पर एक दोहरी ब्याज दर निरूपित की गई है । विदेशी और अप्रवासी खातों में दिनांक 28 जुलाई, 1990 से तथा निवल मांग एवं समयावधि देयता के सांविधिक द्रव्यता अनुपात में दिनांक 22 सितम्बर 1990 से वृद्धि सुनिश्चित की गई है । बैंकों को दिनांक 25 अगस्त, 1990 से वर्ष 1988–89 (और 1987–88 नहीं) के लिए मासिक औसत स्तर से निर्यात ऋण में 75 प्रतिशत की वृद्धि के बराबर निर्यात पुन: वित्तपोषण की अनुमति दे दी गई है । ऋण नियंत्रण के चुनिंदा क्षेत्र में, गेहूं के लिए दिए जाने वाले बैंक के सभी अग्रिमों पर न्यूनतम अतिरिक्त राशि के अंश को कम कर दिया गया है

सूत के लिए अग्रिम अतिरिक्त राशि के अंश पर पूरी छूट दी गई है, और जिन वस्तुओं के लिए ऋण सीमा की शर्त निर्धारित है, उनके मामले में आधार को दिनांक 16 अप्रैल, 1990 से दो वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष कर दिया गया है ।

1.42 सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था के केन्द्र बिन्दु के रूप में, कृषि क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली सुविचारित "कृषि नीति" को अपनाते हुए कृषि विकास का मूलाधार स्थापित करना चाहती है । "औद्योगिक नीति"* "और विदेशी निवेष नीति" को भी नए सिरे से देखने का इरादा है । पूंजी बाजार के समुचित विकास की प्रक्रिया और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों की भूमिका को भी सुदृढ़ बनाने का प्रस्ताव है । अर्थव्यवस्था में एक स्थिर पहलू के रूप में कार्य करने के लिए एक सुदृढ़ और उपयुक्त दीर्घकालीन राजस्व नीति की घोषणा शीघ्र ही की जानी है । इस बीच सरकार ने सुनिश्चित किया है कि देश के आर्थिक विकास के मुख्य प्रतिबोधित क्षेत्र हैं— (i) ग्रामीण विकास (ii) रोजगार की व्यवस्था (iii) प्रौद्योगिकी उन्नयन और (iv) निर्यात संवर्धन । वर्तमान चिन्तन की विद्यमान मुख्य विशेषता यह है कि निर्यात संवर्धन और निर्यातोन्मुखता के साथ साथ आयातों का गहन अनुवर्तन एवं "आयात प्रबंध" को बेहतर बनाने को भी समान अग्रता दिए जाने का प्रस्ताव है ।

1.43 वर्ष 1990-91 के लिए केन्द्रीय योजना परिव्यय की राशि बढ़ाकर 39,329 करोड़ रुपए कर दी गई है, जो वर्ष 1989–90 की तुलना में 14.2 प्रतिशत वृद्धि की द्योतक है । भारतीय अर्थव्यवस्था की अवस्थापना सहायता के लिए ऊर्जा क्षेत्र की महत्ता को ध्यान में रखते हुए योजना परिव्यय का मुख्य हिस्सा ऊर्जा क्षेत्र को (12,280 करोड़ रुपए) उसके बाद परिवहन को (7,145 करोड़ रुपए) तथा उद्योग और खनिजों को (7,116 करोड़ रुपए) आबंटित किए गए हैं । वर्ष 1990–91 के योजना परिव्यय में उद्योग और खनिजों के अधीन ग्राम और लघु उद्योगों के विकास के लिए रुपए 467.14 करोड़ आबंटित किए गए हैं । शेष व्यय खनन और अन्य बड़े उद्योगों के विकास के लिए आवंटित किया गया है, जिनमें लोहा और इस्पात, अलौह खनन और धातुकर्मीय उद्योग, सीमेंट तथा अधातु खनिज उद्योग, उर्वरक, पेट्रो–रसायन, रसायन तथा भेषज (फार्मास्यूटिकल) उद्योग, इंजीनियरिंग, दूरसंचार तथा इलेक्ट्रानिक्स, परमाणु, ऊर्जा तथा अन्य उच्च अग्रता प्राप्त उद्योग शामिल हैं ।

1.44 उपर्युक्त के अतिरिक्त 1990-91 के बजट में निगमित अधिदान (अर्थात् व्यापक रूप से धारित घरेलू कंपनियों हेतु कर की दर घटा कर 40 प्रतिशत करने के साथ-साथ अन्य घरेलू कंपनियों हेतु दर में तदनुरूप परिवर्तन), घरेलू कम्पनियों द्वारा अन्य घरेलू कम्पनियों से प्राप्त लाभांश की पूर्ण सीमा तक छूट न्यूनतम लाभ पर कर के संबंध में आय-कर अधिनियम की धारा 115–जे समाप्त करना, कम्पनियों के मामले में नए उद्योग स्थापित करने के लिए कटौती की दर 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत तथा अन्य मामलों में 30 प्रतिशत से 25 प्रतिशत करने के साथ ही उपर्युक्त सुविधा हेतु समय की अवधि 8 वर्ष से बढ़ाकर 10 वर्ष करने तथा अप्रत्यक्ष कर ढांचे को युक्ति संगत बनाने सहित उद्योग को विभिन्न सीमा-शुल्क, आयात शुल्क तथा उत्पाद शुल्क में राहतों की घोषणा, आदि कुछ ऐसी स्वागत-योग्य विशेषताएं हैं, जिनसे उद्योगीकरण में उन्नति होगी, तथा विद्यमान उद्योगों के वित्तीय निष्पादन में सुधार होगा ।

1.45 यद्यपि आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में निरन्तर वृद्धि और भुगतान संतुलन पर दबाव एक चिन्ता का विषय बना हुआ है, किन्तु निवेश वातावरण उत्साहजनक प्रवृत्ति तथा देश की अर्थव्यवस्था में बुनियादी सुदृढ़ता से वर्ष 1990–91 के लिए एक सुखद आशावादी परिप्रेक्ष्य के संकेत मिलते हैं । मौसम के बारे में प्रारंभिक पूर्वानुमान से पता चलता है, कि सामान्य मानसून तथा कृषि सुधार और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों के फलस्वरूप, देश को कृषि उत्पादन में बेहतर तथा विविध विकास प्राप्त करने में सहायता मिलेगी । अप्रत्याशित बाधाओं को छोड़कर उद्योग के संपूर्ण कार्यों में सुधार होने की आशा है, क्योंकि अवस्थापना संबंधी बाधाएं अब अतीत का विषय बन गई हैं, और नए नीति–प्रोत्साहनों द्वारा स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित कर दिए गए हैं ।

1.46 देश में सभी स्तरों पर एक नवीन स्फूर्तिदायक परिवर्तन दिखाई दे रहा है । इसके साथ ही विद्यमान आर्थिक स्थिति के बारे में अधिकाधिक जागरूकता पैदा हुई है, और सुदृढ़ आर्थिक मूलाधारों तथा शक्तियों के द्वारा, जो देश भर में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं, अर्थव्यवस्था में उत्थानशीलता लाने की प्रेरणा मिली है । समग्र रूप से उत्पादकता सुधार और प्रौद्योगिकी-उन्नयन पर बल देने के कारण ऐसी संभावनाएं हैं, कि 1990-91 का वर्ष कृषि क्षेत्र में 2.5 प्रतिशत औसत विकास, उद्योग क्षेत्र में 8.5 प्रतिशत औसत विकास तथा सेवा क्षेत्र में प्रायः विकास 5.5 प्रतिशत प्राप्त कर सकेगा जिसके फलस्वरूप समग्र आर्थिक विकास में 5 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होने की संभावना बनती है । इस आशावादी दृष्टिकोण से भाओविनि, उद्योग द्वारा उत्पादन और निर्यात लक्ष्य प्राप्त करने में उद्योगों की सहायता करने के लिए उद्यत है और आशा करता है कि उपयुक्त राजस्व तथा वित्तीय अनुशासन के फलस्वरूप वर्ष 1990-91 भी अन्य वर्षों की भांति समग्र आर्थिक प्रगति और विकास का वर्ष होगा ।

परिचालन, संसाधन एवं कार्य परिणाम

(क) परिचालन

समग्र परिचालन

2.01 वर्ष 1989-90 के दौरान, भाओविनि की समग्र मंजूरियां, इसकी विभिन्न सहायता योजनाओं के अंतर्गत पहली बार 2,000 करोड़ रुपये की सीमा पार की गईं, और 928 परियोजनाओं के लिए कुल मिलाकर 2,294.90

*नई औद्योगिक नीति 31.5.1990 को घोषित ।

करोड़ रुपये की रहीं। ये मंजूरियां, वार्षिकीय आधार पर 1988–89 (जुलाई-मार्च) की 1,333.4 करोड़ रुपये की मंजूरियों से 29.1 प्रतिशत अधिक थीं।

2.02 वर्ष के दौरान, कुल संवितरण पहली बार 1,000 करोड़ रुपये से अधिक हुआ, और 1988-89 (जुलाई-मार्च) में संवितरित 739.92 करोड़ रुपये की तुलना में 1,121.67 करोड़ रुपये के रहे। इस प्रकार, संवितरणों में वार्षिकीय आधार पर 13.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

2.03 संचयी रूप से मार्च, 1990 के अन्त तक भाऔविनि द्वारा इसकी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल मंजूरियां 3,564 परियोजनाओं के लिए 8,712.98 करोड़ रुपये की रहीं। 31 मार्च, 1990 तक समग्र संवितरण 5,474.64 करोड़ रुपये के रहे, जिसमें से नकद संवितरण, अर्थात् गारंटी रहित संवितरणों की राशि 5,397.34 करोड़ रुपये की थी। 31 मार्च, 1990 तक कुल बकाया राशि ऋणियों द्वारा पुनर्अदायगियों की निवल राशि को छोड़कर 4,529.62 करोड़ रुपये थी।

सहायता का योजना-वार वर्गीकरण

2.04 रुपया ऋण, विदेशी मुद्रा ऋण, हामीदारी/प्रत्यक्ष अभिदान और गारंटियों के रूप में परियोजना वित्त सहायता के अतिरिक्त, भाऔविनि अब औद्योगिक क्षेत्र की बदलती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में अनेक योजनाएं चला रहा है ये हैं—(क) उपस्कर वित्तपोषण, (ख) उपस्कर लीजिंग, (ग) उपस्कर उपार्जन, (घ) उपस्कर उधार (ङ) पूर्तिकार उधार, (च) क्रेता उधार और (छ) लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं को वित्तीय सहायता। उपस्कर उधार तथा क्रेता उधार से संबंधित योजनाएं समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पहली बार 28 जुलाई, 1989 से लागू की गईं।

(करोड़ रुपये)

सारणी 6: मंजूर एवं संवितरित सहायता का योजना–वार वर्गीकरण

वित्त पोषण योजना	1989-90 (अप्रैल-मार्च)			31 मार्च, 1990 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
परियोजना वित्त	692	1,580.35 (68.9%)	824.30 (73.5%)	3,203	7,607.12 (87.3%)	4,937.67 (90.2%)
उपस्कर वित्त	92	129.36 (5.6%)	92.63 (8.3%)	237	314.01 (3.6%)	250.38 (4.6%)
उपस्कर लीजिंग	46	135.55 (5.9%)	85.02 (7.6%)	68	226.64 (2.6%)	147.73 (2.7%)
उपस्कर उपार्जन	20	31.39 (1.4%)	16.91 (1.5%)	27	34.50 (0.4%)	16.91 (0.3%)
उपस्कर-उधार	57	114.32 (5.0%)	53.56 (4.8%)	57	114.32 (1.3%)	53.56 (1.0%)
पूर्तिकार-उधार	26	194.83 (8.5%)	4.86 (0.4%)	63	283.34 (3.3%)	8.73 (0.2%)
खरीदार उधार	19	71.10 (3.1%)	19.21 (1.7%)	19	71.10 (0.8%)	19.21 (0.3%)
लीजिंग एवं किराया खरीद-संस्थाओं को वित्त	31	38.00 (1.6%)	25.18 (2.2%)	48	61.95 (0.7%)	40.45 (0.7%)
जोड़	983*	2,294.90 (100%)	1,121.67 (100%)	3,722*	8,712.98 (100%)	5,474.64 (100%)

वार्षिकीय आधार पर तुलना का अर्थ है, 31 मार्च 1989 को समाप्त लेखा अवधि के नौ महीने के आंकड़ों को अनुपातत: 12 महीने तक बढ़ाकर वर्ष 1989-90 के आंकड़ों से तुलना करना।

टिप्पणी: (1) *वास्तविक सहायता-प्राप्त परियोजनायें वर्ष 1989-90 को 928 हैं, और 31 मार्च, 1990 तक 3,564। कुछ परियोजनाओं ने एक से अधिक योजनाओं के अन्तर्गत सहायता प्राप्त की है।

(2) कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

1989-90 में मंजूर और संवितरित सहायता का विस्तृत योजना-वार वर्गीकरण एवं 31 मार्च, 1990 की संचयी स्थिति सारणी 26 में दी गई है ।

परियोजना वित्त

2.05 वर्ष 1989-90 के दौरान 1,709.71 करोड़ रुपये की परियोजना वित्त मंजूरियां (उपस्कर वित्त सहित), भाओविनि द्वारा 1988-89 (जुलाई-मार्च) में वार्षिकीय आधार पर मंजूर की गई 1,210 करोड़ रुपये की परियोजना वित्त मंजूरियों की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक रहीं ।

इसी प्रकार 1989-90 में परियोजना वित्त के अंतर्गत किए गए 916.93 करोड़ रुपये के संवितरण भी पिछली अवधि में किए गए 671.32 करोड़ रुपये के संवितरणों की तुलना में वार्षिकीय आधार पर 2.4 प्रतिशत अधिक रहे । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान तथा 31 मार्च, 1990 तक संचयी रूप से मंजूरियां और संवितरण तथा उक्त तारीख को बकाया राशियां दर्शाते हुए परियोजना वित्त का सुविधा-वार वर्गीकरण चार मुख्य शीर्षकों अर्थात रुपया ऋण, विदेशी मुद्रा ऋण, हामीदारी और प्रत्यक्ष अभिदान और गारंटियों के अधीन सारणी 7 में दिया गया है ।

सारणी 7 परियोजना वित्त का सुविधा-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

सुविधा	1989-90 (अप्रैल-मार्च)		31 मार्च 1990 तक संचयी		31 मार्च, 1990 को बकाया
	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	(रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
परियोजना वित्त					
—रुपया ऋण**	1,235.71 (72.3%)	744.23 (81.2%)	5,710.97 (72.1%)	4,147.44 (79.9%)	3,285.01 (77.2%)
—विदेशी मुद्रा ऋण	345.72 (20.2%)	140.74 (15.4%)	1,540.22 (19.4%)	814.10 (15.7%)	790.29 (18.6%)
—हामीदारी तथा प्रत्यक्ष अभिदान	100.90 (5.9%)	31.56 (3.4%)	510.52 (6.5%)	149.21 (2.9%)	142.00* (3.3%)
—गारंटियां					
—आस्थगित अदायगियों हेतु	3.45 (0.2%)	0.40	87.91 (1.1%)	45.00 (0.9%)	20.95 (0.5%)
—विदेशी ऋणों हेतु	23.93 (1.4%)	—	71.51 (0.9%)	32.30 (0.6%)	18.89 (0.4%)
जोड़	1,709.71 (100%)	916.93 (100%)	7,921.13 (100%)	5,188.05 (100%)	4,257.14 (100%)

* इसमें इक्विटी शेयरों में संपरिवर्तित बकाया ऋण राशि का भाग, जहां ऋण सहायता की शर्तों के सथ संपरिवर्तन के अधिकार को शर्त रखी गई थी, इक्विटी शेयरों में संपरिवर्तित संपरिवर्तनीय डिबेंचर और शेयरों/डिबेंचरों में संपरिवर्तित बकाया ऋणों (अतिदेय ब्याज आदि) के भाग भी शामिल है।

** इसमें उपस्कर वित्त शामिल हैं।

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक है।

2.06 1989-90 के दौरान परियोजना-वित्त के अंतर्गत मंजूरियों की मुख्य विशेषता यह रही कि विदेशी मुद्रा ऋणों की मांग उतनी नहीं थी जितनी कि पिछले वर्ष देखी गई थी । वर्ष के दौरान विदेशी मुद्रा ऋणों की मंजूरियां 345.72 करोड़ रुपए की रहीं जबकि नौ माह की अवधि में पिछले वर्ष ये 359.47 करोड़ रुपए की थीं । रुपया ऋणों पर दबाव बढ़ता रहा, वास्तव में पिछली अवधि के आंकड़ों से रुपया ऋणों में वार्षिकीय आधार पर 18.2% की वृद्धि हुई । वर्ष के दौरान, परियोजना वित्त से संबंधित कुल मंजूरियों में 1,235.71 करोड़ रुपए के ऋण 72.33 प्रतिशत रहे । पिछले वर्ष की कुल रुपया वित्तपोषण मंजूरियों (ऋणों, हामीदारियों और प्रत्यक्ष अभिदानों के रूप में) की तुलना में 1989-90 में मंजूरियों में वार्षिकीय आधार पर 18% की वृद्धि हुई।

निवेश परिचालन

2.07 भाओविनि ने, समीक्षाधीन अवधि के दौरान 73 संस्थाओं को इक्विटी शेयरों की हामीदारी के रूप में 54.87 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की, और तीन संस्थाओं को 12.70 करोड़ रुपए की सीमा तक डिबेंचरों की हामीदारी की मंजूरी दी। इस प्रकार, 1988-89 में वार्षिकीय आधार पर अनुमोदित कुल हामीदारी सहायता की तुलना में, वर्ष के दौरान मंजूर की गई कुल हामीदारी सहायता 12 प्रतिशत अधिक रही।

2.08 वर्ष के दौरान, प्रत्यक्ष अभिदान में सम्बन्धित मंजूरियों में काफी वृद्धि परिलक्षित हुई। ये मंजूरियां 111 मामलों के सम्बन्ध में 33.33 करोड़ रुपए की रहीं, जिनमें से 88 मामले साधारण शेयरों (20.89 करोड़ रुपये) 15 मामले अधिमान शेयरों (4.96 करोड़ रुपये) और 8 मामले डिबेंचरों (7.48 करोड़ रुपये) के थे। इनमें वार्षिकीय आधार पर पिछले वर्ष प्रत्यक्ष अभिदान की कुल मंजूरियों की तुलना में 26.9 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई।

2.09 वर्ष के दौरान, भाऔविनि द्वारा हामीदारीकृत संस्थाओं के 33.27 करोड़ रुपये के 54 निर्गम पूंजी-बाजार में जारी किए गए। हामीदारी दायित्व के रूप में जो शेयर भाऔविनि को लेने पड़े, उनकी राशि 6.27 करोड़ रुपये की रही। इसके अतिरिक्त, भाऔविनि ने वस्तुतः प्रत्यक्ष अभिदान से सम्बन्धित मंजूरियों के लिए 85 कम्पनियों के 15.55 करोड़ रुपए के साधारण शेयरों, 0.25 करोड़ रुपए के अधिमान शेयरों तथा 6.75 करोड़ रुपये के डिबेंचरों में अभिदान किया।

गारंटियां

2.10 वर्ष के दौरान, मशीनरी और उपस्कर के विदेशी संभरकों को तीन मामलों में 3.45 करोड़ रुपए की आस्थगित अदायगी गारंटी सहायता मंजूर की गई। ये इकाइयां थीं—(1) गोआ में एक आयरन ओर पेलिटाइजेशन प्लांट, (2) महाराष्ट्र में एक वस्त्र इकाई, और (3) उड़ीसा में एक मूल रसायन निर्माण इकाई। इनके अतिरिक्त तीन मामलों में विदेशी मुद्रा ऋण के लिए 23.93 करोड़ रुपए की गारंटी देने के लिए भी सहमति व्यक्त की गई। ये इकाइयां थीं—(1) गुजरात में एक पालिएस्टर फिलामेंट यार्न परियोजना (2) महाराष्ट्र में एक स्पान्ज आयरन परियोजन, और (3) आंध्र प्रदेश में एक अमोरफोस सिलीकान अलॉय फोटो-वोल्टेक सैल्स/मॉड्यूल्स परियोजना। लेकिन, जहां तक गारंटी निष्पादन करने का सम्बन्ध है, केवल एक मामले में ही 0.40 करोड़ रुपये की गारंटी दी गई।

1989-90 में परियोजना वित्त के अंतर्गत सहायता का प्रयोजन-वार वर्गीकरण

(क) नई परियोजना को सहायता

2.11 जहां तक नई परियोजनाओं की स्थापना का सम्बन्ध है, वर्ष के दौरान कुछ शिथिलता की प्रवृत्ति दृष्टिगोचर हुई। 1989-90 में भाऔविनि द्वारा 1,580.35 करोड़ रुपये की कुल मंजूर परियोजना वित्त सहायता (उपस्कर वित्त योजना के अन्तर्गत सहायता को छोड़कर) में से 54 प्रतिशत (854.01 करोड़ रुपए) 215 नई परियोजनाओं को प्राप्त हुई। हालांकि, नई परियोजनाओं की संख्या और इनसे सम्बद्ध मंजूरियां 1988-89 (जुलाई-मार्च) की 166 नई परियोजनाओं को दी गई 804.17 करोड़ रुपये की मंजूरियों की तुलना में निश्चय ही अधिक रहीं, लेकिन सम्बन्धित शर्तों पर नई परियोजनाओं को प्रदत्त 50 प्रतिशत सहायता पिछले वर्ष के वार्षिकीय आधार पर 66.5 प्रतिशत से काफी कम रही।

2.12 वर्ष के दौरान वित्तपोषित 215 नई परियोजनाओं में से 9 परियोजनाओं के मामले में प्रत्येक की पूंजी लागत 3 करोड़ रुपये तक थी; 48 परियोजनाएं अलग-अलग 3 करोड़ रुपये और 5 करोड़ रुपये की पूंजी लागत के बीच की थीं; 55 परियोजनाओं की प्रत्येक की पूंजी लागत 5 करोड़ रुपये से 10 करोड़ रुपये के बीच की थी; 51 परियोजनाओं की पूंजी लागत 10 करोड़ रुपये से 20 करोड़ रुपये के बीच थी और 52 परियोजनाएं ऐसी थीं, जिनकी पूंजी लागत प्रति परियोजना 20 करोड़ रुपये से अधिक थी।

(ख) विस्तार एवं विशाखन योजनाओं के लिए सहायता

2.13 1989-90 में विस्तार और विशाखन कार्यक्रमों के लिए 81 परियोजनाओं को 271.98 करोड़ रुपये की सहायता (परियोजना वित्त के अधीन मंजूर कुल सहायता का 15.9 प्रतिशत) मंजूर की गई। वर्ष के दौरान विस्तार एवं विशाखन योजनाओं के लिए मंजूर की गई सहायता पिछले वर्ष केवल 48 परियोजनाओं की विस्तार एवं विशाखन योजनाओं के लिए वार्षिकीय आधार पर दी गई 82.21 करोड़ रुपये की मंजूरियों की तुलना में ढाई गुणा अधिक रही।

(ग) आधुनिकीकरण कार्यक्रमों के लिए सहायता

2.14 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, आधुनिकीकरण प्रयोजनों के लिए 188 परियोजनाओं को 242.73 करोड़ रुपये की सहायता (परियोजना वित्त के अधीन मंजूर कुल सहायता का 14.2 प्रतिशत) मंजूर की गई, जो वर्ष 1988-89 (जुलाई-मार्च) में आधुनिकीकरण प्रयोजनों के लिए 132 परियोजनाओं को दी गई 127.50 करोड़ रुपये की मंजूरियों की तुलना में परियोजना-वार तथा मात्रा-वार दोनों ही दृष्टियों से काफी अधिक थी।

2.15 वर्ष के दौरान, उदार ऋण योजना के अधीन 106 परियोजनाओं को 142.23 करोड़ रुपये की सहायता (आधुनिकीकरण सहायता के आंकड़ों में निहित) मंजूर की गई जबकि 1988-89 (जुलाई-मार्च) में यह सहायता 64 परियोजनाओं के लिए 86.26 करोड़ रुपए की थी, अतः वार्षिकीय आधार पर इसमें 23.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

(i) चीनी इकाइयों का आधुनिकीकरण

2.16 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में, 2,500 टन दैनिक गन्ना पेरने की क्षमता तक आनुषंगिक विस्तार के साथ-साथ आधुनिकीकरण करने वाली उन चीनी इकाइयों को उदार ऋण योजना के अन्तर्गत आधुनिकीकरण सहायता प्रदान करने का उल्लेख किया गया था, जो न्यूनतम पांच पेराई (परिचालन) मौसमों में काम करती रही थीं। वर्ष के दौरान इस बात पर सहमति हुई, कि अपने पुराने संयंत्रों को हटा कर नए स्थल पर 2,500 टन दैनिक गन्ना पेरने की क्षमता के किफायती आकार तक विस्तार और आधुनिकीकरण करने वाली चीनी इकाइयों/संयंत्रों को आधुनिकीकरण योजना के अन्तर्गत न रखकर उन्हें नई चीनी इकाइयों के रूप में माना जाए। फिर भी, ऐसी इकाइयों के मामले में, विद्यमान नियमों के अनुसार चीनी विकास निधि योजना के अन्तर्गत सहायता

के लिए विचार, यदि वे पात्र हों, किए जाने की अनुमति दी गई । यह भी सहमति हुई कि ऐसी इकाइयों की वर्तमान परिसम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त आय का उपयोग विद्यमान संस्थानात्मक देय राशियों को, यदि कोई हों, कम करने के लिए किया जाए ।

2.17 वर्ष के दौरान, केन्द्रीय सरकार ने पहली जुलाई, 1989 को/अथवा उसके बाद चीनी विकास निधि के अंतर्गत गन्ना विकास के लिए प्राप्त ऋण आवेदनों के मूल्यांकन से सम्बन्धित कार्य भी भाऔविनि को सौंपने का निर्णय लिया । यद्यपि, चीनी विकास निधि योजना के अन्तर्गत सहायता केन्द्रीय सरकार के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय द्वारा मंजूर की जाती रही, चीनी मिलों को उनकी आधुनिकीकरण एवं पुनर्स्थापन योजनाओं के लिए चीनी विकास निधि में से मंजूर किए गए ऋणों के संबंध में भाऔविनि केन्द्रीय अभिकरण के रूप में कार्य करता रहा ।

2.18 आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1990–95) के दौरान चीनी उद्योग के लिए एक विकास कार्यक्रम बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय, खाद्य विभाग में एक समिति का गठन किया था, जिसने भारत सरकार को इस वर्ष अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी। समिति की सिफारिशों के आधार पर सरकार द्वारा आठवीं योजना के लिए चीनी नीति शीघ्र घोषित किए जाने की संभावना है ।*

(ii) वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना

2.19 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह बताया गया था कि पहली अगस्त, 1986 से, प्रारम्भिक तौर पर दो वर्ष के लिए, शुरू की गई वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना की अवधि में इस शर्त पर बढ़ोतरी की गई थी, कि सातवीं योजना अवधि के अन्त में इसकी पुन: समीक्षा की जाएगी । योजना का उद्देश्य, उद्योग को प्रभावित करने वाली कमियों अर्थात पुरानी मशीनें/उपकरण, तथा कम मशीन/श्रम उत्पादकता आदि को दूर करने के लिए वस्त्र इकाइयों को रियायती सहायता उपलब्ध करवाना और साथ ही उपयुक्त उत्पाद प्रक्रिया एवं टेक्नोलाजी उन्नयन सहित निर्यातोन्मुख बनाना है । भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के अग्रणी दायित्व में, वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना के लिए आरम्भिक निधि पांच वर्ष की अवधि अर्थात 1986–1991 के लिए 750 करोड़ रुपय निर्धारित की गई थी । इस निधि में से 100 करोड़ रुपये की राशि कमजोर लेकिन व्यवहार्य इकाइयों को विशेष ऋण प्रदान करने के लिए निर्धारित की गई ताकि वे आधुनिकीकरण योजनाओं के लिए अपेक्षित प्रवर्तक अंशदान जुटा सकें ।

2.20 उक्त योजना के प्रति उद्योग ने अच्छी प्रतिक्रिया व्यक्त की और 31 दिसम्बर, 1989 तक 228 इकाइयों को भागीदार संस्थानों, अर्थात भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम तथा भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक से 881 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई, जिसमें 48 इकाइयों को दी गई 24 करोड़ रुपये की विशेष ऋण सहायता भी शामिल है । वस्त्र उद्योग की स्थिति में सुधार लाने में वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना के प्रभाव का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि कुल मिलाकर, योजना के अधीन सहायता प्राप्त इकाइयों में उत्पादकता तथा निर्यात क्षमता में सुधार हुआ है ।

2.21 जहां तक भाऔविनि का संबंध है, यह भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम तथा भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक के साथ इस योजना में भाग लेता रहा है । वर्ष 1989–90 के दौरान, वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना के अन्तर्गत मंजूर सहायता में भाऔविनि ने 64 परियोजनाओं को कुल 35.81 करोड़ रुपये की मंजूरी दी । 1988–89 की जुलाई–मार्च अवधि के दौरान वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना के अन्तर्गत मंजूर सहायता में भाऔविनि द्वारा मंजूर 49 इकाइयों को 21.62 करोड़ रुपये की तुलना में यह राशि काफी अधिक थी ।

2.22 वर्ष के अन्त तक, वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना के अन्तर्गत विशेष ऋणों के उपयोगिता पक्ष में सुधार लाने के लिए इस बात पर सहमति हुई, कि विशेष ऋणों के साथ सम्बद्ध संपरिवर्तनीयता विकल्प से छूट दे दी जाए, और उसके विकल्प के रूप में वित्तीय संस्थान प्रवर्तकों के अपने शेयर्स को बंधक रख सकते हैं तथा स्थिर परिसम्पत्तियों पर उनकी व्यक्तिगत गारंटियां तथा अवशिष्ट प्रभार प्राप्त करना जारी रख सकते हैं । इसके अतिरिक्त, चूंकि अनेक कमजोर वस्त्र इकाइयों के मामले में नकद हानियों के कारण वित्तीय संसाधनों पर पड़े दबाव को कम करने की दृष्टि से पुनर्स्थापन सहायता के साथ आधुनिकीकरण सहायता मंजूर करना आवश्यक हो गया था, अत: इस बात पर सहमति व्यक्त की गई कि, रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1985 के अधीन गठित औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड (बी० आई० एफ० आर०) द्वारा अनुमोदित पुनर्स्थापन सहायता के परिणामस्वरूप वस्त्र आधुनिकीकरण निधि सहायता के अन्तर्गत विशेष ऋण सहायता न केवल उन मामलों में दी जाए जिनमें आधुनिकीकरण सहायता को पुनर्स्थापन सहायता के साथ जोड़ा गया हो अपितु उन मामलों में भी प्रदान की जाए जिनमें अनिवार्य अतिरिक्त पुनर्स्थापन सहायता दी गई हो ।

(iii) जूट आधुनिकीकरण निधि योजना

2.23 पहली नवम्बर, 1986 से आरम्भ की गई जूट आधुनिकीकरण निधि योजना समीक्षाधीन वर्ष के दौरान चालू रही । यद्यपि वर्ष के दौरान, जूट आधुनिकीकरण निधि योजना के अधीन मंजूर की गई सहायता 4 परियोजनाओं को केवल 3.75 करोड़ रुपये की रही । जूट आधुनिकीकरण निधि योजना के कार्यान्वयन की प्रगति का अनुवर्तन भारत सरकार के सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में अनुवर्तन समिति द्वारा किया जाता रहा । जूट आधुनिकीकरण निधि योजना के अन्तर्गत सहायता प्राप्त करने के लिए अलग–अलग जूट मिलों की प्रतिक्रिया अनेक कारणों अर्थात् प्रौद्योगिकी का चयन, श्रम यौक्तीकरण, फसल कम होने के कारण वर्ष के दौरान कच्चे पटसन की कीमत में अत्यधिक वृद्धि,

*नई चीनी नीति 1 जून 1990 को घोषित ।

आदि की वजह से संतोषजनक नहीं रही । इसके अतिरिक्त, अनेक विद्यमान जूट मिलें रुग्ण होने के कारण स्वत: उस समय तक जूट आधुनिकीकरण निधि योजना के अन्तर्गत सहायता का लाभ नहीं उठा सकीं, जब तक कि उनके लिए रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के अनुसार औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड (बी०आई०एफ०आर०) द्वारा पुनर्स्थापन पैकेज तैयार करके अनुमोदित न कर दिया जाए । तदनुसार वर्ष के दौरान, पश्चिम बंगाल सरकार के परामर्श से भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय ने जूट, आधुनिकीकरण निधि योजना की प्रगति की समीक्षा करने तथा जूट आधुनिकीकरण निधि योजना के अधीन निधियों का तीव्र संवितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक संशोधनों का सुझाव देने के लिए एक समिति का गठन किया । यह आशा की जाती है, कि समिति की सिफारिशें प्राप्त होने के बाद उन्हें आवश्यक सीमा तक लागू किए जाने पर जूट उद्योग उक्त योजना का व्यापक लाभ प्राप्त करने की स्थिति में होगा । भाऔविनि ने पृथक रुप से, जूट आधुनिकीकरण निधि योजना के अधीन विशेष ऋण सुविधा को अधिक प्रभावशाली बनाने की दृष्टि से वर्ष के अन्त में, प्रवर्तक अंशदान के लिए विशेष ऋणों पर अब तक लागू संपरिवर्तनीयता खण्ड के स्थान पर प्रवर्तकों द्वारा उनके अपने शेयरों के बंधक को स्वीकृति देने का निर्णय लिया । रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष उपबंध) अधिनियम 1985 के अधीन औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड (बीआईएफआर) द्वारा अनुमोदित पुनर्स्थापन पैकेज के परिणामस्वरुप, विशेष ऋण अब पुनर्स्थापन सहायता अथवा आवश्यक अतिरिक्त पुनर्स्थापन सहायता के साथ उपलब्ध होंगे ।

(घ) पुनर्स्थापन सहायता सहित अधिव्यय सहायता, आदि

2.24 सामान्य अधिव्यय सहायता और पुनर्स्थापन सहायता आदि के रूप में 208 इकाइयों को 211.63 करोड़ रुपये (परियोजना वित्त के अधीन मंजूर की गई कुल सहायता का 12.4%) मंजूर किए गए, जबकि पिछले वर्ष 136 इकाइयों को 113.53 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई थी ।

परियोजना वित्त के अधीन भाऔविनि की सहायता के विशेष पहलू (1989–90)

2.25 1989–90 में परियोजना वित्त के अधीन भा० औ०वि०नि० की सहायता की कुछ प्रमुख विशेषताएं/विशेष पहलू इस प्रकार हैं :—

— 215 नई परियोजनाओं में से, 39 परियोजनाएं ऐसी थीं जो प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित की गई थी । इन्हें 60.66 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई ।

— निगमित अस्पतालों और बहु-आयामी स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए भाऔविनि की सहायता योजना के अधीन 12 अस्पतालों को 15.92 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई ।

— 65.43 करोड़ रुपये की सहायता में 47 होटल तथा अन्य पर्यटन–उन्मुख परियोजनाएं शामिल हैं ।

— महत्वपूर्ण निर्यात दायित्व वाली निर्यातोन्मुख 43 परियोजनाओं को 180.17 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई ।

— प्रवासी भारतीयों द्वारा प्रवर्तित बारह परियोजनाओं को 28.48 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई ।

— वर्ष के दौरान, 109 ऐसी परियोजनाओं को सहायता मंजूर की गई जिनमें विदेशी सहयोग और/अथवा विदेशों से प्रौद्योगिकी अन्तरण की सुविधा उपलब्ध थी । इन्हें 509.80 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई ।

— सोलह परियोजनाएं ऐसी थीं जिन्होंने देश में पहली बार कुछ उत्पादों के विनिर्माण या देश में पहली बार बेहतर और उन्नत प्रौद्योगिकी आरम्भ करने पर विचार किया । ऐसी परियोजनाओं को 135.92 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई ।

वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र से संबंधित योजनाओं के अधीन सहायता

(i) **उपस्कर वित्त**

2.26 पूंजीगत उपस्कर की खरीद के लिए, जो किसी विशिष्ट परियोजना से सम्बद्ध नहीं है, विद्यमान औद्योगिक संस्थाओं को रुपया और विदेशी मुद्रा ऋण उपलब्ध कराने के लिए, भाऔविनि 1984–85 से एक उपस्कर वित्त योजना चला रहा है, जिसके अधीन, समीक्षाधीन वर्ष में 92 इकाइयों को 129.36 करोड़ रुपये की ऋण सहायता मंजूर की गई । वर्ष 1988–89 (जुलाई–मार्च) में इस योजना के अधीन 53 इकाइयों को मंजूर की गई 82.59 करोड़ रुपये की ऋण सहायता से यह वार्षिकीय आधार पर 17.5% अधिक थी । संचयी रूप से, भाऔविनि ने इस योजना के अधीन 237 इकाइयों को 314.01 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की ।

(ii) **उपस्कर लीजिंग**

2.27 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में, विद्यमान औद्योगिक संस्थाओं द्वारा लीज के आधार पर उपस्कर प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करने के लिए भाऔविनि द्वारा पहली जून, 1988 से लागू की गई उपस्कर लीजिंग योजना के बारे में उल्लेख किया गया था । वर्ष के दौरान भाऔविनि को, निर्यात लीजिंग हेतु साख पत्र खोलने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक, विनिमय नियंत्रण विभाग द्वारा अनुमति प्रदान की गई । अब भाऔविनि द्वारा प्रदान की जा रही लीजिंग सुविधा में वित्तीयलीज (मास्टर लीज सहित), सामूहिक लीज, बिक्री तथा लीज पुनर्खरीद और आयात लीज शामिल हैं । वर्ष के दौरान 135.55 करोड़ रुपये की लीज लागत पर उपस्कर प्रदान करने के लिए 48 लेन-देनों को अन्तिम रूप प्रदान किया गया । ये वर्ष 1988–89 (जुलाई–मार्च) में अन्तिम रुप से 26 लेन-देनों के लिए प्रदान किए गए 75.38 करोड़ रुपये की लागत से वार्षिकीय आधार पर 34.9% अधिक है । संचयी रूप से, 31 मार्च, 1990 तक उपस्कर लीजिंग के अधीन 226.64 करोड़ रुपये की समग्र मंजूरियां दी गई, जिनमें से 147.73 करोड़ रुपये का संवितरण किया गया ।

(iii) उपस्कर उपार्जन

2.28 पहली नवम्बर, 1988 से लागू उपस्कर उपार्जन योजना के अधीन भाऔविनि उपस्कर उपार्जित करने तथा निगमित और/अथवा सहकारी क्षेत्रों की पात्र विद्यमान औद्योगिक संस्थाओं को प्रलेखों के पृष्ठांकन द्वारा पुनर्विक्री करने की सुविधा प्रदान करता रहा है; स्थायी प्रभारों सहित उपस्कर का बीजक मूल्य क्रेता संस्था से तीन से पांच वर्ष की अवधि में मासिक किस्तों में वसूल किया जाता है । यद्यपि, 1988–89 में योजना आरम्भ होने के बाद के पांच महीने की अवधि में 8 विद्यमान औद्योगिक संस्थाओं को 4.61 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई, वर्ष 1989–90 में 20 विद्यमान औद्योगिक संस्थाओं को 31.39 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई । संचयी रूप से, 31 मार्च, 1990 तक उपस्कर उपार्जन योजना के अधीन समग्र मंजूरियां 34.50 करोड़ रुपये की थीं, जिनके अन्तर्गत 16.91 करोड़ रुपये का संवितरण किया गया था ।

(ii) उपस्कर उधार

2.29 28 जुलाई, 1989 से लागू उपस्कर उधार योजना के आरम्भ होने से भाऔविनि की विभिन्न वित्तीय सेवाओं में, वर्ष 1989–90 में एक नया आयाम जुड़ गया । इस योजना के अन्तर्गत, भाऔविनि विद्यमान वास्तविक उपभोक्ता संस्था द्वारा इसके विस्तार/विशाखन/आधुनिकीकरण कार्यक्रम के रूप में खरीदे गए/बनाए गए उपस्कर की समग्र लागत का वित्तपोषण करने के लिए सहमति प्रदान करती है । योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता के पात्र उपस्करों में सामान्य कार्य–निष्पादन संयंत्र एवं मशीनरी, कम्प्यूटर, प्रदूषण नियंत्रण उपस्कर, ऊर्जा संरक्षण उपस्कर, सुरक्षा उपस्कर तथा कुछ अन्य अनुषंगी उपस्कर शामिल हैं । योजना के अधीन भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित उपस्कर की लागत और उस पर देय ब्याज 54 बराबर मासिक किस्तों में वसूल किया जाता है । यह योजना काफी लोकप्रिय रही, और वर्ष की 8 माह की अवधि के दौरान 57 विद्यमान औद्योगिक इकाइयों को 114.32 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई । योजना के अधीन प्रदान की गई मंजूरियों में से, उक्त अवधि के दौरान 53.56 करोड़ रुपये के संवितरण किए गए ।

(v) पूर्तिकार उधार

2.30 भाऔविनि द्वारा 01 जुलाई, 1987 से आरम्भ की गई पूर्तिकार उधार योजना आस्थगित अदायगी आधार पर वास्तविक उपभोक्ता–क्रेता संस्था को अपने उपस्कर की बिक्री के लिए मशीनरी/उपस्कर निर्माता तथा कम्प्यूटर निर्माता संस्थाओं को अनावर्ती ऋण प्रदान करने की परिकल्पना की गई थी । इस योजना की लोकप्रियता पहले से ही अच्छी रही, तथा वर्ष 1989–90 के दौरान 26 उपस्कर निर्माता इकाइयों को 194.83 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई । संचयी आधार पर 31 मार्च, 1990 तक पूर्तिकार उधार योजना के अधीन 63 उपस्कर निर्माता, इकाइयों को 283 34 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की जा चुकी थी । 31 मार्च, 1990 तक इस योजना के अधीन की गई मंजूरियों में से समग्र संवितरण 8.73 करोड़ रुपये का रहा ।

(vi) क्रेता उधार

2.31 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाऔविनि की विविध वित्तीय सेवाओं में क्रेता उधार योजना एक नई शुरुआत रही । इस योजना के अन्तर्गत मशीनरी, उपस्कर, कम्प्यूटर, आदि के वास्तविक प्रयोक्ता–क्रेता को अनावर्ती उधार देने का प्रावधान है ताकि वे अपने विस्तार/विशाखन/आधुनिकीकरण कार्यक्रम के एक भाग के रूप में आस्थगित अदायगी आधार पर ऐसे उपस्कर खरीद सकें । यह योजना वास्तविक प्रयोक्ता द्वारा स्वतः विनिर्मित उपस्कर तथा आयातित उपस्कर पर भी लागू होती है । इस योजना के अन्तर्गत आस्थगित अदायगी उधार सामान्यतः पांच से सात वर्ष की अवधि के लिए होती है । आस्थगित अदायगी अग्रिम की पुनर्अदायगी किश्तों में की जाती है, जिसे हर मामले में परिस्थितियों और गुणदोष के आधार पर अनुमति दी जाती है । यह सुविधा ऐसी सभी औद्योगिक संस्थाओं के लिए उपलब्ध है, जो निगमित अथवा सहकारिता क्षेत्र में हैं तथा औविनि अधिनियम, 1948 के अनुसार पात्र औद्योगिक संस्थाओं की परिभाषा के अन्तर्गत आती हैं । 28 जुलाई, 1989 को लागू होने के बाद से इस योजना के अच्छे परिणाम रहे हैं, और लगभग 8 महीने में इस योजना के अन्तर्गत 19 विद्यमान औद्योगिक इकाइयों को 71.10 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है । मार्च, 1990 के अन्त तक 19.21 करोड़ रुपये का संवितरण करके इस दिशा में भी एक अच्छी शुरुआत की गई ।

(vii) लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं का वित्तपोषण

2.32 निगमित और सहकारी क्षेत्रों की ऐसी विद्यमान लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं को, जो कम–से–कम तीन लेखांकन वर्ष से लीजिंग और/अथवा किराया खरीद कारोबार में लगी हों, एवं जिनका वित्तीय निष्पादन तथा लाभांश का संतोषजनक रिकार्ड हो, वित्त उपलब्ध कराने की दृष्टि से भाऔविनि पहली नवम्बर, 1987 से लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं के लिए वित्तपोषण नामक योजना चला रहा है । इस योजना का उद्देश्य किसी ऋण के रूप में या ऋण–अप्रतिबंधक, अथवा लीज किरायों के लिए नोट भुनाने के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करना है । सहायता का परिशोधन 55 मासिक किस्तों में किया जाता है, और सहायता की राशि सामान्यतः निवल मूल्य, ऋण–इक्विटी के अनुपात तथा कारोबार के पिछले एवं संभावित स्तर के आधार पर होता है । भाऔविनि द्वारा सहायता प्राप्त करने वाली लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं को चयनात्मक रूप से सहायता देने के बावजूद वर्ष 1989-90 के दौरान 31 लीजिंग संस्थाओं को 38 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई । यह, वर्ष 1988–89 (जुलाई–मार्च) में 16 लीजिंग संस्थाओं को मंजूर की गई 12.80 करोड़ रुपये की सहायता से काफी अधिक रही । 31 मार्च, 1990 तक भाऔविनि संचयी आधार पर 48 लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं को 61.95 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर कर चुका था, जिसके अन्तर्गत उक्त तारीख तक 40.45 करोड़ रुपये का संवितरण किया गया था ।

मर्चेन्ट बैंकिंग सेवाएं

2.33 वर्ष के दौरान भाऔविनि के मर्चेन्ट बैंकिंग विभाग ने (बम्बई स्थित ब्यूरो कार्यालय सहित) 69 दत्तकार्य पूरे किए

जिनमें से 39 सार्वजनिक निर्गम से संबंधित थे । इनसे ग्राहक संस्थाओं को 333.58 करोड़ रुपये की निधियां जुटाने में सहायता मिली । संचयी रूप से, भाऔविनि के मर्चेन्ट बैंकिंग विभाग ने, जुलाई, 1986 में अपनी स्थापना से लेकर 31 मार्च, 1990 तक 146 दत्तकार्य पूरे किए, जिनमें 871.93 करोड़ रुपये की निधियां जुटाने के लिए 98 सार्वजनिक निर्गम भी शामिल हैं । मर्चेन्ट बैंकिंग विभाग अन्य वित्तीय सेवाओं, विशेषत: परियोजना परामर्श, पूंजी पुनर्संरचना, समामेलन, विलयन, न्यासिता दत्त-कार्य आदि को सम्मिलित करने के लिए अपने कार्यकलापों को धीरे-धीरे विस्तृत करने के साथ साथ उसे विविध स्वरूप प्रदान कर रहा है ।

आवेदनों की प्राप्ति

2.34 भाऔविनि को परियोजना वित्त और इसके द्वारा प्रदत्त वित्तीय सेवाओं से संबंधित योजनाओं, दोनों के अधीन आवेदन पत्रों की प्राप्ति नियमित रूप से बनी रही ।

2.35 परियोजना वित्त के अधीन, भाऔविनि ने 1989-90 के दौरान या तो स्वयं या संयुक्त वित्तपोषण के आधार पर 729 पात्र संस्थाओं से कुल मिलाकर 6,691.43 करोड़ रुपये के आवेदनों (उपस्कर वित्त योजना के अधीन आवेदनों सहित) पर विचार किया । 53.80 करोड़ रुपये की सहायता के लिए 8 संस्थाओं के आवेदनों को, या तो आवेदकों द्वारा वापिस ले लिया गया, अथवा प्रगति के अभाव या प्रस्तावित परियोजना के व्यवहार्य न होने के कारण उन्हें अस्वीकार मान लिया गया । मार्च, 1990 के अन्त तक 158.51 करोड़ रुपये की कुल सहायता के लिए भाऔविनि के अग्रणी दायित्व में 27 संस्थाओं (17 संयुक्त वित्त पोषण के आधार पर) के आवेदन विचाराधीन थे और उनके संबंध में विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई चल रही थी । 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष के दौरान बाकी 694 संस्थाओं के आवेदनों पर वित्तीय सहायता मंजूर की गई; 96.4% मामलों में पूरी सूचना एवं आंकड़ों की प्राप्ति की तारीख से चार माह से भी कम की अवधि में निपटान सुनिश्चित कर लिया गया ।

2.36 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि के अग्रणी दायित्व में विचाराधीन 27 संस्थाओं के आवेदनों के अतिरिक्त संयुक्त वित्तपोषण के आधार पर समग्रत: 2,996.57 करोड़ रुपये की कुल सहायता के लिए 132 संस्थाओं के आवेदन भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम के अग्रणी दायित्व में विचाराधीन थे, जिनमें आगे चलकर भाऔविनि को सम्मिलित किए जाने और भागीदार बनाए जाने की भी पूरी संभावना थी ।

2.37 वित्तीय सेवाओं के अधीन अपनी योजनाओं के संबंध में भाऔविनि ने 726.21 करोड़ रुपये की कुल सहायता के लिए 240 संस्थाओं से सहायता (उपस्कर वित्त योजना से भिन्न) के आवेदनों पर विचार किया । इनमें से 201 संस्थाओं के आवेदनों के लिए भाऔविनि द्वारा उपलब्ध वित्तीय सेवाओं के अन्तर्गत आने वाली विभिन्न योजनाओं के अधीन सहायता मंजूर की गई । 27 संस्थाओं के मामलों में यह आवेदन पात्रता के अभाव में और/अथवा अन्य संबंधित पहलुओं के कारण वापस ले लिए मान लिए गए । मार्च, 1990 के अन्त में 30.34 करोड़ रुपये की कुल सहायता के लिए 12 संस्थाओं के आवेदन भाऔविनि के विचाराधीन थे ।

समग्र सहायता—उद्योगवार

2.38 वर्ष 1989-90 के दौरान उद्योगवार सहायता का प्रसार एवं 31 मार्च, 1990 तक संचयी आंकड़े सारणी 8 में दिए गए हैं :

सारणी 8 : सहायता का उद्योग-वार प्रसार (करोड़ रुपये)

उद्योग	1989-90 (अप्रैल—मार्च)			31 मार्च, 1990 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
चीनी :						
—सहकारितायें	17	25.29	1.1	216	308.57	3.5
अन्य	26	33.64	1.5	93	153.87	1.8
वस्त्र	138	140.71	6.1	647	859.00	9.8
पटसन	5	4.90	0.2	41	51.32	0.6
रसायन :						
—मूल रसायन	56	109.50	4.8	166	459.78	5.3
—उर्वरक व कीट नाशक	15	31.44	1.4	76	531.25	6.1
—कृत्रिम रेशे	30	241.83	10.5	67	642.72	7.4
—कृत्रिम रेसिन्स, प्लास्टिक सामान व उत्पाद	32	54.32	2.4	115	295.01	3.4
—अन्य रसायन व रसायन उत्पाद	52	130.31	5.7	179	322.11	3.7

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
सीमेंट तथा सीमेंट उत्पाद . .	24	53.88	2.3	151	641.10	7.4
कागज व कागज उत्पाद . .	24	61.66	2.7	120	285.43	3.3
रबर उत्पाद . . .	11	45.44	2.0	46	160.72	1.8
लोहा व इस्पात . . .	54	214.70	9.3	227	699.63	8.0
मशीनरी तथा उपांग . .	54	233.91	10.2	223	518.46	6.0
परिवहन उपस्कर व पुर्जे . .	40	142.37	6.2	152	416.67	4.8
इलैक्ट्रानिक्स . . .	63	172.16	7.5	173	473.30	5.4
बिजली मशीनरी व उपस्कर . .	22	41.46	1.8	108	189.87	2.2
धातु उत्पाद	17	52.79	2.3	110	193.20	2.2
अलौह धातुएं . . .	4	4.68	0.2	43	98.18	1.1
विविध अधातु खनिज उत्पाद . .	36	54.73	2.4	101	208.84	2.4
गैस व बिजली . . .	6	130.68	5.7	27	307.20	3.5
होटल और पर्यटन सम्बन्धी क्रियाकलाप	47	65.43	2.9	110	185.83	2.1
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें . .	12	15.92	0.7	22	47.99	0.6
मत्स्य	1	3.26	0.1	1	3.26	—
खनन	12	51.77	2.2	28	88.65	1.0
विविध अन्य उद्योग . . .	99	140.12	6.1	274	509.07	5.9
लीजिंग . . .	31	38.00	1.7	48	61.95	0.7
जोड़ . . .	928	2,294.90	100.0	3,564	8,712.98	100.0

2.39 1989–90 के दौरान भाऔविनि की सहायता में से जिन उद्योगों को उल्लेखनीय भाग प्राप्त हुआ वे है: कृत्रिम रेशे (10.5 प्रतिशत), रसायन और रसायन उत्पाद (10.5 प्रतिशत), मशीनरी (10.2 प्रतिशत), लोहा व इस्पात (9.3 प्रतिशत), इलेक्ट्रानिक्स (7.5 प्रतिशत), परिवहन उपस्कर एवं पुर्जे (6.2 प्रतिशत), वस्त्र (6.1 प्रतिशत), बिजली और गैस (5.7 प्रतिशत), होटल (2.9 प्रतिशत), कागज और कागज उत्पाद (2.7 प्रतिशत), चीनी (2.6 प्रतिशत), विविध खाद्य उत्पाद (2.5 प्रतिशत), विविध अधातु खनिज उत्पाद (2.4 प्रतिशत), सिन्थेटिक रेसिन्स तथा प्लास्टिक (2.4 प्रतिशत), सीमेंट (2.3 प्रतिशत), धातु उत्पाद (2.3 प्रतिशत), खनन (2.2 प्रतिशत), रबर उत्पाद (2 प्रतिशत), तथा अन्य (0.7%)। वर्ष के दौरान दी गई सहायता की उल्लेखनीय विशेषता यह थी कि संख्यावार आधार पर, वस्त्र उद्योग की 138 इकाइयां इस दृष्टि से सर्वाधिक रहीं, उसके पश्चात् रसायन और रसायन उत्पादों से सम्बन्धित इकाइयां (108), इलेक्ट्रानिक्स (63), मशीनरी (54), लोहा व इस्पात (54), होटल, (47), चीनी (43), सिन्थेटिक रेसिन्स और प्लास्टिक (32) आदि। लीजिंग एवं किराया खरीद संस्था (31), खनन इकाइयां (12), अस्पताल (12) तथा मत्स्य उद्योग (1) ने भी वर्ष के दौरान सहायता का लाभ प्राप्त किया। मत्स्य उद्योग प्रथम बार सहायता के अन्तर्गत शामिल किया गया।

2.40 संचयी आधार पर भाऔविनि के कुल निवेश में से वस्त्र, लोहा व इस्पात, रसायन एवं रसायन उत्पाद, कृत्रिम रेशे, सीमेंट, उर्वरक एवं कीटनाशक सामान, मशीनरी, इलेक्ट्रानिक्स, चीनी, परिवहन उपस्कर, बिजली, सिन्थेटिक रेसिन्स एवं प्लास्टिक का सामान और कागज सर्वाधिक सहायता प्राप्त करने वाले उद्योगों के रूप में उभर कर आए, जिन्हें भाऔविनि की सहायता का 79.4 प्रतिशत भाग प्राप्त हुआ, इसके बाद विविध अधातु खनिज उत्पाद (2.4 प्रतिशत), धातु उत्पाद (2.2 प्रतिशत), विद्युत मशीनरी (2.2 प्रतिशत) होटल (2.1 प्रतिशत), रबर (1.8 प्रतिशत), अलौह धातु उत्पाद (1.1 प्रतिशत), खनन (1 प्रतिशत), लीजिंग (0.7 प्रतिशत), तथा अन्य विविध उद्योग (7.1 प्रतिशत) को सहायता मिली।

2.41 उत्पादों के उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार 1989-90 के दौरान मंजूर की गई सहायता एवं 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार संचयी सहायता उद्योग-वार वितरण सारणी-9 में दिया गया है :

सारणी 9 : उत्पादों के उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार सहायता का उद्योग-वार वितरण

(करोड़ रुपये)

उद्योग	1989-90 (अप्रैल-मार्च)			31 मार्च 1990 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
मूल उद्योग	171	596.65	26.0%	718	2,825.79	32.4%
(अर्थात् मूल धातु उद्योग, औद्योगिक रसायन, उर्वरक, सीमेंट, खनन, शक्ति जनन, आदि	(143)	(546.35)	(41.0%)	(651)	(2,277.14)	(34.8%)
पूंजी माल उद्योग	179	589.90	25.7%	656	1,598.30	18.3%
(अर्थात् मशीनरी व उपांग, बिजली मशीनरी और उपकरण, परिवहन उपस्कर आदि)	(104)	(187.60)	(14.1%)	(564)	(1,020.15)	(15.6%)
मध्यवर्ती माल उद्योग	195	607.10	26.5%	695	2,010.28	23.1%
(अर्थात् रसायन उत्पाद, धातु, उत्पाद, अधातु खनिज उत्पाद, पटसन, टायर एवं ट्यूब, आदि)	(125)	(331.55)	(24.9%)	(614)	(1,433.80)	(21.9%)
उपभोक्ता माल उद्योग						
(अर्थात् चीनी, अन्य खाद्य उत्पाद, सूती/ऊनी वस्त्र, कागज और अन्य विविध उद्योग)	287	367.10	16.0%	1,301	1,951.71	22.4%
	(185)	(194.28)	(14.5%)	(1,196)	(1,607.82)	(24.5%)
सेवा उद्योग						
(अर्थात् होटल, चिकित्सा सेवाएं, जहाजरानी, आदि)	96	134.15	5.8%	191	326.90	3.8%
	(47)	(73.56)	(5.5%)	(134)	(208.37)	(3.2%)
जोड़	928	2,294.90	100.00	3,564	8,712.98	100.0
	(601)	(1,333.34)	(100.0)	(3,159)	(6,546.78)	(100.0)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े पिछले वर्ष 1988-89 (जुलाई-मार्च) की अवधि, और संचयी 31 मार्च 1989 के हैं।

2.42 पिछले वर्ष की तुलना में 1989-90 में भाऔविनि की सहायता में पूंजी माल उद्योगों, मध्यवर्ती माल उद्योगों, उपभोक्ता माल उद्योगों और सेवा उद्योगों की स्थिति में सुधार हुआ। तथापि, 1988-89 में पिछले नौ माह की अवधि में सहायता में वृद्धि होने से वार्षिकीय आधार पर पूंजी माल उद्योगों में 135.8 प्रतिशत, उसके बाद उपभोक्ता माल उद्योगों में 41.7 प्रतिशत, माध्यमिक माल उद्योगों में 37.3 प्रतिशत और सेवा उद्योगों में 36.8% का सुधार परिलक्षित हुआ। लेकिन 1989-90 में बुनियादी उद्योगों में कोई वृद्धि नहीं हुई। वर्ष के दौरान प्रतिशत के हिसाब से वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि सेवा-उद्योगों (53.2 प्रतिशत) में रही और उसके बाद पूंजीगत माल उद्योग (29.1 प्रतिशत), मध्यवर्ती माल उद्योग (17.0 प्रतिशत) तथा उपभोक्ता माल उद्योग (16.4 प्रतिशत) में बढ़ोतरी देखी गई।

समग्र सहायता—राज्य-वार

2.43 वर्ष 1989-90 में तथा 31 मार्च, 1990 तक भाऔविनि की सहायता का राज्य-वार ब्यौरा सारणी 10 में दिया गया है।

2.44 वर्ष के दौरान, मात्रा-वार आधार पर भाऔविनि की सहायता में प्रथम पांच स्थान क्रमशः महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों को प्राप्त हुए। यद्यपि परियोजनाओं की संख्या-वार आधार पर प्रथम पांच स्थान क्रमशः महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और गुजरात के रहे।

2.45 पिछले वर्ष सहायता के प्रतिशत भाग की तुलना में आन्ध्र प्रदेश, असम, बिहार, हरियाणा, जम्मू व कश्मीर, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल राज्यों और चंडीगढ़, दादरा व नगर हवेली संघ राज्य

क्षेत्रों ने 1989-90 के दौरान भाऔविनि की सहायता में अपनी स्थिति में सुधार किया।

2.46 समग्र रूप से स्थिति को देखने पर यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं है, कि पिछले 42 वर्षों के दौरान भाऔविनि की सहायता, मिजोरम राज्य तथा लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र के सिवाय देश के लगभग सभी भागों में पहुंच चुकी है। विभिन्न संस्थान अनेक प्रवर्तन उपायों के द्वारा सामूहिक रूप से यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि मिजोरम और लक्षद्वीप द्वीप समूह में भी औद्योगिक कार्यकलाप बढ़ सकें। समग्रतः 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्य भाऔविनि की कुल संचयी सहायता में प्रथम पांच स्थानों पर बने रहे। इसके बाद पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और उड़ीसा का स्थान रहा।

सारणी 10 : सहायता का राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश-वार प्रसार

(करोड़ रुपये)

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	1989-90 (अप्रैल-मार्च)			31 मार्च, 1990 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
आन्ध्र प्रदेश	111	195.90	8.5	336	835.92	9.6
अरुणाचल प्रदेश	—	—	—	1	0.16	—
असम	8	44.42	1.9	40	89.53	1.0
बिहार	17	53.58	2.3	79	166.65	1.9
गोवा	10	20.69	0.9	27	57.65	0.7
गुजरात	79	199.41	8.7	321	1,029.48	11.8
हरियाणा	48	87.73	3.8	165	294.21	3.4
हिमाचल प्रदेश	18	35.42	1.5	46	102.82	1.2
जम्मू कश्मीर	3	3.58	0.2	20	26.76	0.3
कर्नाटक	36	59.23	2.6	226	397.76	4.6
केरल	19	24.50	1.1	99	146.05	1.7
मध्य प्रदेश	32	86.18	3.8	151	396.04	4.5
महाराष्ट्र	150	730.98	31.9	629	1,643.94	18.9
मणिपुर	—	—	—	2	3.96	0.1
मेघालय	2	0.34	—	6	8.13	0.1
नागालैंड	—	—	—	4	2.97	—
उड़ीसा	17	71.01	3.1	74	281.65	3.2
पंजाब	54	116.17	5.1	169	456.15	5.2
राजस्थान	48	74.13	3.2	147	449.62	5.2
सिक्किम	—	—	—	3	2.90	—
तमिलनाडु	106	125.94	5.5	337	627.61	7.2
त्रिपुरा	1	2.36	0.1	3	4.41	0.1
उत्तर प्रदेश	102	202.15	8.8	381	1,124.33	12.9
पश्चिम बंगाल	23	67.40	2.9	203	326.90	3.7
अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह	—	—	—	1	0.98	—
चण्डीगढ़	4	5.67	0.2	6	7.72	0.1
दादरा तथा नगर हवेली	2	3.72	0.2	8	10.85	0.1
दमन एवं दीव	3	2.94	0.1	5	5.30	0.1
दिल्ली	29	74.72	3.3	57	166.27	1.9
पाण्डिचेरी	6	6.73	0.3	27	46.26	0.5
जोड़	928	2,294.90	100.0	3564	8,712.98	100.0

समग्र सहायता—क्षेत्र-वार

2.47 सारणी-11 में परियोजनाओं का क्षेत्र-वार वर्गीकरण एवं 1989-90 के दौरान तथा 31 मार्च, 1990 तक संचयी आधार पर मंजूर सहायता का विवरण दिया गया है।

सारणी 11 : मंजूर और संवितरित की गई सहायता का क्षेत्र-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

क्षेत्र	1989-90 (अप्रैल-मार्च)			31 मार्च 1990 तक संचयी		
	मंजूरियां		संवितरण	मंजूरियां		संवितरण
	परियोजनाओं की संख्या	राशि	राशि	परियोजनाओं की संख्या	राशि	राशि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
सहकारी	32	69.67 (3.0%)	44.29 (3.9%)	334	531.51 (6.1%)	445.89 (8.1%)
निजी	764	1,808.93 (78.8%)	875.28 (78.0%)	2639	6,293.66 (72.2%)	3,830.64 (70.0%)
संयुक्त	86	288.72 (12.6%)	126.19 (11.3%)	286	1,162.63 (13.4%)	675.04 (12.3%)
सरकारी	46	127.58 (5.6%)	75.91 (6.8%)	305	725.18 (8.3%)	523.07 (9.6%)
जोड़	928	2,294.90 (100%)	1,121.67 (100%)	3,564	8,712.98 (100%)	5,474.64 (100%)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

(क) सहकारी क्षेत्र को सहायता

2.48 1989-90 के दौरान भाऔविनि ने सहकारी क्षेत्र की 32 परियोजनाओं को 69.67 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की। मात्रा-वार दृष्टि से 1988-89 (जुलाई-मार्च) में 23 औद्योगिक सहकारिताओं को 52.40 करोड़ रुपये की सहायता की तुलना में वर्ष के दौरान मंजूर की गई सहायता वार्षिकीय आधार पर लगभग समान स्तर पर रही। वर्ष के दौरान औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर की गई सहायता में 17 चीनी सहकारिताओं को 25.29 करोड़ रुपये, 10 वस्त्र सहकारिताओं को 10.46 करोड़ रुपये तथा 5 अन्य सहकारिताओं (उर्वरकों, कृत्रिम रेशे, कागज तथा विविध रसायन उद्योगों के समूह से संबंधित) को 33.92 करोड़ रुपए की सहायता शामिल थी।

2.49 संचयी आधार पर, 31 मार्च, 1990 तक भाऔविनि ने 334 औद्योगिक सहकारिताओं को 531.51 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की थी, जिसके अन्तर्गत 445.89 करोड़ रुपए की सहायता संवितरित की जा चुकी थी। भाऔविनि की सहायता में सहकारिताओं की संख्या तथा मंजूर की गई राशि, दोनों की ही दृष्टि से महाराष्ट्र का स्थान सर्वोपरि रहा। भाऔविनि द्वारा औद्योगिक सहकारिताओं को मंजूर की गई संचयी सहायता में इसका भाग लगभग 36 प्रतिशत था। औद्योगिक सहकारिताओं को संचयी आधार पर भाऔविनि की वित्तीय सहायता में महाराष्ट्र के बाद, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, कर्नाटक और तमिलनाडु का स्थान रहा जिन्हें क्रमशः 15.6 प्रतिशत, 14.4 प्रतिशत, 6.2 प्रतिशत, 5.6 प्रतिशत और 5.2 प्रतिशत सहायता प्राप्त हुई।

(ख) निगमित क्षेत्र को सहायता

2.50 1989-90 के दौरान निगमित क्षेत्र की 896 परियोजनाओं को कुल 2,225.23 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई। निजी क्षेत्र को, जो भाऔविनि की स्थापना से ही इसे सौंपे गए विशेष दायित्व की पूर्ति के फलस्वरूप इसकी वित्तीय सहायता का सबसे बड़ा लाभभोगी रहा है, 764 परियोजनाओं के लिए 1,808.93 करोड़ रुपये की सहायता (कुल का 78.8 प्रतिशत), प्राप्त हुई, जो 1988-89 (जुलाई-मार्च) में निजी क्षेत्र की 501 परियोजनाओं को मंजूर की गई 1,053.40 करोड़ रुपये की सहायता से वार्षिकीय आधार पर 28.8 प्रतिशत अधिक थी।

2.51 समीक्षाधीन अवधि के दौरान संयुक्त और सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं को क्रमशः 288.72 करोड़ रुपये और 127.58 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई, जो क्रमशः 12.6 प्रतिशत और 5.6 प्रतिशत रही। यह सहायता संयुक्त क्षेत्र की 86 परियोजनाओं और सरकारी क्षेत्र की 46 परियोजनाओं से सम्बन्धित थी। परियोजनाओं की संख्या और सहायता की राशि, दोनों में संयुक्त और सरकारी क्षेत्रों का भाग, पिछली अवधि में इनके भाग की तुलना में काफी अधिक रहा। संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाओं को मंजूर की गई 288.72 करोड़ रुपए की सहायता 1988-89 (जुलाई-मार्च) में मंजूर 135.41 करोड़ रुपये की सहायता की तुलना

में वार्षिकीय आधार पर 59.9 प्रतिशत अधिक थी। सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं को प्रदान की गई 127.58 करोड़ रुपये की सहायता 1988-89 (जुलाई–मार्च) में उन्हें प्रदान की गई 92.13 करोड़ रुपये की तुलना में वार्षिकीय आधार पर 3.9 प्रतिशत अधिक थी।

2.52 संचयी रूप से, 31 मार्च 1990 तक निगमित क्षेत्र की 3,230 परियोजनाओं को मंजूर की गई सहायता 8,181.47 करोड़ रुपये हो चुकी थी, और 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि की कुल सहायता में इनका भाग 93.9 प्रतिशत था, जबकि निजी, संयुक्त और सरकारी क्षेत्र की परियोजनाओं का भाग परस्पर क्रमशः 72.2 प्रतिशत, 13.4 प्रतिशत और 8.3 प्रतिशत था। निगमित क्षेत्र की परियोजनाओं को संचयी संवितरण 5,028.75 करोड़ रुपये किए गए।

2.53 निगमित क्षेत्र में, 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि की संचयी सहायता की मात्रा की दृष्टि से महाराष्ट्र का स्थान सर्वप्रथम रहा, जिसे 1,454.96 करोड़ रुपये की सहायता (17.8 प्रतिशत) प्राप्त हुई। इसके बाद क्रमशः उत्तर प्रदेश 1,041.33 करोड़ रुपये (12.7 प्रतिशत), गुजरात 953.06 करोड़ रुपए (11.6 प्रतिशत), आन्ध्र प्रदेश 812.34 करोड़ रुपये (9.9 प्रतिशत), तमिलनाडु 600.06 करोड़ रुपये (7.3 प्रतिशत) और राजस्थान 444.90 करोड़ रुपये (5.4 प्रतिशत) का स्थान रहा। संख्या की दृष्टि से निगमित क्षेत्र की वित्तपोषित परियोजनाओं की सर्वाधिक संख्या महाराष्ट्र (510) में थी, और उसके बाद उत्तर प्रदेश (339), तमिलनाडु (314), आन्ध्र प्रदेश (312), गुजरात (298) और पश्चिम बंगाल (200) का स्थान रहा।

पिछड़े क्षेत्रों तथा उद्योग-रहित जिलों को वित्तीय सहायता

2.54 वर्ष 1989–90 के दौरान, भाऔविनि ने केन्द्रीय रूप से अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की 420 परियोजनाओं को 1,012.42 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की। यह 1988–89 (जुलाई–मार्च तक) अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की 307 परियोजनाओं को मंजूर की गई 614.92 करोड़ रुपये की सहायता के मुकाबले वार्षिकीय आधार पर 23.5 प्रतिशत अधिक थी।

2.55 पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की श्रेणी "क", "ख" और "ग" के अन्तर्गत वर्गीकरण करने की विद्यमान योजना के अनुसार श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र जिले) में स्थित 93 परियोजनाओं को 214.86 करोड़ रुपए, श्रेणी "ख" जिलों/क्षेत्रों में स्थित 180 परियोजनाओं को 369.46 करोड़ रुपये और श्रेणी "ग" जिलों/क्षेत्रों की 147 परियोजनाओं को 428.10 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई। अधिसूचित पिछड़े जिलों की प्रत्येक श्रेणी अर्थात् श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र जिले), "ख" और "ग" को, केन्द्रीय रूप से अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं को मंजूर की गई कुल सहायता का प्रतिशत के रूप में क्रमशः 21.2 प्रतिशत, 36.5 प्रतिशत और 42.3 प्रतिशत अंश प्राप्त हुआ।

2.56 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार संचयी रूप से भाऔविनि ने अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थित 1,650 परियोजनाओं को 4,269.53 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की, जो भाऔविनि की समग्र निवल संचयी मंजूरियों का 49 प्रतिशत है। इन मंजूरियों के अन्तर्गत 31 मार्च, 1990 तक 2,749 करोड़ रुपये का संवितरण किया जा चुका था।

भाऔविनि द्वारा सहायता प्राप्त परियोजनाओं की वित्तपोषण प्रवृत्ति

2.57 643 परियोजनाओं की वित्तपोषण प्रवृत्ति पर किए गए एक अध्ययन के अनुसार (जिसमें परियोजनाओं की लागत में केवल अधिव्यय के वित्तपोषण के लिए 1989-90 के दौरान अतिरिक्त सहायता की मंजूरियों के 141 मामले शामिल नहीं हैं) 1989–90 में भाऔविनि के परिचालनों से यह पता चलता है कि भाऔविनि की सहायता 13,212.82 करोड़ रुपये का निवेश जुटाने में समर्थ होगी, जिसका विवरण सारणी 12 में दिया गया है :

सारणी 12 : भाऔविनि० द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की वित्तपोषण प्रवृत्ति 1989–90 (अप्रैल—मार्च) (करोड़ रुपये)

वित्तपोषण प्रवृत्ति	नई परियोजनायें	विस्तार/विशाखन परियोजनायें	आधुनिकीकरण परियोजनायें	पुनर्स्थापन, सन्तुलन उपस्कर आदि के लिये सहायता	जोड़
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
परियोजनाओं की संख्या	215	81	188	159	643
	रु०	रु०	रु०	रु०	रु०
I. प्रवर्तक योगदान					
—शेयर पूंजी	901.89	85.27	22.53	21.10	1030.79
	(11.8)	(4.6)	(0.8)	(2.9)	(7.8)
—अप्रतिभूत गौण ऋण	67.68	21.57	29.38	17.98	136.61
	(0.9)	(1.1)	(1.0)	(2.5)	(1.0)
—आंतरिक, प्रोद्भूत, आदि	420.09	311.22	613.50	140.15	1,484.96
	(5.5)	(16.7)	(20.8)	(19.2)	(11.2)

1	2	3	4	5	6
II. दीर्घकालीन, ऋण प्रदान करने वाली संस्थाएं अर्थात् भा औ वि नि, भा औ वि बैंक, भा औ ऋ नि नि, एवं भा औ पु बैंक द्वारा सहायता					
—ऋण तथा अग्रिम	2680.82 (35.0)	974.82 (52.3)	836.22 (28.3)	398.63 (54.6)	4,890.49 (37.0)
—इक्विटी सहायता	310.36 (4.0)	7.15 (0.4)	8.35 (0.3)	— —	325.86 (2.5)
III. बीमा संस्थाएं अर्थात् जीबीनि, साबीनि और भायूट, द्वारा सहायता					
—ऋण तथा अग्रिम	164.08 (2.1)	58.28 (3.1)	33.53 (1.1)	42.68 (5.8)	298.57 (2.3)
—इक्विटी सहायता	43.00 (0.6)	— —	3.00 (0.1)	1.15 (0.2)	47.15 (0.4)
IV. (क) बैंकों द्वारा सहायता (दीर्घकालीन वित्त)	510.74 (6.7)	131.44 (7.0)	190.04 (6.4)	42.31 (5.8)	874.53 (6.6)
(ख) बैंकों आदि द्वारा इक्विटी सहायता . .	237.70 (3.1)	18.95 (1.0)	0.60 (नेग)	— —	257.25 (2.0)
V. (क) राज्य स्तरीय संस्थानों द्वारा सहायता (दीर्घकालीन वित्त)	0.70 (नेग)	—	1.50 (0.1)	3.18 (0.4)	5.38 (0.1)
(ख) इक्विटी सहायता	81.58 (1.0)	1.13 (0.1)	0.10 (नेग)	—	82.81 (0.6)
VI. अधिकारिक निर्गम	720.14 (9.4)	226.78 (12.1)	596.97 (20.2)	31.13 (4.3)	1,575.02 (11.9)
VII. आस्थगित अदायगियां	150.65 (2.0)	18.12 (1.0)	—	17.44 (2.4)	186.21 (1.4)
VIII. विदेशी संस्थानों से ऋण	1,020.52 (13.3)	—	0.44 (नेग)	0.72 (0.1)	1,021.68 (7.7)
IX. अन्य	355.05 (4.6)	10.75 (0.6)	616.27 (20.9)	13.44 (1.8)	995.51 (7.5)
जोड़	7,665.00 (100.0%)	1,865.48 (100.0%)	2,952.43 (100.0%)	729.91 (100.0%)	13,212.82 (100.0%)

टिप्पणियां : 1. इक्विटी सहायता में हामीदारियां एवं प्रत्यक्ष अभिदान सम्मिलित हैं।

2. कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

3. उपरोक्त में परियोजना लागत आदि में अधिव्यय को पूरा करने के लिये सहायता की मंजूरियों के मामले शामिल नहीं हैं।

नई, विस्तार और विशाखन परियोजनाओं का प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान (1989–90)

2.58 1989–90 में भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित 296 नई और विस्तार/विशाखन परियोजनाओं के अध्ययन से यह पता चलता है, कि इस अवधि के दौरान भाऔविनि की सहायता विभिन्न उद्योगों में महत्वपूर्ण क्षमता सृजित करने में समर्थ रही है। आशा है कि उपर्युक्त परियोजनाओं से लगभग 63,496 हजार व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार मिल सकेगा। इन परियोजनाओं का उत्पादन मूल्य 8,086.75 करोड़ रुपये तक होने का अनुमान है। प्रवर्धित सकल मूल्य लगभग 3,398.17 करोड़ रुपये होने की संभावना है, जो इन परियोजनाओं द्वारा देश के सकल राष्ट्रीय उत्पाद में योगदान है। इससे सम्बन्धित विस्तृत विवरण परिशिष्ट–II में दिया गया है।

जन-हित में प्रदान की गई मंजूरियां

2.59 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, ऐसा कोई मामला नहीं था, जिसमें औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (समय–समय पर यथासंशोधित) की धारा 26(2) की व्यवस्थाओं के अनुसार निदेशक(कों) के हिततद्ध होने के कारण भाऔविनि को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्थाओं के साथ कारोबार का संव्यवहार) विनियम, 1982 की शर्तों के अधीन जन-हित में सहायता मंजूर करनी पड़ी हो।

(ख) परिचालन गतिविधियां

पिछड़े क्षेत्रों की परियोजनाओं को रियायती सहायता

2.60 भारत सरकार की केन्द्रीय निवेश उप-सहायता योजना के पहली अक्तूबर, 1988 से बंद हो जाने के बावजूद वित्तीय संस्थानों ने, वर्ष के दौरान अब तक प्रचलित केन्द्रीय निवेश उप-सहायता योजना की स्वीकार्यता के प्रयोजन से यथा वर्गीकृत पिछड़े क्षेत्रों की परियोजनाओं के लिए रियायती वित्त की अपनी योजना लागू रखने पर सहमति व्यक्त की। इस बात पर भी सहमति व्यक्त की गई कि वित्तीय संस्थान, पंजाब की सभी नई इकाइयों को 31 मार्च, 1992 को समाप्त होने वाले दो वर्ष की आगामी अवधि के दौरान वरीयता देंगे, तथा रियायती आधार पर उसी प्रकार सहायता प्रदान करते रहेंगे, जैसा कि अधिसूचित "ख" श्रेणी जिलों की नई परियोजनाओं के मामले में दी जाती है।

निर्यात प्रोत्साहन योजना

2.61 देश में निर्यात को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वर्ष के दौरान वित्तीय संस्थाओं ने वित्तपोषित औद्योगिक परियोजनाओं के लिए निर्यात प्रोत्साहन योजना को अगले वर्ष तक के लिए लागू रखने पर सहमति व्यक्त की। इस योजना के अन्तर्गत, वित्तपोषित औद्योगिक इकाइयां वित्तीय संस्थानों को उनकी ब्याज अदायगियों के 1/5 वें भाग के बराबर ब्याज रियायत के रूप में प्रोत्साहन की पात्र हैं बशर्ते कि न्यूनतम ब्याज दर 10 प्रतिशत हो, और उनकी निर्यात बिक्री 25 प्रतिशत (पांच सितारे श्रेणी के होटलों के मामले में 50 प्रतिशत) या उससे अधिक हो। जिन मामलों में कुछ निर्यात दायित्व पहले ही निर्धारित किए गए हैं उनमें, इस योजना के अन्तर्गत प्रोत्साहन के प्रयोजन के लिए निर्यात बिक्री का हिसाब उपर्युक्त निर्धारित दायित्व को पूरा किए जाने के बाद लगाया जाएगा।

विनिमय जोखिम प्रबन्ध योजना

2.62 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में विनिमय जोखिम प्रबंध निधि नामक निधि के माध्यम से, विनिमय जोखिम से विदेशी मुद्रा उप-ऋणियों की हित-रक्षा करने के लिए अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा विनिमय जोखिम प्रबंध योजना आरम्भ किए जाने का उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, उक्त योजना के परिचालनों की पद्धतियों में और सुधार किया गया। इस बात पर सहमति व्यक्त की गई, कि विनिमय जोखिम प्रबंध योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली अधिकतम राशि समग्रतः प्रति कम्पनी, 60 मिलियन अमरीकी डालर के समकक्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। पहली फरवरी, 1990 से 30 अप्रैल, 1990 तक की अवधि के दौरान निष्पादित/निष्पादित किए जाने वाले ऋण करारों के मामले में ऋणियों से प्रभार के रूप में ली जानी वाली समेकित लागत 16 % वार्षिक निर्धारित की गई, जो न्यूनतम 15 % वार्षिक और अधिकतम 18 % वार्षिक पर बैंड सहित परिवर्ती थी। 1 मई, 1990 से बैंड सहित प्रभार्य समेकित लागत 17 % वार्षिक हो गई है, जिसकी न्यूनतम दर 15 % और अधिकतम 18 % वार्षिक है। परिवर्ती दर निर्धारण की समयावधि ऋण करार के निष्पादन की तारीख से संबंधित है, मंजूर ऋण सहायता में से किस्तों के संवितरण के समय से नहीं। इसके अतिरिक्त, इस बात पर भी सहमति हुई, कि मूलधन/ब्याज की चार क्रमिक किस्तों की अदायगी में चूक करने वाली ऋणी संस्था को विनिमय जोखिम प्रबन्ध निधि के अधीन हित-रक्षा नहीं प्रदान की जाएगी, लेकिन उसे विनिमय जोखिम प्रबंध निधि से बाहर नहीं हटाया जाएगा। सहमत प्रक्रिया के अधीन, चूक करने वाली ऋणी संस्था को उस सीमा तक पूल की मूल्य वृद्धि के अपने यथानुपात हिस्से के रूप में अतिरिक्त प्रभार की अदायगी करनी होगी, जिस सीमा तक विनिमय जोखिम प्रबंध निधि में अभिवृद्धि शामिल नहीं की जाती। विनिमय जोखिम अंश को निष्प्रभावी करने के लिए पूल का चालू मूल्य और प्रीमियम में घाटा, यदि कोई हो एवं ब्याज अभिवृद्धि को शामिल करते हुए प्रत्येक तिमाही में यथानुपात हिस्से का हिसाब लगाया जाएगा। ऋणी संस्था से वसूली योग्य ऐसी अतिरिक्त राशि वास्तव में प्राप्त होने तथा संस्थानों द्वारा चूक करने वाली संस्था की ओर से उन्हें प्रदत्त प्रीमियम के लिए संस्था को प्रतिपूर्ति करने के बाद ही विनियम जोखिम प्रबंध निधि में क्रेडिट की जाएगी। चूक की अवधि के लिए अतिरिक्त प्रभार लगाया जाएगा, और यह ऋण करार के प्रावधानों के अनुसार चूक के लिए देय सामान्य रूप से निर्धारित किए गए निर्णीत हर्जानों के अतिरिक्त होगा।

अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया

2.63 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था कि 25 करोड़ रुपये या इससे अधिक के मूल्य वाले संयंत्र और मशीनरी का आयात करने वाली बड़े आकार की सभी औद्योगिक परियोजनाओं को ऐसी प्रक्रिया अपनानी होगी जो अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के सदृश हो। अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा दिए गए ऋणों से अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के आधार पर, आयातित पूंजीगत माल की प्राप्ति के लिए मार्गनिर्देशों को वर्ष के दौरान अन्तिम रूप प्रदान किया गया। इन मार्गनिर्देशों के अनुसार, संविदा के निर्णय और व्यवस्था की जिम्मेवारी ऋणी की होगी। वित्तीय संस्थान अपने आप को इस बात से आश्वस्त करेंगे कि ऋणियों ने समुचित प्रक्रिया अपनाई है। संस्थानों को, (क) प्राप्त किए जाने वाले माल की सूची एवं संविदागत माल के समूहीकरण/पार्सल बनाने, तथा (ख) बोली मूल्यांकन परिणाम एवं संविदा देने के लिए प्रस्तावों, को अनुमोदित करने की जिम्मेदारी नहीं उठानी होगी।

ऋण की शर्तों, आदि में परिवर्तन

(क) ब्याज, दर आदि

2.64 ऋण लागत में वृद्धि के बावजूद वर्ष के दौरान, ऋण की ब्याज दर के मूल ढांचे में तथा लगाए जाने वाले अन्य प्रभारों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। तथापि 1 जुलाई, 1989 से डालर/येन मुद्रा में ऋण/बांड/अन्य किसी प्रकार के वाणिज्यिक उधार के मामले में यूरो मुद्रा बाजार से लिए गए वाणिज्यिक उधारों में से

विदेशी मुद्रा उप-ऋणों पर ब्याज की दरों को इस तरह युक्ति-संगत बनाया गया कि वह विदेशी मुद्रा उधार की कुल लागत से ऊपर 2 प्रतिशत वार्षिक हो । इसी प्रकार, लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं के वित्त पोषण की योजना के अन्तर्गत सहायता के संबंध में ब्याज दर के ढांचे को, ऐसी संस्थाओं की दर-निर्धारण एजेंसियों द्वारा अनुमोदित दर को ध्यान में रखकर युक्तिसंगत बनाया गया । उपस्कर लीजिंग, उपस्कर उपार्जन और उपस्कर उधार संबंधी योजनाओं के मामले में, लीज पर दिए गए/बेचे गए/वित्त पोषित किए गए उपस्कर की लागत की एकमुश्त सीमान्तक शुल्क को लाभ उठाने वाली इकाइयों से प्रभार्य किया गया । इसी प्रकार, प्रत्यक्ष रूप से अभिदत्त शेयरों की राशि पर पहली जुलाई, 1989 से संस्थानों द्वारा लगाए जाने के लिए 2.5 प्रतिशत की समान दर पर सीमान्तक शुल्क के लिए भी सहमति दी गई ।

2.65 देखा गया है कि अक्सर वित्तपोषित संस्थाएं, नकद लाभ कमाने के बावजूद अपनी कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से ब्याज की देय राशियों के आस्थगन के लिए संस्थानों से सम्पर्क करती हैं । वर्ष के दौरान इस बात पर सहमति हुई कि ऐसे मामलों में जिनमें वित्तपोषित इकाइयों द्वारा नकद लाभ कमाने के बावजूद मामले के गुणावगुणों तथा परिस्थितियों के आधार पर, देय राशियों के आस्थगन के लिए अनुरोध को स्वीकार कर लिया गया हो उनमें संस्थान आस्थगित राशि पर वाणिज्यिक बैंकों द्वारा लागू ब्याज दर (इस समय 17.5%) प्रभारित करेंगे । ऐसे मामलों में देय राशियों का आस्थगन, यदि उसकी सहमति दी गई हो, वरीयतः इकाई को नए ऋण का प्रस्ताव देकर किया जायेगा ।

(ख) संपरिवर्तनीयता विकल्प

2.66 सपरिवर्तनीयता मार्गनिर्देशों के संबंध में विद्यमान मानदण्डों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, सिवाय इसके कि वित्तीय संस्थानों ने वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना तथा जूट आधुनिकीकरण निधि योजना के अधीन विशेष ऋण सहायता की शर्तों में से संपरिवर्तनीयता खण्ड हटा देने के लिए सहमति व्यक्त की जैसा कि पैरा 2.22 और 2.23 में पहले ही बताया जा चुका है ।

2.67 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, मंजूर की गई सहायता के संबंध में विद्यमान मार्गनिर्देशों के अनुसार 101 मामलों में संपरिवर्तन की शर्त लागू की गई । समीक्षाधीन अवधि में 3 मामलों में संपरिवर्तनीयता अधिकार का उपयोग किया गया, और 31 मामलों में इसे छोड़ दिया गया । संचयी रूप से, संपरिवर्तनीयता मार्गनिर्देशों के प्रारम्भ होने से अब तक भाआवित्रि ने 1,503 मामलों में संपरिवर्तनीयता की शर्त लगाई, और 129 मामलों में संपरिवर्तन विकल्प का उपयोग किया, तथा 545 मामलों में सभी सम्बद्ध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विकल्प के उपयोग से छूट प्रदान की गई ।

विद्यमान प्रक्रियाओं को सरल बनाना

2.68 विद्यमान प्रक्रियाओं को चाहे वे मूल्यांकन प्रलेखन या अनुवर्तन किसी से भी संबंधित हों, उनमें जहां भी संभव हो अनावश्यक भाग को समाप्त करके सरल बनाने का कार्य जारी रहा । विशेष रूप से जम्मू व कश्मीर राज्य में संस्थानात्मक निवेश बढ़ाने की दृष्टि से सहमति हुई कि भाआवित्रि तथा भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम लि० उन व्यवहार्य औद्योगिक परियोजनाओं के वित्त पोषण पर भी विचार कर सकते हैं, जिनकी पूंजी लागत 3 करोड़ रुपये या उससे कम की हो । इसी प्रकार मूलभूत प्रतिभूति के प्रलेखन और सृजन को सुविधाजनक बनाने की दृष्टि से सहमति हुई, कि जम्मू व कश्मीर सरकार द्वारा 20 जुलाई, 1988 और 21 नवम्बर, 1988 द्वारा जारी की गई अधिसूचनाओं के अनुसार वित्तीय संस्थान, वित्तपोषित संस्थाओं को जम्मू व कश्मीर राज्य औद्योगिक विकास निगम लि० द्वारा आबंटित भूमि को, उस पर बने सभी भवनों और ढांचे तथा उनके जुड़नारों सहित बंधक रख सकते हैं, बशर्ते कि वित्तपोषित संस्था ने ऐसे बंधक पर या तो अपेक्षित स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण प्रभार अदा किया हो, अथवा राज्य सरकार से उससे छूट प्राप्त की हो । जिन मामलों में वित्त-पोषित संस्था ने प्राइवेट पार्टियों से भूमि प्राप्त की हो, उनमें वित्तीय संस्थानों ने निगमित गारंटियों जैसी वैकल्पिक प्रतिभूतियों और/अथवा जम्मू व कश्मीर राज्य से बाहर स्थित सम्पत्तियों, यदि कोई हो, को बंधक रखने के लिए भी सहमति व्यक्त की ।

अनुवर्तन प्रक्रिया

2.69 अनुवर्तन व्यवस्था की मूल विधाओं में सिवाय इसके कोई परिवर्तन नहीं किया गया, कि अनुवर्तन उपायों को 'अग्रणी संस्थान की अवधारणा' के आधार पर व्यापक बनाया गया, और विशेषतः उन परियोजनाओं में जो या तो कार्यान्वित की जा रही थीं, अथवा जिन वित्तपोषित इकाइयों में वित्तपोषित वित्तीय प्रगति धीमी रही हो । ऐसे मामलों में, वित्तपोषित संस्थाओं के कार्यों का व्यापक अनुवर्तन करने के लिए क्षेत्रीय कार्यपालक बैठकों तथा नामित निदेशक संस्थान मंत्रों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया गया ।

नामित निदेशक

2.70 नामित निदेशकों की व्यवस्था के संबंध में सरकारी मार्गनिर्देशों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ । जिन एम०आर० टी० पी० कम्पनियों में भाआवित्रि अग्रणी संस्थान था उनके बोर्ड में भाआवित्रि ने नामित निदेशक नियुक्त किए, केवल कुछ ऐसे मामलों को छोड़ दिया गया जिनमें या तो बकाया सहायता बहुत कम थी अथवा भाआवित्रि की वित्तीय सेवाओं से सम्बद्ध किसी योजना के अन्तर्गत सहायता मंजूर की गई थी । 83 गैर-एम० आर०टी० पी० संस्थाओं के संबंध में जिनमें भाआवित्रि अग्रणी संस्थान था और जो रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1985 में दी गई परिभाषा के अनुसार रुग्ण कम्पनियां थीं, भाआवित्रि ने केवल कुछ ऐसी कम्पनियों के सिवाय सभी मामलों में नामित निदेशक नियुक्त किए थे जिनमें ऋण वापस ले लिए गए थे, या मुकदमे दायर किए गए थे अथवा कम्पनियों का परिसमापन हो चुका था, या जिनमें पहले ही एकमुश्त समझौता हो चुका था । जिन मामलों में वित्तीय संस्थानों की समग्र शेयर-धारिता 50% या अधिक थी, उनमें भाआवित्रि ने, वर्ष के दौरान समय-समय पर नामांकनों के सभी मामलों की समीक्षा जारी

रखी । कुल मिलाकर, 31 मार्च 1990 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि ने 927 वित्तपोषित संस्थानों के निदेशक बोर्डों में 383 नामित निदेशक नियुक्त किए हुए थे, जिनमें से 166 शासकीय और 217 गैर–शासकीय थे ।

2.71 भाऔविनि में स्थापित नामित निदेशक कक्ष की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक द्वारा, सहायक स्तर पर अन्य अधिकारियों सहित की जाती रही, और इसके अतिरिक्त प्रधान–कार्यालय के तीन वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय/शाखा/ अन्य कार्यालयों से एक–एक अधिकारी को नामित निदेशक कक्ष के सदस्य के रूप में पदनामित किया गया, ताकि वे कक्ष को सौंपे गए कार्यों को पूरा कर सकें ।

2.72 परियोजना प्रबंध समितियों और लेखा परीक्षा उप–समितियों को प्रभावशाली बनाने के लिए वर्ष के दौरान नामित निदेशकों को मार्ग निर्देश जारी किए गए । यह भी सहमति हुई कि परियोजना प्रबंध समिति, जहां कहीं भी परियोजना के कार्यान्वयन को गहन रूप से अनुवर्तन करने के लिए स्थापित किए जाने हेतु निर्धारित की गई हो, परियोजना के कार्यान्वयन के बाद उस समय तक परिचालन में रहेगी, जब तक कि वित्तपोषित संस्था अपने परिचालनों को सुदृढ़ करने और लाभांश घोषित करने में सक्षम न हो जाए ।

बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय

2.73 बैंकों और वित्तीय संस्थानों की स्थायी समन्वय समिति की बैठकों में निर्धारित व्यवस्थाओं के अनुरूप बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय बना रहा । वर्ष के दौरान स्थायी समन्वय समिति की 11 वीं बैठक भारतीय रिजर्व बैंक के उप-गवर्नर श्री ए० घोष की अध्यक्षता में 13 फरवरी 1990 को आयोजित की गई । समिति ने राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर उपयुक्त डाटा बेस विकसित करने की आवश्यकता पर विचार किया, जिससे विभिन्न संस्थाओं के साथ उद्यमियों के सम्बन्धों, ऋण खातों में उनकी कमियों/चूक के पूरे ब्योरे दिए जाएं ताकि ऐसी जानकारी द्वारा बैंकों और वित्तीय संस्थानों का मार्गदर्शन किया जा सके । इसके अतिरिक्त बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच सूचना के आदान–प्रदान को और अधिक सार्थक बनाने पर सहमति हुई । समिति ने रुग्णता के प्रारंभिक लक्षणों वाली औद्योगिक इकाईयों के मामले में प्रतिभूतियों में सहभागिता से सम्बंधित मामलों में, पुनर्वास सहायता के कार्यान्वयन के लिए बैंकों द्वारा निधियों की अदायगी में विलम्ब के कारणों पर विचार किया, और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों को एवं भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा राज्य वित्तीय निगमों को जारी किए गए मार्गनिर्देशों का सख्ती से अनुपालन करने पर जोर दिया । बैठक में हुई आम सहमति के अनुसरण में यह निर्णय लिया गया कि वित्तीय संस्थानों द्वारा किए जाने वाले परियोजना मूल्यांकन में प्रारंभ से ही बैंकों को भी साथ रखा जाएगा ।

उद्योग व्यवहार्यता/ बाजार अध्ययन

2.74 वित्तीय संस्थानों से अपेक्षा की जाती है, कि वे उद्योगों में ऐसी नई इकाईयां लगाने को प्रोत्साहित करें जिनमें, मांग और पूर्ति की स्थिति को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त क्षमता सृजित किए जाने की गुंजाइश हो । इस सम्बन्ध में, योजना की प्राथमिकता एवं लक्ष्यों पर निश्चय ही समुचित बल दिया जाना अपेक्षित है । वित्तीय संस्थानों से यह भी आशा है कि, वे कार्यकुशलता एवं उत्पादकता के मानदण्डों के अनुरूप आर्थिक रूप से व्यवहार्य इकाईयों के विस्तार अथवा विशाखन को प्रोत्साहित करें । इन मानदण्डों को ध्यान में रखते हुए, संस्थानों ने समय समय पर विभिन्न उद्योगों से सम्बंधित व्यवहार्यता/बाजार अध्ययन किया, ताकि सम्बंधित क्षेत्रों में नई इकाईयां लगाने के लिए वित्तपोषण अथवा विद्यमान इकाइयों के विस्तार एवं विशाखन कार्यक्रमों को सहायता प्रदान करते समय समुचित नीतियां निर्धारित की जा सकें ।

2.75 वर्ष 1989–90 के दौरान संस्थानों ने टेलिविजन पिक्चर ट्यूब्स, विनायल फ्लोरिंग टाइल्स, कलाई घड़ियों, मल्टी–लेयर फिल्म/लिमिनेटिड फिल्म्स, स्टील कास्टिंग्स, डयूप्लेक्स/ट्रिप्लेक्स बोर्ड, बायक्सली ओरिएन्टिड पालिप्रोपिलीन फिल्मों, मल्टी–लेयर सिरेमिक चिप केपिसिटर्स, पालियुरेथिन आर्टिफिशियल चमड़े रिकंडीशन्ड कलर पिक्चर ट्यूब, प्रि–फैब्रिकेटेड स्ट्रक्चर, पुश बटन टेलिफोन, सिंगल सुपर फास्फेट, हाइड्राजिन हाइड्रेट, पालिएस्टर फिलामेंट यार्न, कोल्ड रोल्ड कॉयल्स और शीट्स, आटोमोबाइल रेडियेटर्स, वीडियो मैग्नेटिक टेप्स, वनस्पति, पैनिसिलिन जी और हास्पिटल प्रोजैक्ट्स, आदि जैसे विभिन्न औद्योगिक उत्पादों पर अनेक बाजार मूल्यांकन अध्ययन किए । संस्थानों द्वारा इनमें से कुछ अध्ययन भाऔविनि के अग्रणी दायित्व में किए गए ।

सरकार और उद्योग से पारस्परिक सम्पर्क

2.76 भाऔविनि ने सरकार के सभी संबंधित विभागों तथा योजना आयोग के साथ और भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक आदि द्वारा गठित सभी महत्वपूर्ण समितियों/कार्यकारी समूहों आदि के साथ समय-समय पर पारस्परिक सम्पर्क और विचारों का आदान–प्रदान जारी रखा । भाऔविनि चीनी, वस्त्र, जूट, पर्यटन और सम्बन्धी मामलों के आधुनिकीकरण और विकास से संबंधित सभी मामलों में सक्रिय रहा । चीनी विकास निधि और जूट आधुनिकीकरण निधि तथा पर्यटन एवं पर्यटन संबंधी मामलों में यह केन्द्रीय अभिकरण के रूप में कार्य करता रहा ।

2.77 विभिन्न उद्योगों की न्यूनतम आर्थिक क्षमता तय करने तथा आठवीं योजना अवधि के दौरान उच्च राष्ट्रीय प्राथमिकताओं वाले उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए संसाधनों के आबंटन की प्रक्रिया निर्धारित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा गठित कुछ समितियों कार्यकारी समूहों में तथा राष्ट्रीय साख परिषद् में भाऔविनि ने प्रतिनिधित्व किया ।

2.78 भाऔविनि ने निरन्तर चलते रहने वाली प्रक्रिया के रूप में निगमित संस्थाओं और विशेष औद्योगिक समूहों के संघों, वाणिज्य एवं उद्योग संस्थाओं की बैठकों में भाग लिया। इन बैठकों से भाऔविनि को निगमित क्षेत्र के विचारों तथा नीतिगत मामलों और सहायता की योजनाओं के बारे में उनके दृष्टिकोण की पूरी जानकारी मिली। इन बैठकों से निगमित तथा सहकारिता क्षेत्रों के बीच बेहतर समझ-बूझ कायम करने में मदद मिली तथा एक-दूसरे के विचारों को सही ढंग से समझने का अवसर मिला।

(ग) संसाधन और वित्तीय प्रबन्ध

रुपया संसाधन जुटाना

2.79 31 मार्च, 1989 को समाप्त वर्ष के दौरान, भाऔविनि द्वारा कुल 1,112.73 करोड़ रुपये (131.71 करोड़ रुपये के प्रारंभिक रुपया नकद शेष को छोड़कर) के रुपया संसाधन जुटाए गए। कुल मिलाकर, 1989-90 का वर्ष संसाधनों तथा वित्तीय प्रबन्ध की दृष्टि से अत्यन्त कठिनाइयों वाला वर्ष रहा। तथापि संसाधन जुटाने की कठिन स्थिति में आशा की किरण भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, भारतीय रिज़र्व बैंक जैसे सहयोगी संस्थानों द्वारा उपलब्ध करवाई गई रुपया निधि सहायता और भारत सरकार द्वारा इस मामले में दी गई समग्र सहायता थी।

2.80 रिपोर्ट की अवधि के दौरान देश के भीतर जुटाए गए रुपया संसाधनों की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित रहीं:—

—17.50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त शेयर पूंजी का जुटाया जाना (5 करोड़ रुपये 31 मई, 1989 को जुटाए गए, और 12.50 करोड़ रुपये 30 मार्च, 1990 को जुटाए गए)।

—आरक्षित निधियों में 54.80 करोड़ रुपये की वृद्धि द्वारा आन्तरिक संसाधनों में वृद्धि—यह अब तक सर्वाधिक रही।

—(क) ऋणियों द्वारा ऋणों की पुनर्भवायगी, और (ख) निवेशों की बिक्री/विमोचन के द्वारा कुल 250.88 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई प्राप्ति।

—तीन सार्वजनिक बांड निर्गमों (30 मई, 1989, 19 सितम्बर, 1989 और 26 दिसम्बर, 1989 को जारी की गई क्रमशः 53वीं, 54वीं और 55वीं सीरीज) द्वारा कुल 438 करोड़ रुपये के रुपया संसाधन में वृद्धि।

—निम्नलिखित से कुल 265 करोड़ रुपये के अल्पावधि रुपया उधार—

(क) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक—100 करोड़ रुपये	12.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर 4 माह की अवधि के लिए 5 मार्च, 1990 और 15 मार्च, 1990 को 50 करोड़ रुपये प्रत्येक को दो किस्तों में लिया गया।
(ख) भारतीय जीवन बीमा निगम 100 करोड़ रुपये	13 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर 3 वर्ष की अवधि के लिए 18 दिसम्बर, 1989 और 24 जनवरी, 1990 को 50 करोड़ रुपये। प्रत्येक को दो किस्तों में लिया गया। जीवन बीमा निगम को तीन वर्ष से पहले लेकिन तीन महीने के नोटिस की अवधि पर ऋण की तारीख से एक वर्ष की समाप्ति से पहले नहीं, राशि के 75 प्रतिशत की पुनर्अदायगी के प्राप्त करने के विकल्प का प्रावधान।
(ग) भारतीय यूनिट ट्रस्ट—65 करोड़ रुपये	निक्षेपों के रूप में जुटाए गए 7 सितम्बर, 1989 को (50 करोड़ रुपये), 19 फरवरी, 1990 को (10 करोड़ रुपये) और 1 मार्च, 1990 को (5 करोड़ रुपये)। निक्षेप 13 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर 5 वर्ष की अवधि के लिए हैं। भारतीय यूनिट ट्रस्ट को 5 वर्ष से पहले लेकिन जमा की तारीख से 3 वर्ष पूरे होने से पहले नहीं, सात दिन के नोटिस पर, 25 प्रतिशत राशि वापस लेने का विकल्प है।

—10 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर (अर्थात बैंक दर) पर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा मंजूर की गई कार्यशील निधियों का पूर्णतः लाभ उठाना, 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार खाते में बकाया देय राशि 30 करोड़ रुपये थी।

—भारत सरकार से ब्याज अन्तर-जन्य निधियों में से 7.41 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई राशि की प्राप्ति।

रुपया संसाधनों का उपयोग

2.81 रुपया संसाधनों का उपयोग, मंजूर सहायता के अन्तर्गत 980.53 करोड़ रुपये का नकद संवितरण करने, 75 करोड़ रुपये मूल्य के बांडों के विमोचन, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को 8.40 करोड़ रुपये के ऋणों की पुनर्अदायगी करने, केन्द्रीय सरकार को 1.00 करोड़ रुपये के ऋण पुनर्भदा करने, 12.14 करोड़ रुपये के लाभांश की

अदायगी, 22.70 करोड़ रुपये के कर देयता प्रावधान के लिए तथा 110.26 करोड़ रुपये अन्य उपयोगों के लिए किया गया। वर्ष के अन्त में नकद शेष 34.21 करोड़ रुपये था।

विदेशी मुद्रा संसाधन और उनका उपयोग।

2.82 दिसम्बर, 1966 में एशियाई विकास बैंक के संस्थानात्मक परिदृश्य पर आने के बाद पहली बार भाऔविनि ने, भारत के निजी क्षेत्र उद्यमों की मध्यम आकार की विकास परियोजनाओं के लिए अपेक्षित माल और वस्तुओं की विदेशी मुद्रा लागत के वित्तपोषण के लिए 150 मिलियन अमरीकी डालर का ऋण प्राप्त किया जो 5 जनवरी 1990 को एशियाई विकास बैंक तथा भाऔविनि के बीच निष्पादित किए गए ऋण करार में निहित निबंधनों और शर्तों पर लिया गया। ऋण को केन्द्रीय सरकार की गारंटी प्राप्त है, और यह पहली फरवरी, 1993 से शुरू होने वाली 24 छमाही किस्तों में पुनर्देय है। ऋण करार की शर्तों के अनुसार यह ऋण 5 अप्रैल, 1990 से ही, अर्थात्, ऋण करार के निष्पादन के 90 दिन बाद ही लागू हुआ है।

2.83 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भाऔविनि ने, बैंक आफ टोकियो लि०, टोकियो के माध्यम से 12 बिलियन जापानी येन का ऋण भी लिया। इसने, दिसम्बर, 1988 में जुटाए गए 20 बिलियन जापानी येन की मूलधन राशि का, मूलधन और ब्याज दोनों के संबंध में, भाऔविनि की देयता को निश्चितता प्रदान करने की दृष्टि से, मेरिल लिन्च कैपिटल सर्विसेज इन्कार्पोरेटेड के माध्यम से 7.25 प्रतिशत वार्षिक स्थिर ब्याज दर पर 162.074 मिलियन अमरीकी डालर में विनिमय भी किया।

2.84 वर्ष की समाप्ति पर, भाऔविनि बैंकर्स ट्रस्ट कम्पनी लिमिटेड, हांगकांग के माध्यम से 100 मिलियन अमरीकी डालर के सामूहिक ऋण को भी अंतिम रूप देने के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत था। यह ऋण प्रत्येक 50 मिलियन अमरीकी डालर की दो किस्तों में होगा और 50 मिलियन अमरीकी डालर की दूसरी किस्त एजेंट अर्थात् मैसर्स सनवा बैंक लिमिटेड के विकल्प पर चार वर्ष के बाद स्विस फ्रैंक्स में संपरिवर्तनीय होगी। उपर्युक्त ऋण सुविधा के संबंध में बैंकर्स ट्रस्ट कम्पनी, भाऔविनि के 50 मिलियन अमरीकी डालर (स्विस फ्रैंक्स में संपरिवर्तनीय) के विद्यमान ऋण में सन्निहित स्विस फ्रैंक्स विकल्प को निष्प्रभावी कर देगी। सौदे के व्यावहारिक रूप लेने के बाद 31 अगस्त, 1990 को स्विस फ्रैंक में 50 मिलियन अमरीकी डालर के वर्तमान ऋण के संपरिवर्तन को निःशुल्क निष्प्रभावित किया जाएगा, और भाऔविनि का ऋण 50 मिलियन अमरीकी डालर बना रहेगा जिस पर कि लन्दन अंतर-बैंक प्रस्तावित दर से 1.92 प्रतिशत की दर से घटा कर ब्याज लगेगा।

2.85 समग्रतः, 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि के विद्यमान विदेशी मुद्रा संसाधनों में (क) जर्मन मार्क में 25 ऋण व्यवस्थाओं के अधीन जर्मन संघीय गणराज्य के क्रेडिटान्स्टाल्ट–फर–वाइडराफबाऊ से कुल 408 मिलियन जर्मन मार्क का उधार, (ख) अन्तर्राष्ट्रीय पूंजी बाजार से विदेशी मुद्राओं में जुटाए गए अमरीकी डालर 320 मिलियन, जापानी येन 52 बिलियन और जर्मन मार्क 15 मिलियन के संचयी वाणिज्यिक उधार, (ग) इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट को–आपरेशन लि०, फिनलैंड की फिनिश निधि से 30 मिलियन फिम ऋण की व्यवस्था और (घ) एशियाई विकास बैंक से 150 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण की व्यवस्था (5 अप्रैल, 1990 से लागू) शामिल हैं।

2.86 उपर्युक्त विदेशी मुद्रा संसाधनों में से भाऔविनि, 31 मार्च, 1990 तक 1,540.22 करोड़ रुपये के समकक्ष विदेशी मुद्राओं के उप-ऋणों का वचन दे चुका था। 31 मार्च, 1990 तक विदेशी मुद्रा उप–ऋणों का वास्तविक संवितरण 814.10 करोड़ रुपये के बराबर का रहा, जिसमें से 140.74 करोड़ रुपये का संवितरण वर्ष 1989–90 के दौरान किया गया।

2.87 वर्ष के दौरान, विदेशी मुद्रा में लिए गए वास्तविक उधार कुल 235.77 करोड़ रुपये के समकक्ष थे और विदेशी मुद्रा ऋणों की पुनर्अदायगी 80.68 करोड़ रुपये के समकक्ष की गई। 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार निवल बकाया विदेशी मुद्रा ऋण 1,357.80 करोड़ रुपये थे जो 31 मार्च, 1989 की स्थिति के अनुसार (31 मार्च, 1990 को लागू दर पर पुनर्मूल्यांकित आधार पर) 1,202.71 करोड़ रुपये थे।

2.88 विदेशी मुद्रा परिचालनों एवं प्रबन्ध के क्षेत्र में यद्यपि संसाधन स्थिति कुल मिलाकर संतोषजनक रही लेकिन वर्ष 1989–90 के दौरान मांग कुछ मंदी रही, क्योंकि रुपये के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्य में निरन्तर गिरावट होती रही। अतः आने वाले वर्षों में भाऔविनि का झुकाव संभव सीमा तक इक्विटी उधारों सहित सर्वाधिक मितव्ययी उधारों पर और मुद्रा एवं ब्याज स्वैप के माध्यम से देयता प्रबन्ध व्यवस्था, अनुकूल शर्तों, आदि पर वर्तमान विदेशी मुद्रा के पुनः समझौता वार्ता पर रहने की संभावना है।

निधियों के स्रोत और उपयोग (संस्था)

2.89 भाऔविनि के आरम्भ से लेकर और 31 मार्च, 1990 तक इसके स्रोत कुल 6,888.37 करोड़ रुपये के थे जिनमें सम्मिलित हैं शेयर पूंजी 100.00 करोड़ रुपये, आन्तरिक जनन 1,835.23 करोड़ रुपये, बाह्य वाणिज्यिक उधार 1,186.71 करोड़ रुपये, विदेशी ऋण 278.77 करोड़ रुपये तथा सरकार एवं भारतीय वित्तीय संस्थानों से उधार 592.67 करोड़ रुपये और बाजार उधार 2,894.99 करोड़ रुपये। इनका उपयोग 4,434.03 करोड़ रुपये के रुपया संवितरणों, 814.10 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा संवितरणों, 149.21 करोड़ रुपये के निवेश, 395.44 करोड़ रुपये के बांडों के विमोचन, सरकार तथा भारतीय वित्तीय संस्थानों को 204.73 करोड़ रुपये की पुनर्अदायगी, 239.17 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा ऋणों की पुनर्अदायगी, 54.75 करोड़ रुपये के लाभांश की अदायगी के प्रावधान के लिए तथा

167.80 करोड़ रुपये कर के लिए और 382.34 करोड़ रुपये अन्य उपयोगों के लिए किया गया। नकद शेष अन्त में 46.80 करोड़ रुपये का था।

बकाया और अतिदेय

2.90 31 मार्च, 1990 को समाप्त स्थिति के अनुसार 2,410 संस्थाओं से 4,075.30 करोड़ रुपये की ऋण सहायता बकाया थी। वित्तपोषित कम्पनियों के शेयरों और डिबेंचरों में भाऔविनि की धारिता 142 करोड़ रुपये थी और 39.84 करोड़ रुपये की कुल राशि के लिए गारंटियां, जारी थीं।

2.91 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार बकाया ऋण सहायता में से, कुल अतिदेय राशि 153.64 करोड़ रुपये (मूलधन के रूप में 95.38 करोड़ रुपये और ब्याज के रूप में 58.26 करोड़ रुपये) थी। ये अतिदेय राशियां 31 मार्च 1990 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि के कुल बकाया ऋणों का लगभग 3.8 प्रतिशत थीं।

2.92 दीर्घकाल से समस्याओं का सामना करती आ रही वित्तपोषित इकाइयों के मामले में परियोजनाओं के वित्त-पोषण में संबंधित सभी भागीदार संस्थानों/बैंकों की संयुक्त बैठकें आयोजित की गई, ताकि इनके पुनर्स्थापन/पुनर्जीवन के लिए संभव एकमुश्त सुविधाओं को निर्धारित करने हेतु सम्मति प्राप्त की जा सके। वसूली अभियान एवं भाऔविनि की बकाया सहायता के गुणात्मक पहलुओं में सुधार लाने के लिए क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों को भी इस कार्य में सक्रिय रूप से सम्मिलित किया गया।

पुनर्स्थापन कार्यक्रम

2.93 रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिए भाऔविनि के प्रयास रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष उपबन्ध) अधि-नियम, 1985 के अधीन स्थापित औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निमाण बोर्ड, जो पिछले चार वर्षों से कार्यरत है, के साथ संबद्ध रहे।

2.94 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष के दौरान, भाऔविनि के 63 अग्रणी मामलों के सम्बन्ध में औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निमाण बोर्ड द्वारा 92 सुनवाइयां हुई। प्रत्येक मामलों में औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निमाण बोर्ड द्वारा निर्धारित विशिष्ट मार्गनिर्देशों को ध्यान में रखते हुए विस्तृत व्यवहार्यता अध्ययन एवं पुनर्स्थापन कार्यक्रम बनाने के लिए 25 मामलों के संबंध में भाऔविनि को परिचालन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया। परिचालन एजेंसी के रूप में भाऔविनि ने, 23 मामलों के संबंध में मसौदा पुनर्स्थापन योजनाएं औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड के विचारार्थ प्रस्तुत कीं। इसके अतिरिक्त, औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड के तत्वावधान में भाऔविनि ने 4 अग्रणी मामलों में व्यवहार्यता अध्ययन और/अथवा पुनर्स्थापन कार्यक्रम बनाने का दायित्व निभाया, यद्यपि यह परिचालन एजेंसी के कार्यों में नहीं शामिल था। भाऔविनि की सुविज्ञता कतिपय गैर-वित्तपोषित रुग्ण इकाइयों के पुनर्जीवन के लिए योजनाओं को संवीक्षा करके नया रूप देने के लिए भी औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड को उपलब्ध करवाई गई। वर्ष की समाप्ति पर भाऔविनि के पास परिचालन एजेंसी के रूप में विस्तृत जांच के लिए 17 मामले थे।

2.95 औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड की परिधि में न आने वाले मामलों के सम्बन्ध में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के लिये तथा अन्तर संस्थानात्मक स्तर पर अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के लिये बनाये गये मार्गनिर्देशों की पृष्ठभूमि में पुनर्स्थापन कार्यक्रम बनाये गये। ऐसे पांच मामलों में वर्ष के दौरान पुनर्स्थापन योजनायें बनाई गईं। रुग्ण इकाइयों के लिये सिफारिश किये गये/प्रत्याशित उपायों में जो विस्तृत पहलू निहित थे उनमें आधुनिकीकरण, विस्तार, विशाखन, सन्तुलन आदि शामिल थे। तीन मामलों में बकाया देय राशियों के निपटान की तथा दो मामलों में परिसम्पत्तियों की बिक्री की व्यवस्था की गई। भा० औ० वि० नि० के अग्रणी दायित्व के दो मामलों में, प्रवर्तकों द्वारा इकाईयों के पुनर्स्थापन/संस्थानों को देय राशि की समुचित पुनर्भदायगी के लिये उपाय आरम्भ न किये जाने के कारण ऋणी संस्थाओं से ऋण वापस मांग लिये गये। अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा उनके अग्रणी दायित्व के मामलों के सम्बन्ध में किये जा रहे पुनर्स्थापन प्रयासों के साथ भी भा० औ० वि० नि० को सक्रिय रूप से सहयोजित किया जाता जारी रहा।

2.96 यद्यपि रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिये अपनाये जाने वाले उपायों पर औद्योगिक एवं वित्तीय पुन-निर्माण बोर्ड द्वारा विचार किया जाना जारी रहा, किन्तु केन्द्रीय सरकार ने 17 अक्तूबर, 1989 से, कमजोर औद्योगिक इकाइयों को उत्पाद शुल्क में राहत देने की योजना आरम्भ की, ताकि ऐसी कमजोर इकाइयां शीघ्र पुनः व्यवहार्य हो सके। योजना में ऐसी औद्योगिक कम्पनियों को ब्याज-मुक्त उत्पाद ऋणों की मंजूरी पर विचार करने का प्रावधान है, जिनकी संचयी हानियां पांच वित्तीय वर्षों के एकदम पहले की अवधि के दौरान उनकी अधिकतम निवल मूल्य में 50% या अधिक की कमी में परिणीत हुई हों। उत्पाद ऋण, नामोदिष्ट कि वित्तीय संस्थानों द्वारा अनुमोदित पुर्नस्थापन पैकेज के भाग के रूप में ब्याज-मुक्त आधार पर दिए जाने की व्यवस्था है, पैकेज के अनुमोदन की तारीख से बाद के तीन वर्षों में वास्तविक रूप से अदा किये गये उत्पादन शुल्क के 50% या पुनर्स्थापन पैकेज के लागत के 25%, इनमें से जो भी कम हो, से अधिक न होंगे। ये ऋण अन्तिम संवितरण की तारीख से प्रारम्भ होने वाले तीन वर्षों की ऋण स्थगन अवधि के बाद सात वर्षों में पुनर्भदा किये जाने हैं। उपर्युक्तानुसार उत्पाद राहत योजना के शुरू होने से यह आशा की जाती है कि वह एक सुचारू तरीके से बहुत सी कमजोर/रुग्ण औद्योगिक कम्पनियों के पुनर्स्थापन को प्रोत्साहित कर सकेगी।

2.97 रिपोर्ट की अवधि के दौरान, भा०औ०वि०नि० के कार्यक्रम से उपचारित की गई कुछ इकाइयों ने उल्लेखनीय

प्रगति की। इसके अतिरिक्त मार्च, 1990 की समाप्ति पर समामेलन/अधिग्रहण के कुछ प्रस्ताव संस्थानों द्वारा विचाराधीन थे।

(घ) कार्य-परिणाम

लाभ

2.98. 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष के लिये लाभ हानि लेखों के लेखा परीक्षित लेखे तथा उसी तारीख के तुलन पत्र से, जिन्हें कि इस रिपोर्ट के साथ लगाया गया है, पता चलता है, कि इस अवधि के दौरान भा० औ० वि० नि० का कर पूर्व लाभ 90.14 करोड़ रुपये रहा जबकि 31 मार्च, 1989 को समाप्त 9 माह की अवधि (जुलाई-मार्च) के दौरान यह 60.55 करोड़ रुपये था। इससे वार्षिकीय आधार पर पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11.6% की वृद्धि परिलक्षित होती है। वर्ष के दौरान 22.70 करोड़ रुपये के लिये कराधान की व्यवस्था करने के पश्चात् 67.44 करोड़ रूपये का निवल लाभ रहा, जबकि 31 मार्च, 1989 को समाप्त 9 माह की अवधि (जुलाई, मार्च) के लिये यह 50.53 करोड़ रुपये था।

सारणी 13 : निवल लाभ का विनियोजन

(करोड़ रुपये)

		इस वर्ष 1989–90 (अप्रैल-मार्च) रु०	पिछला वर्ष 1988–89 (जुलाई-मार्च) रु०
(1)		(2)	(3)
निवल लाभ		67.44	50.53
विनियोजन			
निम्नलिखित को अन्तरित—			
(क) सामान्य आरक्षित निधि	22.30		27.53
(ख) हितकारी आरक्षित निधि	2.50		1.00
(ग) विशेष रिजर्व (आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1) (viii) के अधीन)	30.00	54.80	14.29
कर्मचारी कल्याण निधि को आवंटन		0.50	0.50
लाभांश की अदायगी		12.14 (14%)	7.21 (13%)
जोड़		67.44	50.53

विनियोजन

2.99 भा० औ० वि० नि० के निदेशक बोर्ड द्वारा निवल लाभ में से किये गये विनियोजन का विवरण सारणी 13 में दिया गया है।

रिजर्व में अभिवृद्धि

2.100 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष के दौरान भा० औ० वि० नि० ने अपने रिजर्व में 54.80 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की जिसमें सामान्य आरक्षित निधि, हितकारी आरक्षित निधि तथा विशेष आरक्षित निधि शामिल है। यह 42.82 करोड़ रुपये के पिछले वर्ष के अन्तरण की तुलना में 27.9% अधिक थी।

लाभांश

2.101 सन्तोषजनक कार्य-परिणाम को ध्यान में रखते हुए भा० औ० वि० नि० के निदेशक बोर्ड ने शेयरों पर पिछले वर्ष घोषित 13% की तुलना में 14% वार्षिक लाभांश अदा करने का अनुमोदन किया है।

कार्य-परिणामों की प्रवृत्ति

2.102 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष सहित भा० औ० वि० नि० के पिछले पांच वर्षों के कार्य-परिणामों का संक्षेप सारणी–14 में दिया गया है।

सारणी 14: पांच वर्षों के दौरान भा० औ० वि० नि० के कार्य-परिणाम (करोड़ रुपये)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष			31 मार्च, 1989 को समाप्त 9 माह की अवधि	31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष
	1986 रु०	1987 रु०	1988 रु०	रु०	रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दिये गये उधारों पर ब्याज	167.74	225.48	285.30	277.77	462.95
घटाइये : लिए गये उधारों की लागत . . .	119.92	160 78	212.10	213.62	357.95
निवल ब्याज राजस्व	47.82	64.70	73.20	64.15	105.00
अन्य आय	9.40	8.00	9.36	11.26	12.93
निवल आय	57.22	72.70	82.56	75.41	117.93
व्यय :					
—कार्मिक व्यय	4.85	6.55	6.12	5.02	8 55
—निवेशों पर हानि	0.37	0.18	0.02	0.31	0.18
—निदेशकों तथा समिति सदस्यों के शुल्क तथा व्यय	0 02	0 03	0.03	0.02	0.03
—अन्य व्यय व अनुदान	2.67	3.14	4.51	3.70	10.23
—मूल्यह्रास	0 50	1 18	3.00	5.81	8.80
कर-पूर्व लाभ	48.81	61.62	68.88	60.55	90.14
कराधान	14.63	18.14	16.22	10.02	22.70
निवल लाभ	34.18	43.48	52.66	50.53	67.44
लाभांश (दर)	10.0%	11.0%	12.0%	13.0%	14.0%

2.103 उपर्युक्त से यह देखा जा सकता है कि वार्षिकीय आधार पर पिछले वर्ष की तुलना में :

—1989–90 (अप्रैल-मार्च) में ऋण परिचालनों से ब्याज आय में 25% की वृद्धि हुई।

—1989–90 में "उधार लागत" में 25.7% की वृद्धि हुई।

—निवल आय तथा कर-पूर्व लाभ में क्रमश: 17.3% और 11.6% वृद्धि हुई।

—1988–89 में ऋणों पर 76.9% की ब्याज की आय की तुलना में 1989–90 में ब्याज में आय 77.3 रही।

—पिछले वर्ष में निवल आय में प्रतिशत के रूप में कर-पूर्व लाभ 80.3% की तुलना में वर्ष 1989–90 में कर-पूर्व लाभ 76.4% रहा।

—पिछले वर्ष में निवल आय में प्रतिशत के रूप में निवल लाभ 67% की तुलना में वर्ष 1989–90 में निवल लाभ 57.2% रहा।

वित्तीय स्थिति

2.104 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार भा० औ० वि० नि० की परिसम्पत्तियों और देयताओं की स्थिति सहित पिछले पांच वर्षों की वित्तीय स्थिति, जैसा कि भा० औ० वि० नि० के तुलन-पत्र से स्पष्ट है, संक्षेप में सारणी 15 में दी गई है।

सारणी 15: पांच वर्षों के दौरान भा० औ० वि० नि० की परिसम्पत्तियों तथा देयताओं की स्थिति

(करोड़ रुपये)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष			31 मार्च, को समाप्त वर्ष	
	1986 रु०	1987 रु०	1988 रु०	1989 रु०	1990 रु०
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
परिसम्पत्तियां					
नकद व बैंक शेष	208.88	137.00	193.38	140.93	46.80
निवेश					
—सहायता प्राप्त संस्थाओं में	58.68	72.83	96.53	111.75	141.99
—अन्य संस्थाओं में	0.21	2.81	6.50	20.10	27.00
सहायता प्राप्त संस्थाओं को ऋण	1,649.11	2,117.10	2,733.21	3,372.53	4,179.04
स्थिर तथा अन्य परिसम्पत्तियां	93.25	132.73	221.45	309.61	510.84
स्वीकृतियों के लिये ग्राहक देयतायें	17.88	21.93	22.92	32.51	39.84
	2,028.01	2,484.40	3,273.99	3,987.43	4,945.51
देयतायें और शेयरधारी निधि					
शेयर पूंजी	45.00	57.50	70.00	82.50	100.00
रिजर्व तथा आरक्षित निधि	144.88	182.17	225 62	270.94	327.42
उधार					
(क) बांड	1,452.88	1,729.40	2,083.80	2,314.70	2,851.39
(ख) सरकार तथा भा० औ० वि० बैंक से	87.13	79.30	70.73	67.85	60.09
(ग) जीवन बीमा निगम से	—	—	—	—	100.00
(घ) विदेशी मुद्राओं से	163.25	285.78	611.15	988.60	1,005.95
अन्य चालू देयतायें और प्रावधान	110.74	120.29	179.87	216.88	439.11
निर्धारित निधियां	6.25	8.03	9.90	13.45	21.71
स्वीकृतियों पर देयता	17.88	21.93	22.92	32.51	39.84
	2,028.01	2,484.40	3,273.99	3,987.43	4,945.51
ऋण : इक्विटी	8.9:1	8.7:1	9.3:1	9.5:1	9.4:1
निवल मूल्य : निवल लाभ	5.6:1	5.5:1	5.6:1	7.0:1	6.3:1

लेखांकन नीतियां

2.105 भा० औ० वि० नि० द्वारा अपनाई गई महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां तथा लेखे का रूप ग्रहण करने वाली टिप्पणियां अनुसूची 17 में दी गई है, तथा यह 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार तुलन-पत्र का भाग है।

आन्तरिक लेखा-परीक्षा

2.106 भा० औ० वि० नि० में एक नियमित आन्तरिक लेखा-परीक्षा व्यवस्था है, जो कि सभी परिचालनात्मक एवं लेखांकन मामलों में प्रणालियों एवं कार्यविधियों के उचित प्रवर्तन के लिये उत्तरदायी है। वर्ष के दौरान आन्तरिक लेखा-परीक्षा विभाग ने बाउचरों एवं लेखे के 100% सत्यापन करने के अतिरिक्त उत्पादकता और दक्षता लेखा-परीक्षा और साथ ही प्रणालियों एवं कार्य-विधियों में व्यर्थता एवं अनावश्यकता को दूर करने जैसे क्षेत्रों को भी आवृत्त किया, जिससे कि उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करके उत्पादकता को बढ़ाया जा सके। लेखा-परीक्षा प्रेक्षणों के अनुपालन की भी आन्तरिक लेखा-परीक्षा विभाग द्वारा निरन्तर समीक्षा की जाती रही।

लेखा-परीक्षा रिपोर्ट

2.107 समीक्षाधीन वर्ष के लिये मैसर्स लोढ़ा एण्ड कम्पनी, सनदी लेखापाल, 14, गवर्नमेंट प्लेस ईस्ट, कलकत्ता को औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 34 के अन्तर्गत शेयरधारियों द्वारा (भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न) लेखा-परीक्षकों के रूप में चुना गया। समीक्षाधीन

वर्ष के लिये भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 34(1) की शर्तों के अनुसार मैसर्स सुमेर बंगल एण्ड कम्पनी, सनदी लेखापाल, 36, नेताजी सुभाष मार्ग, दिल्ली को नियुक्त किया। औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 34(3) की व्यवस्थाओं के अनुसार 31 मार्च, 1990 को समाप्त हुए वर्ष के लिये लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट इस वर्ष के लेखे के साथ संलग्न है।

प्रवर्तन सेवायें

प्रवर्तन सेवायें—समीक्षा

3.01 यद्यपि व्यवहार्य औद्योगिक परियोजनाओं का वित्तपोषण और नए तथा विद्यमान उपक्रमों को मर्चेन्ट बैंकिंग तथा वित्तीय सेवायें उपलब्ध कराना भाऔविनि के कारोबार का मूलाधार है, तथापि, इसकी प्रवर्तन और विकासात्मक भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं है, जिसके द्वारा भाऔविनि संस्थानात्मक अवस्थापना या विस्तार सेवाओं में अन्तराल का पता लगाने का प्रयास करता है, तथा औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 32 ख के अधीन प्राप्त अपने लाभ में से सृजित हितकारी आरक्षित निधि के रूप में उपलब्ध संसाधनों तथा भाऔविनि, क्रदितांस्तल्ट-फर-वाइडरफबऊ (केएफडब्ल्यू), भारत सरकार तथा जर्मन संघीय गणराज्य सरकार के बीच हुए करार के अनुसार भाऔविनि द्वारा के एफडब्ल्यू ऋणों पर ब्याज में से भारत सरकार से प्राप्त राशियों से सृजित ब्याज अन्तर्जन्य निधियों की सीमा तक गैर-वित्तीय निवेशों के प्रावधान की व्यवस्था करके उद्योग को प्रोत्साहित करने का यत्न करता है।

3.02 भाऔविनि द्वारा प्रदत्त प्रवर्तन सेवायें मूलतः सहायक उपायों के रूप में हैं, जिनमें निम्नलिखित सेवायें शामिल हैं :—

— विशेष रूप से बनाई गई प्रवर्तन योजनाओं के माध्यम से ग्राम और लघु उद्योग क्षेत्र को सहायता।

— तकनीकी सलाहकारी संगठनों के माध्यम से सलाहकारी सेवाओं हेतु सहायता।

— औद्योगिक सम्भाव्य सर्वेक्षणों हेतु सहायता।

— उद्यमीयता विकास हेतु सहायता।

— प्रबंध विकास हेतु सहायता।

— जोखिम पूंजी, उद्यम पूंजी तथा प्रौद्योगिकी वित्त हेतु सहायता।

— पर्यटन और पर्यटन संबंधी कार्यों, सुविधाओं और सेवाओं हेतु सहायता।

— प्रतिभूति बाजार के विकास एवं निदेशक संरक्षण हेतु सहायता।

— विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमीयता पार्कों हेतु सहायता।

— विभिन्न विषयों में अनुसंधान और अनुसंधानोन्मुख कार्यों के लिए सहायता।

3.03 वर्ष 1989-90 के दौरान विभिन्न प्रवर्तन कार्यों पर भाऔविनि द्वारा उपयोग की गई कुल राशि 665.33 लाख रुपये रही। संचयी रूप से 31 मार्च, 1990 तक भाऔविनि ने अपनी विभिन्न प्रवर्तन योजनाओं के लिए 3,927.84 लाख रुपये का उपयोग किया। सारणी 16 और 17 में भाऔविनि द्वारा इसकी प्रवर्तन सेवाओं के लिए उपयोग की गई राशि और उसके लिए निधि जुटाने का ब्यौरा दिया गया है :—

सारणी 16 : प्रवर्तन सेवाओं पर भा औ वि नि द्वारा उपयोग की गई राशि

(लाख रुपये)

भा औ वि नि द्वारा सहायता प्रदान की गई सेवाओं का स्वरूप	1989-90 (अप्रैल मार्च) राशि/रुपये		31 मार्च 1990 तक संचयी राशि/रुपये	
(1)	(2)		(3)	
(i) प्रवर्तन योजनायें				
—उप सहायता . . .	47.86		354.62	
—ऋण सहायता	—		23.50	
—उद्यमी विकास कार्यक्रम योजना . .	0.91		0.91	
		48.77		379.03
(ii) औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण				
उद्योग रहित जिलों सहित पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिये		—	—	9.63
(iii) तकनीकी सलाहकारी संगठनों के लिये सहायता				
—तकनीकी सलाहकारी संगठन . .	7.99		76.74	
—औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका	—	7.99	0.43	77.17

1	2		3	
( ) उद्यमीयता विकास के लिए सहायता				
—उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों की लागत में हिस्सेदारी	19.31		75.01	
—भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान को सहायता	—		93.00	
—उद्यमीयता विकास संस्थानों को सहायता	5.19	24.50	20.25	188.26
(v) प्रबन्ध विकास संस्थान की प्रबन्ध विकास गतिविधियों के लिये मदद		214.77		1,060.01
(vi) जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम के माध्यम से जोखिम पूंजी सहायता के लिये मदद		228.00		1,803.23
(vii) भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड के लिये सहायता		125.00		250.00
(viii) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों को सहायता		2.50		18.41
(ix) अनुसन्धान आदि का प्रवर्तन				
—भा० औ० वि० नि० पीठें	3.10		32.25	
—विशेष अनुसन्धान अध्ययन रिपोर्टें आदि	—		10.63	
—इण्डियन इकोनामिक जर्नल को सहायता	—		0.15	
—राष्ट्रीय लघु उद्योग विकास संस्थान को सहायता				
—भा० औ० वि० नि अनुसन्धान	0.20	3.30	0.20	43.23
(x) अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और सेमिनारों के लिये सहायता				
—ग्रामीण विकास पर अन्तराष्ट्रीय प्रतिपादन	—		1.00	
—गुटनिरपेक्ष और अन्य विकासशील राष्ट्रों के लिये अनुसन्धान और सूचना व्यवस्था	—		11.00	
—विश्व आर्थिक कांग्रेस	—		4.00	
—इण्डियन इकोनोमैट्रिक सोसायटी	—		0.50	
—लघु और मध्यम उद्योग विश्व सम्मेलन		1.00	1.00	17.50
(xi) विशेष संगठनों को उहायता				
—गहरा कुआं परियोजना के लिये मुनिगुडा उड़ीसा के 'नई आशा ग्रामीण कुष्ठ रोग न्यास'	—		0.21	
—धारवाड़ (कर्नाटक) के बहु-आयामी विकास अनुसन्धान केन्द्र	9.00		14.00	
—नई दिल्ली का पालिसी ग्रुप (गैर लाभ अर्जक अनुसन्धान संगठन)	—		3.00	
—राष्ट्रीय पब्लिक वित्त तथा नीति संस्थान को सहायता	0.50	9.50	0.50	17.71
(xii) पुनश्चर्या कार्यक्रम और राज्य-स्तरीय संस्थानों को सहायता		—		4.30
(xiii) अन्य (परियोजना के प्रत्यक्ष वित्त के लिये प्रयुक्त)		—		59.36
जोड़		665.33		3,927.84

सारणी–17 : भाऔविनि की प्रवर्तन सेवाओं के लिए वित्तीय स्रोत

(लाख रुपए)

निधि	1989–90 (अप्रैल–मार्च) राशि रु०	31 मार्च, 1990 तक संचयी राशि रु०
	2	3
हितकारी आरक्षित निधि (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32–ख के अधीन भाऔविनि के लाभों से बनाई गई)	238.68	1,068.48
ब्याज अन्तर–अन्य निधियां (भाऔविनि क्रिडितांस्तल्ट फर वाइडरफबऊ, भारत सरकार और जर्मन संघीय गणराज्य की सरकार के बीच हुए करारों की शर्तों के अधीन के० एफ० डब्ल्यू० ऋणों के लिए भाऔविनि द्वारा अदा किए गए ब्याज में से भारत सरकार से प्राप्त धन की द्योतक हैं),	426.65	2,859.36
जोड़	665.33	3,927.84

प्रवर्तन योजनाएं

3.04 भारतीय अर्थव्यवस्था में ग्राम और लघु उद्योग क्षेत्र की विशेष भूमिका है, तथा यह रोजगार–उन्मुख औद्योगिक विकास के लिए हमारी राष्ट्रीय नीति का एक महत्वपूर्ण भाग है। भाऔविनि ने अपनी प्रवर्तन सेवाओं के शुरू करने के समय से ही ग्राम और लघु उद्योग क्षेत्र के लिए सहायता सेवाओं में विद्यमान अन्तराल का पता लगाने तथा इसके लिए विशेष रूप से तैयार की गई अपनी प्रवर्तन योजनाओं द्वारा उस अन्तराल को भरने का सामर्थ्यानुसार प्रयत्न किया है।

3.05 भाऔविनि ने अपने अनुभव से यह महसूस किया कि ग्राम और लघु उद्योग क्षेत्र में विशेषज्ञों की सलाह, परामर्श और विस्तार सेवाओं की उतनी ही आवश्यकता थी, जितनी कि अर्थ–व्यवस्था के अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में। लेकिन इस क्षेत्र के पास परियोजना–चक्र के विभिन्न चरणों के दौरान आवश्यक विशेषज्ञ सलाहकारी परामर्श की लागत को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन का अभाव था। अतः, भाऔविनि ने, एक के बाद एक आठ सलाहकारी–शुल्क उपसहायता योजनाएं प्रारम्भ की, जो अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों और बैंकों द्वारा प्रायोजित तकनीकी सलाहकारी संगठनों की सहायता से चलाई जा रही हैं। नीचे दी गई योजनाएं काफी हद तक ग्राम एवं लघु उद्योगों के उन क्षेत्रों में अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने तथा उसे बनाए रखने में सफल रही हैं, जिनमें कम लागत लेकिन उत्कृष्ट परामर्श तथा संबंधित विस्तार सेवाओं की आवश्यकता है :

— व्यवहार्यता अध्ययन, आदि की लागत को पूरा करने के लिए ग्रामीण कुटीर, अति लघु और लघु क्षेत्र के लघु उद्यमियों को उप–सहायता योजना।

— पशु पालन, डेरी फार्मिंग, मुर्गी पालन और मछली पकड़ने से संबंधित उद्योगों को सलाहकारी उप–सहायता योजना।

— कृषि, बागवानी, रेशम उद्योग, और मत्स्य पालन पर आधारित या उनसे संबंधित उद्योगों को सलाहकारी उप–सहायता योजना।

— बाजार अनुसंधान/सर्वेक्षण आदि की लागत को पूरा करने के लिए नए उद्यमियों को उप–सहायता योजना।

— लघु क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों को विपणन सहायता उपलब्ध कराने के लिए उप–सहायता योजना।

— गैर–परम्परागत स्रोतों से प्राप्त ऊर्जा के प्रयोग तथा ऊर्जा संरक्षण उपायों हेतु सलाहकारी उप–सहायता योजना।

— ग्रामीण और लघु उद्योग क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण हेतु उप–सहायता।

— सहायक और लघु क्षेत्र के उद्योगों के प्रवर्तन के लिए उप–सहायता योजना।

3.06 इन योजनाओं को ग्राम एवं लघु उद्योग क्षेत्र तक ही सीमित रखने पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि उपयुक्त योजनाओं के अधीन उपलब्ध सुविधाओं पर मध्यम और बड़े क्षेत्र के उद्योगों का अतिक्रमण न हो सके। वर्ष 1989–90 के दौरान उपर्युक्त योजनाओं के अधीन सलाहकारी शुल्क उप–सहायता की राशि 44.76 लाख रुपये, और 31 मार्च, 1990 तक संचयी रूप से कुल राशि 303.43 लाख रुपये रही।

3.07 इसके अतिरिक्त, भाऔविनि की चार ब्याज उप–सहायता योजनाएं हैं, जो गुणवत्ता नियंत्रण उपायों और देश में विकसित प्रौद्योगिकी आदि अपनाने के लिए स्व–नियोजित युवाओं, महिला उद्यमियों तथा ग्राम एवं लघु उद्योग क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों को सकारात्मक प्रोत्साहन देती हैं। राज्य वित्तीय निगमों और/अथवा राज्य वित्तीय निगमों की भूमिका अदा

करने वाले राज्य-स्तरीय संस्थानों के माध्यम से चलाई जा रही ये योजनाएं इस प्रकार हैं :—

— बेरोजगार युवा-व्यक्तियों के स्व-विकास और स्व-नियोजन के लिए ब्याज उप-सहायता योजना ।

— महिला उद्यमियों के लिए ब्याज उप-सहायता योजना ।

— लघु उद्योग क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज-उप सहायता योजना ।

— स्वदेशी प्रौद्योगिकी अपनाने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज उप-सहायता योजना ।

बेरोजगार युवा व्यक्तियों और महिला उद्यमियों से संबंधित प्रथम दो योजनाओं के परिचालन के लिए राज्य वित्तीय निगमों और/अथवा राज्य वित्तीय निगमों की भूमिका अदा करने वाले राज्य-स्तरीय संस्थानों के अतिरिक्त बैंकों को भी प्राधिकृत किया गया है । वर्ष 1989-90 के लिए उपयुक्त योजनाओं के अधीन संवितरित उप-सहायता 3.10 लाख रुपये और संचयी रूप से मार्च, 1990 के अन्त तक 51.19 लाख रुपये रही ।

3.08 गरीबी और बेरोजगारी से ग्रस्त अर्थव्यवस्था में, रोजगारोन्मुख नियोजन की तुलना में स्व-नियोजन के उपाय निस्संदेह रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बेहतर और अधिक प्रभावी साधन हैं । उद्यमीयता विकास के क्षेत्र में अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा कार्यान्वित की जा रहीं अनेक सहायक उपाय और योजनाएं हैं, परन्तु जहां तक उद्यमीयता विकास कार्यों का संबंध है, भाऔविनि की प्रवर्तन योजनाओं की निम्नलिखित दो योजनाएं अपने स्वरूप और विषय-वस्तु में बेजोड़ हैं :

— पर्यटन तथा पर्यटन संबंधी कार्यों में उद्यमीयता विकास को प्रोत्साहित करने की योजना ।

— पुनर्स्थापन/पुनर्जीवन की प्रक्रिया से गुजरने वाली संगठित क्षेत्र की रुग्ण औद्योगिक इकाइयों में छंटनी या यौक्तिकीकरण के कारण बेरोजगार हुए व्यक्तियों में स्व-नियोजन को प्रोत्साहित करने की योजना ।

3.09 पहली योजना गोवा राज्य में तथा दूसरी योजना मध्य प्रदेश राज्य में परीक्षण के तौर पर चलायी जा रही है । वर्ष के दौरान, मिटकॉन लि० के गोवा केन्द्र के सक्रिय सहयोग से 31 मई, 1989 को मारगाओ में उद्यमियों के लिए एक जागरुकता शिविर का आयोजना किया गया । बाद में, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान के समग्र पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन में गोवा, आर्थिक विकास निगम लि० द्वारा चलाए जाने वाले पर्यटन और पर्यटन संबंधी कार्यों से सम्बद्ध क्रियाकलापों पर गहन उद्यमीयता विकास कार्यक्रम के लिए भी अपनी सहमति दी ।

3.10 मध्य प्रदेश में, वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने बुरहानपुर (जिला खंडवा) और ग्वालियर में कपड़ा मिलों में की गई छंटनी के कारण बेरोजगार व्यक्तियों को स्व-रोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भाऔविनि योजनाओं के अधीन उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आयोजित करने के लिए दो प्रस्तावों के लिए स्वीकृति प्रदान की । 30 अगस्त, 1989 को बुरहानपुर तथा 01 सितम्बर, 1989 को ग्वालियर में प्रारम्भ किए गए कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए, और वर्ष की समाप्ति पर इन कार्यक्रमों पर अनुवर्ती कार्रवाई चल रही थी ।

3.11 भाऔविनि द्वारा अपनी विभिन्न प्रवर्तन योजनाओं के अधीन वर्ष 1989-90 के दौरान और संचयी रूप से मार्च, 1990 के अन्त तक की गई समग्र संवितरित उप-सहायता के ब्यौरे सारणी 18 में दिए गए हैं :

सारणी 18 : भा० औ० वि० नि० द्वारा इसकी विभिन्न प्रवर्तन योजनाओं के अधीन संवितरित उप सहायता

(लाख रुपये)

प्रवर्तन योजनाओं के नाम	1989-90 (अप्रैल मार्च) राशि रु०	31 मार्च 1990 तक संचयी राशि रु०
(1)	(2)	(3)
—व्यवहार्यता अध्ययन आदि की लागत को पूरा करने के लिये ग्रामीण कुटीर, अति लघु और लघु क्षेत्र, छोटे उद्यमियों को उप-सहायता योजना	32.08	239.69
—पशु पालन, डेरी उद्योग, मुर्गीपालन, मछली पकड़ने से सम्बन्ध उद्योगों को सलाहकारी उप-सहायता योजना	5.41	6.06
—कृषि, बागवानी, रेशम उत्पादन तथा मत्स्य पालन में लगे हुए या इससे सम्बद्ध उद्योगों को सलाहकारी उप-सहायता योजना	3.93	5.57
—सहायक और लघु क्षेत्र के उद्योगों के प्रवर्तन के लिये उप-सहायता योजना	0.15	17.10
—बाजार अनुसंधान/सर्वेक्षण की लागत को पूरा करने के लिये नये उद्यमियों को उप-उहायता योजना	1.71	14.31
—ग्रामीण एवं लघु उद्योग क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए उप-सहायता योजना	0.20	0.35

(1)	(2)	(3)
—लघु क्षेत्र की इकाइयों को बाजार सहायता उपलब्ध करवाने के लिए उप-सहायता योजना	0.36	1.09
—अति लघु और लघु क्षेत्र की रुग्ण इकाइयों के पुनरुद्धार के लिय उप-सहायता योजना	—	13.59
—अति लघु लघु और सहायक इकाइयों के आधुनिकीकरण कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए उप-सहायता योजना	—	4.75
—ऊर्जा के गैर परम्परागत स्त्रोतों तथा उर्जा संरक्षण उपायों के उपयोग हेतु सलाहकारी उप-सहायता योजना	0.92	0.92
—बेरोजगार युवा व्यक्तियों के स्व-विकास और स्व-वियोजन के लिये ब्याज उप सहायता योजना	0.60	1.02
—महिला उद्यमियों के लिय ब्याज उप-सहायता योजना	2.41	4.73
—देशी तकनीक को ग्रहण करने के लिये प्रोत्साहित करने के लिये ब्याज उप-सहायता योजना	—	45.35
—लघु क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहित करने के लिये ब्याज उप-सहायता योजना	0.09	0.09
—इन-हाउस अनुसन्धान एवं विकास प्रयासों के द्वारा प्रौद्योगिकी विकास के लिये सहायता योजना	—	23.50
—पर्यटन तथा पर्यटन सम्बन्धी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिये उद्यमी विकास सहायता योजना	0.14	0.14
—रुग्ण इकाइयों में विनियोजन एवं छटनी के फलस्वरूप बेरोजगार लोगों में स्व-नियोजन प्रोत्साहित करने हेतु सहायता योजना	0.77	0.77
जोड़	48.77	379.03

तकनीकी सलाहकारी सेवाओं के लिए सहायता

(क) तकनीकी सलाहकारी संगठन

3.12 भाग्रौविनि सहित अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा प्रवर्तित तकनीकी सलाहकारी संगठन छोटे उद्योगों में सब से छोटे और लघु उद्योगों में लघुतम उद्योगों को कम लागत की परन्तु उत्कृष्ट कोटि की सलाहकारी सेवायें उपलब्ध कराने में एक महत्वपूर्ण कड़ी है । अब तक, 18 तकनीकी सलाहकारी संगठन (कर्नाटक सरकार द्वारा स्थापित एक संगठन सहित) स्थापित किए जा चुके हैं, जो कार्यरत हैं, और जिन्होंने अपनी सलाहकारी सेवाओं के नेटवर्क द्वारा पूरे देश को समाहित किया हुआ है । इनका 75% या उससे अधिक कारोबार केवल ग्रामीण, छोटे और लघु क्षेत्र के (अनुषंगी सहित) औद्योगिक क्षेत्रों में है। इन तकनीकी सलाहकारी संगठनों में से 5 (हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, चंडीगढ़ सहित पंजाब और दिल्ली सहित हरियाणा में एक-एक) संगठनों के लिए भाग्रौविनि अग्रणी संस्था है । ये संगठन एक ही स्थान पर विभिन्न सलाहकारी सेवाओं के पैकेज उपलब्ध कराते हैं तथा ग्रामीण एवं लघु उद्योग क्षेत्र में औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया को तेज करने के लिए उद्यमीयता विकास से संबंधित कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, सामान्य सलाहकारी सेवायें तथा उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आयोजित करने के अतिरिक्त तकनीकी सलाहकारी संगठनों ने कई विशेष कार्य भी किए ।

3.13 उदाहरण के लिए, हिमाचल सलाहकारी संगठन लि० (हिमकॉन) ने विभिन्न तकनीकी-आर्थिक सम्भाव्यता अध्ययन, पुनर्स्थापन अध्ययन, आदि के अतिरिक्त बिलासपुर जिले के लिए विभिन्न संकायों में 40 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की तथा हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में संसारपुर टेरेस में अवस्थापना की उपलब्धता के संबंध में अध्ययन किया । ये अध्ययन हिमाचल प्रदेश सरकार के उद्योग निदेशालय द्वारा प्रायोजित किए गए थे । हिमकॉन ने फलों और सब्जियों तथा उन्हें ससाधित करने के लिए बाजार सर्वेक्षण/ अध्ययन भी किया, जो सहकारी समितियों के पंजीयक द्वारा प्रायोजित किया गया था ।

3.14 राजस्थान सलाहकारी संगठन लि० (राजकॉन) ने विभिन्न तकनीकी-आर्थिक सम्भाव्यता रिपोर्टें निष्पादित करने के अतिरिक्त, सिरोही जिले में, माउण्ट आबू में विपणन-व-प्रशिक्षण परिसर की स्थापना के लिए सर्वेक्षण किया, जो खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, जयपुर द्वारा प्रायोजित किया गया था । इसने 100 टन प्रतिदिन उत्पादन की क्षमता वाले सरसों के तेल के दो संयंत्र—पहला अलवर/ धौलपुर/भरतपुर क्षेत्र में तथा दूसरा कोटा/ बून्दी/पाली/जोधपुर क्षेत्र में स्थापित करने के लिए स्थल के चयन से संबंधित रिपोर्टें तैयार कीं । राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लि० ने इक्विटी भागीदारी और राजस्थान की अर्थव्यवस्था में राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लि० के माध्यम से उनके द्वारा वित्त पोषित इकाइयों के कार्यों का अध्ययन करने के लिए राजकॉन की सेवाओं का लाभ उठाया । वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भी अपनी प्रौद्योगिकी समावेशन

और अनुकूलन योजना के अधीन विदेशी प्रौद्योगिकी समावेशन और अनुकूलन की सीमा का मूल्यांकन करने के लिए राजकोष की सेवाओं का भी लाभ उठाया ।

3.15 मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन लि० (एमपीकॉन) ने वर्ष के दौरान विभिन्न कार्य निष्पादित करने के अतिरिक्त नर्मदा सागर और सरदार सरोवर परियोजना के जल-प्लावन क्षेत्र के दायरे में आने वाले गांवों के सभी परिवारों के लिए सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण से संबंधित कार्य पूरा किया । यह कार्य उसे नर्मदा विकास प्राधिकरण, मध्य प्रदेश द्वारा सौंपा गया था । विकास आयुक्त, लघु उद्योग, नई दिल्ली तथा उद्योग आयुक्त, मध्य प्रदेश सरकार के अनुरोध पर एमपीकॉन ने भारत सरकार द्वारा 1983 में प्रारम्भ की गई शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिए स्व-नियोजन योजना के मूल्यांकन से संबंधित अध्ययन कार्य भी पूरा किया । विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार नई दिल्ली के अनुरोध पर विदेशी प्रौद्योगिकी की रूपरेखा पर, सर्वेक्षण/अध्ययन भी वर्ष के दौरान पूरा किया गया ।

3.16 उत्तर भारत तकनीकी सलाहकारी संगठन लि० (नितकॉन) ने वर्ष के दौरान विभिन्न प्रकार के कार्य निष्पादित करने के अतिरिक्त दो ऊर्जा लेखा-परीक्षा अध्ययन, चार पुनर्स्थापन अध्ययन, विभिन्न परियोजनाओं के लिए 63 आधुनिकीकरण अध्ययन किए तथा उद्योग आयुक्त, लघु उद्योग, नई दिल्ली की ओर से पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू व काश्मीर और चण्डीगढ़ के जिला उद्योग केन्द्रों के महाप्रबंधकों के लिए 'सूचना संबंधी अन्तराल' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया ।

3.17 हरियाणा-दिल्ली औद्योगिक सलाहकार लि० (हदीकॉन) ने विभिन्न प्रकार के अनेकों दत्त-कार्य करने के अतिरिक्त वन विभाग, हरियाणा सरकार के अनुरोध पर काष्ठ-आधारित उद्योगों का सर्वेक्षण और उद्योगों के विकास के लिए हरियाणा में औद्योगिक विकास केन्द्रों के स्थल के बारे में सिफारिश करने के लिए एक अन्य सर्वेक्षण किया, सर्वेक्षण हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम लि० द्वारा प्रवर्तित किए गए थे ।

3.18 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान 31 मार्च, 1990 तक 18 तकनीकी सलाहकारी संगठनों ने कुल मिलाकर 4,560 और संचयी रूप से 34,975 कार्यों का निष्पादन किया, जिसका ब्यौरा सारणी 19 में दिया गया है ।

सारणी 19 : सभी तकनीकी सलाहकारी संगठनों की प्रगति का सार

दत्त कार्यों की प्रकृति	पूरे किए गए दत्तकार्यों की संख्या	
	1989-90 (अप्रैल-मार्च)	प्रत्येक तकनीकी सलाहकारी संगठन के आरम्भ से 31 मार्च 1990 तक
(1)	(2)	(3)
I. निवेश-पूर्व सलाहकारी दत्तकार्य		
—व्यवहार्यता, व्यवहार्यतापूर्व अध्ययन/परियोजना रिपोर्ट आदि	2,792	16,745
—औद्योगिक संभावना/क्षेत्र विकास सर्वेक्षण	26	510
—बाजार सर्वेक्षण	137	748
—परियोजना रूपरेखा	779	9,480
—प्रारम्भिक तथ्य निरूपण अध्ययन	8	129
—मूल्यांकन	36	1,065
—अन्य	259	2,389
उप-जोड़ (I)	4,037	31,066
II. निवेश-पश्चात सलाहकारी दत्तकार्य		
—निदानात्मक अध्ययन	124	1,049
—रुग्ण इकाइयों का पुनर्स्थापन	47	531
—अन्य	151	1,138
उप-जोड़ II	322	2,718
III. इंजीनियरी दत्तकार्य/कार्यात्मक औद्योगिक काम्पलेक्स आदि	6	69
IV. उद्यमीयता विकास कार्यक्रम	195	1,122
कुल जोड़ (I+II+III+IV)	4,560	34,975

3.19 वर्ष के दौरान भाऔविनि का जोर इसके अग्रणी दायित्व के अधीन तकनीकी सलाहकारी संगठनों की सेवाओं के गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न पहलुओं को सुधारने, उनके कारोबार-मिश्र के विविध रूपों के लिए वरीयता क्षेत्रों का अभिनिर्धारण करने, उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों में प्रशिक्षण और काय-नियोजन के बीच में आपसी संबंध स्थापित करने और उनको संगठनात्मक रूप से सशक्त करने और कम्प्यूटर हार्डवेयर के अधिग्रहण के लिए उन्हें निधि-सहायता देने पर रहा ।

(ख) औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका

3.20 भाऔवि बैंक अग्रणी दायित्व में विभिन्न अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान औद्योगिक और तकनीकी परामर्शदाताओं की एक नामिका बनाए रखी, और उसे औद्योगिक परामर्शदाता निर्देशिका में सूचीबद्ध करते रहे । वर्ष 1989-90 के दौरान 76 नए परामर्शदाताओं को इस सूची में शामिल किया गया । इससे 31 मार्च, 1990 तक संस्थानों द्वारा सूची में शामिल किए गए परामर्शदाताओं की कुल संख्या 893 हो गई । इस प्रकार औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका देश में उपलब्ध तकनीकी, औद्योगिक एवं प्रबंध परामर्श सेवाओं के बारे में बहुमूल्य मार्गदर्शन करती रही ।

औद्योगिक संभाव्यता सर्वेक्षणों के लिए सहायता

3.21 संतुलित क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने के लिए उपयुक्त परियोजना अवसरों का अभिनिर्धारण एक महत्वपूर्ण कार्य है । भाऔविनि विनिर्दिष्ट जिलों, विशेषकर सरकार द्वारा घोषित उद्योग-रहित/ विशेष क्षेत्र जिलों की औद्योगिक संभाव्यता सर्वेक्षण की लागत को, जहां कहीं आवश्यक हो, अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के साथ अपनी हिस्सेदारी देकर इस कार्य में सहायता देता रहा है । वर्ष के दौरान, अन्य वित्तीय संस्थानों को सहयोग से भाऔविनि पंजाब सरकार द्वारा चुने गए चार जिलों में औद्योगिक संभाव्यता सर्वेक्षण के लिए पंजाब राज्य सरकार के साथ 50 : 50 आधार पर निधिकृत करने के लिए सहमत हुआ । आशा है, कि इन सर्वेक्षणों में चुने गए जिलों में

उद्योग की वित्तीय स्थिति का अध्ययन, उपलब्ध अवस्थापनात्मक सुविधाएं और वे संसाधन जिनको विकसित किए जाने की आवश्यकता है, की संभाव्यता के अतिरिक्त औद्योगिक संभाव्यता/व्यवहार्य परियोजनाओं के लिए तय किए गए स्थलों के बारे में भी सुझाव सम्मिलित किए जाएंगे। यह सर्वेक्षण उत्तर भारत तकनीकी सलाहकार संगठन लि० (नितकॉन) द्वारा किया जाएगा। इसी प्रकार भाऔविनि हरियाणा राज्य में कृषि एवं खाद्य संसाधन उद्योगों की संभाव्यता पर एकीकृत अध्ययन हेतु धन प्रदान करने के लिए हरियाणा राज्य के हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम लि० के साथ 50:50 आधार पर भी सहमत हो गया है। यह अध्ययन हरियाणा-दिल्ली औद्योगिक परामर्शदाता लि० (हरदी-कॉन) द्वारा किया जाएगा, और आशा है कि इसके अन्तर्गत आगामी दस वर्षों के दौरान हरियाणा राज्य में उपलब्ध विभिन्न कृषि संसाधनों अर्थात खाद्यान्न, नकदी फसल, रेशम उत्पाद, कृषि छीजन, आदि के निरूपण, कृषि और खाद्य-संसाधन उद्योग की वर्तमान स्थिति को विस्तारपूर्वक निरूपित किया जाएगा, और ऐसे 25 से 30 उत्पादों पर आधारित भावी संभावनाओं पर अमल के लिए सिफारिशें की जायेंगी।

उद्यमीयता विकास हेतु सहायता

3.22 भौतिक संसाधनों को उत्पादनशील रूप में काम में लाने के लिए सक्षम उद्यमियों की भूमिका स्वयं सिद्ध है तथा इस पर जोर डालने की कोई आवश्यकता नहीं है। गरीबी तथा बेरोजगारी से ग्रस्त देश में जहां कहीं भी उद्यमीयता का अभाव हो, उसे काफी तेजी से विकसित करने की आवश्यकता है जिससे कि उद्यम स्थापित करने के क्रियाकलापों के माध्यम से स्व-रोजगार तथा नए रोजगार की व्यवस्था हो सके। भाऔविनि देश के एक कोने से दूसरे कोने तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए जा रहे उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों की लागत में हिस्सेदारी करके उद्यमीयता करके उद्यमीयता विकास के कार्य में सहायता कर रहा है, और शीर्ष तथा राज्य दोनों स्तरों पर, इस क्षेत्र में संस्थानात्मक अवस्थापना स्थापित करने में भी मदद कर रहा है।

3.23 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाऔवि बैंक और भाऔसानिनि के साथ मिलकर भाऔविनि ने 256 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को सहायता दी, जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमियों के लिए 87 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम सम्मिलित थे। वर्ष के दौरान किए गए उद्यमीयता विकास कार्यक्रम सामान्य तथा विशिष्ट लक्ष्य-समूहों, अर्थात महिला, भूतपूर्व सैनिक, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति, ग्रामीण/आदिवासी, आदि, दोनों के लिए थे। मार्च, 1990 की समाप्ति तक, भाऔविनि ने स्वयं तथा भाऔवि बैंक और भाऔसानिनि के साथ मिलकर 1,457 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को निधि सहायता उपलब्ध करवाई/करवाने के लिए सहमत हुआ था जिससे कि 42,700 भावी उद्यमियों को लाभ हुआ/होना था।

3.24 31 मार्च, 1990 तक उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों की लागत में हिस्सेदारी करने के लिए भाऔविनि द्वारा उपलब्ध कराई गई निधि सहायता की कुल राशि 75.01 लाख रुपये थी, जिसमें से 19.31 लाख रुपये की राशि समीक्षाधीन वर्ष अर्थात् 1989-90 में प्रदान की गई।

3.25 उद्यमीयता विकास के लिए संस्थानात्मक अवस्थापना के क्षेत्र में देश में अब शीर्ष स्तर पर भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान और राष्ट्रीय उद्यमीयता एवं लघु कारोबार विकास संस्थान और राज्य स्तर पर, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, और मध्य प्रदेश में उद्यमीयता विकास संस्थान/केन्द्र हैं। वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा गोवा में स्थापित एक "प्रशिक्षण-एवं-ईडीपी केन्द्र" ने काम करना शुरु किया। वर्ष के अन्त में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैण्ड तथा त्रिपुरा में प्रशिक्षण एवं विकास केन्द्र स्थापित करने की दिशा में प्रयत्नशील था।

3.26 शीर्ष स्तर के संस्थानों में भाऔविबैंक, भाऔविनि, भाऔसानिनि और भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रवर्तित भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने अपनी स्थापना के चार वर्षों के दौरान 32 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम किए, जिसमें से 10 प्रदर्शन उद्यमीयता विकास कार्यक्रम, 12 सामान्य उद्यमीयता विकास कार्यक्रम और 10 विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमीयता विकास कार्यक्रम थे। भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने अपने प्रत्यायित प्रशिक्षकों के लिए कई पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों सहित प्रशिक्षकों के लिए 8 प्रशिक्षण कार्यक्रम, देश में विभिन्न राज्यों के लिए अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम और उद्यमीयता विकास कार्य में लगे हुए विभिन्न संगठनों के अधिकारियों और स्टॉफ के लिए ई०डी०पी० बोध, जागरूकता, उन्मुखता और अन्य अनेक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए। नए बाजार की खोज के सिलसिले में भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने पहली बार उन उद्यमियों के लिए एक अन्तर-उद्यमीयता कार्यक्रम आयोजित किया जो चार साल पहले इसके द्वारा प्रशिक्षित किए गए थे, और अब विकास और कारोबार विस्तार के दबावों और तनावों का अनुभव कर रहे थे। वर्ष के दौरान भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने उड़ीसा राज्य के धेनकनाल जिला के जोरान्डा ग्राम में एक ग्रामीण उद्यमीयता विकास कार्यक्रम का भी आयोजन किया। इस प्रक्रिया में भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने अपने ग्रामीण उद्यमीयता विकास कार्यक्रम मॉडल का परीक्षण भी किया, जिसे पहले उत्तर प्रदेश के बहराइच जिला के इकौना गांव में विकसित किया गया था। अब इस मॉडल की प्रतिकृति को कर्नाटक राज्य में ले जाने का प्रस्ताव है। उद्यमीयता विकास कार्यक्रम को आयोजित करने वाली एजेंसियों के नेटवर्क को विस्तृत करने के लिए, विशेष रुप से ग्रामीण क्षेत्रों में, भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने वर्ष के दौरान स्वैच्छिक संगठनों पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का भी आयोजन किया। इसके अतिरिक्त भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने लघु उद्यमों के विकास को प्रभावित करने वाले पहलुओं के निरूपण, उद्यमियों के रुप में भूतपूर्व सैनिकों की संभाव्यता, प्रथम पीढ़ी की महिला उद्यमियों की समस्याओं और बैंक के प्रबंधकों तथा उनकी प्रशिक्षण आवश्यकताओं के अध्ययन पर अनुसंधानात्मक अध्ययन पूरे किए। अन्तर्राष्ट्रीय कार्यों में भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने स्थानीय उद्यमियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से व्यवहार्यता अध्ययन के लिए चीन का दौरा किया। इसने अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के उपयोग के लिए उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन पर एक व्यापक प्रस्ताव तैयार किया। प्रशिक्षकों के

रूप में प्रेरणा प्रदान करने से संबंधित प्रशिक्षण के लिए दो विशेष कार्यक्रम राष्ट्रमण्डल सदस्य देशों के लिए आयोजित किए गए, और अफ्रीका एवं प्रशांत के बहुत से देशों में उद्यमीयता विकास विषयक मामलों में सहायता उपलब्ध करवाई गई ।

3.27 उद्यमीयता विकास के लिए राज्य स्तरीय संस्थान/केन्द्र प्रारंभिक स्तर पर उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आयोजित करते रहे, और उद्यमीयता विकास कार्यक्रम में लगे हुए विभिन्न राज्य और जिला स्तर के संगठनों को मानव संसाधन संबंधी सहायता उपलब्ध करवाते रहे । 31 मार्च, 1990 तक उद्यमीयता विकास संस्थान—उत्तर प्रदेश ने 21 उद्यमीयता जागरुकता कार्यक्रम, 16 समर्थन प्रणाली कार्यक्रम तथा अनेक संगोष्ठियां, कार्यक्रम और सम्मेलनों के अतिरिक्त 51 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आयोजित किए थे, जिसमें 1,864 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया । इसने लघु क्षेत्र के लिए निर्यात विपणन और टर्न–अराउन्ड नीति पर कार्यशालाएं भी आयोजित की । उद्यमीयता विकास संस्थान—उड़ीसा ने 31 मार्च, 1990 तक 45 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आयोजित किए जिससे 1,393 प्रशिक्षार्थियों को लाभ हुआ । इसने 17 प्रबंध विकास कार्यक्रम और 6 उद्यमीयता जागरुकता शिविर, एसइयूबाई लाभभोगियों हेतु 15 कार्यक्रम, जिला उद्योग केन्द्रों/राज्य वित्तीय निगमों के ऋणियों के लिए 13 कार्यक्रम, 6 सेमिनार तथा कार्यशालाएं भी आयोजित किए । उद्यमीयता विकास संस्थान—बिहार ने 31 मार्च, 1990 तक 21 उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आयोजित किए, जिनसे 806 भागीदारों ने लाभ उठाया, और इसने समीक्षाधीन अवधि के दौरान दो उद्यमीयता बैठकें भी आयोजित कीं । उद्यमीयता विकास संस्थान—बिहार ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पांच जिलों के लिए एक नयी उदार संकल्पना का प्रारम्भ किया, जो कि वास्तव में ब्लॉक स्तर पर रहने वाले व्यक्तियों के लिए ऊर्जा और दक्षता के उत्पादक उपयोग के लिए उद्यमीय अवसर प्रदान करने के लिए एक पैकेज कार्यक्रम है । इसने पूर्णिया (बिहार) में एक पायलट परियोजना भी प्रारम्भ की, जिसके अन्तर्गत 10 ब्लॉकों के 1,500 भागीदारों को विभिन्न उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक मदों के हिस्से-पुर्जे जोड़ने का प्रशिक्षण दिया जाएगा । वर्ष के दौरान उद्यमीयता विकास केन्द्र—मध्य प्रदेश ने 17 ईडीपी की व्यवस्था करके एक अच्छी शुरुआत की । उद्यमीयता विकास केन्द्र—मध्य प्रदेश ने उद्योग विभाग मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारियों और स्टॉफ के लिए भी अल्पावधि का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया । गोआ के प्रशिक्षण-एवं-उद्यमीयता विकास केन्द्र के लिए भी एक कार्यक्रम की स्वीकृति प्रदान की गई ।

प्रबंध विकास के लिए सहायता

3.28 प्रबंध विकास के लिए भाऔविनि की सहायता इसके द्वारा 1973 में प्रवर्तित प्रबंध विकास संस्थान के माध्यम से जारी रही, जिसका कि एक मात्र लक्ष्य उद्योग के निजी, सरकारी, संयुक्त या सहकारी क्षेत्रों के साथ-साथ बैंकिंग क्षेत्र में वाणिज्य और विकास बैंकों में कार्यरत प्रबंधकों की प्रबंधकीय योग्यताओं और प्रबंधकीय दक्षताओं को विकसित और उन्नत करना है । अनुसंधान और सलाहकारी सेवा सहित औद्योगिक प्रबंध और विकास के विभिन्न क्षेत्रों में शैक्षिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण की अनुपम सुविधा के साथ संचालित प्रबंध विकास कार्यक्रम, मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में प्रबंध विकास संस्थान की अपनी विशिष्टता बनी रही ।

3.29 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्रबंध विकास संस्थान ने विभिन्न संकायों के लिए 89 प्रबंध विकास कार्यक्रम आयोजित किए, जिनसे कुल 1,788 भागीदारों ने लाभ उठाया । इन कार्यक्रमों में अन्य क्रियाकलापों के साथ-साथ गुड़गांव के कार्यरत उद्यमियों के लिए दक्षता प्रवर्द्धन कार्यक्रम, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि० के लिए प्रबंधक-वर्ग और मजदूर संघों के बीच पारस्परिक सामंजस्य कार्यक्रम, भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के प्रशिक्षण प्रभाग द्वारा प्रवर्तित विकास बैंकिंग और संस्थानात्मक ऋणों पर कार्यक्रम, तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए सामान्य प्रबंध कार्यक्रम नेपाल अरब बैंक लि०, काठमांडू के लिए प्रबंधकीय प्रभावशीलता पर कार्यक्रम के अलावा देश के विभिन्न संगठनों के लिए 43 इन-कम्पनी कार्यक्रम शामिल थे । 31 मार्च, 1990 तक समग्र रूप से प्रबंध विकास संस्थान ने 1 018 प्रबंध विकास कार्यक्रम आयोजित किए जिससे 23,772 भागीदारों को लाभ हुआ, जिनमें से 542 अन्य विकासशील देशों से थे ।

3.30 वर्ष के दौरान, प्रबंध विकास संस्थान ने भारतीय प्रशासनिक सेवा/ग्रुप 'क' सेवाओं के सरकारी अधिकारियों तथा उच्च पदों को ग्रहण करने की क्षमता रखने वाले सरकारी और निजी क्षेत्र के संगठनों के अधिकारियों के लिए भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित 15 माह का प्रथम राष्ट्रीय प्रबंध कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया । 28 सितम्बर, 1989 को प्रथम राष्ट्रीय प्रबंध कार्यक्रम का दीक्षांत समारोह हुआ, जिसमें दीक्षांत भाषण तत्कालीन गृह कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन राज्य मंत्री श्री पी० चिदम्बरम् ने दिया । सरकार तथा सरकारी एवं निजी क्षेत्रों से 45 भागीदारों वाला राष्ट्रीय प्रबंध कार्यक्रम का दूसरा पाठ्यक्रम पहली जुलाई, 1989 से प्रारम्भ हुआ । मार्च 1990 के अन्त तक प्रबंध विकास संस्थान ने दूसरे राष्ट्रीय प्रबन्ध कार्यक्रम के तीन सत्र सफलतापूर्वक पूरे कर लिए थे, और पहली जुलाई, 1990 से प्रारम्भ होने वाले तीसरे राष्ट्रीय प्रबंध कार्यक्रम के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई थी । यह अत्यधिक संतोष की बात है कि भारत सरकार ने इस कार्यक्रम में सफल भागीदारों के पद-स्थापन के संबंध में उनके इस प्रशिक्षण को विशेष रूप से ध्यान में रखने का निर्णय लिया है जिससे कि वे जिन संगठनों में सेवा करें, वहां इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त गहन प्रशिक्षण की पृष्ठभूमि में अपनी सर्वोत्तम प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें ।

3.31 वर्ष के दौरान प्रबंध विकास संस्थान द्वारा परामर्श और अनुसंधान के क्षेत्र में एक बड़ा प्रयास किया गया । इसने वर्ष 1989–90 में कुछ विशिष्ट दल-कार्य पूरे किए जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ 'प्रशिक्षण के माध्यम से लघु उद्यमों के कार्य-निष्पादन में सुधार करना (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित), "राजस्थान वित्तीय निगम के लिए संगठनात्मक विकास का अध्ययन", "अन्तर-फर्म तुलना-निगमित अनुवर्तन के लिए डाटा प्रणाली की शुरुआत" (भाऔविबैंक

द्वारा प्रवर्तित) और एप्पल इण्डिया प्रोजेक्ट (अन्तर्राष्ट्रीय विकास अनुसंधान केन्द्र, कनाडा सरकार द्वारा प्रवर्तित) से संबंधित थे ।

3.32 "प्रबंधकीय नेतृत्व" विषय पर प्रबंध विकास संस्थान का स्थापना-दिवस व्याख्यान इसके अपने सभागार में 9 नवम्बर, 1989 को टाटा आयरन एण्ड स्टील कं० लि० के अध्यक्ष श्री रूसी मोदी ने दिया । अपने भाषण में श्री मोदी ने प्रबंध में व्यवहार संबंधी विभिन्न पहलुओं पर जोर दिया, और प्रबंधकीय नेतृत्व की सफलता के लिए छ "सी" अर्थात् "कैरेक्टर" (चरित्र), "क्रैडिबिलिटी" (विश्वसनीयता) "करेज" (साहस), "कम्पैशन" (सहानुभूति), "कन्सिडरेशन" (विचार,) और "कर्टसी" (शिष्टाचार) को महत्वपूर्ण बताया । उन्होंने सुझाव दिया, कि भारतीय सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक वातावरण के अन्तर्गत प्रबंध संबंधी बाह्य संकल्पनाएं तब तक उपयुक्त सिद्ध नहीं हो सकती, जब तक कि स्थानीय दशाओं के अनुरूप उनका देशीकरण न कर दिया जाए ।

3.33 1990—92 के तीन वर्षों के लिए प्रबंध विकास संस्थान की कार्य-योजना का लक्ष्य न केवल संस्थान को एक सशक्त अनुसंधान, सलाहकारी और शैक्षिक आधार वाली अग्रणीय संस्था के रूप में विकसित करना है, अपितु कुछ उपयोगी क्षेत्रों, अर्थात् वित्त और विकास बैंकिंग, संगठनात्मक व्यवहार और प्रणाली, विकास, औद्योगिक संबंध, कम्प्यूटर विज्ञान और कारोबार नीति पर जोर देते हुए परिमाणात्मक अनुप्रयोग तक अपने को सीमित रख कर अपनी एक विशिष्ठ छवि कायम करना है । भारत में संगठनों के प्रबन्ध की गहन समझ-बूझ प्रदान करने के उद्देश्य से प्रबन्ध विकास संस्थान ने अनुसंधान कार्य के लिए तीन क्षेत्रों का निर्धारण किया है । ये हैं प्रबन्धकीय दृष्टिकोण से निरूपित उन विकासशील संगठनों का गहन संगठनात्मक अध्ययन, जिन्होंने कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त की है, नेतृत्व शैलियां और अग्रणी आधार पर भारतीय संगठनों का व्यवहार, तथा व्यापक पैमाने पर विभिन्न मामलों के अध्ययन के माध्यम से नवोदित उद्यमों को सीख देने के उद्देश्यों से उद्यमों की असफलता के बारे में अध्ययन ।

3.34 वर्ष 1989—90 में भाऔविनि की सामान्य निधियों से 5 लाख रुपये के वार्षिक अंशदान के अतिरिक्त प्रबन्ध विकास संस्थान को भाऔविनि ने 214.77 लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की । वर्ष के दौरान सहायता के रूप में प्रबन्ध विकास संस्थान की निकाय निधि में 100 लाख रुपये का विशेष अंशदान भी दिया गया । 31 मार्च 1990 तक समग्र रूप से भाऔविनि द्वारा हितकारी आरक्षित निधि और ब्याज अन्तरजन्य निधियों से 1,060.01 लाख रूपये और अपनी सामान्य निधियों से 85 लाख रूपये की वित्तीय सहायता प्रबन्ध विकास संस्थान को उपलब्ध कराई जा चुकी थी ।

3.35 वर्ष के दौरान श्री डी० एन० घोष (भूतपूर्व अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक) ने दिनांक 16 जून, 1989 से प्रबन्ध विकास संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया । श्री एस० बी० बुद्धिराजा (भूतपूर्व प्रबन्ध निदेशक, इण्डियन आक्सीजन लि०, कलकत्ता) ने दिनांक 1 जनवरी, 1990 से प्रबन्ध विकास संस्थान के कार्यपालक निदेशक का पदभार ग्रहण किया ।

असम प्रबन्ध तथा लेखा-विधि संस्थान को अनुदान

3.36 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने असम प्रबन्ध तथा लेखा-विधि संस्थान (असम सरकार के सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा प्रायोजित संस्थान) को अपने पुस्तकालय के संवर्धन/पर्सनल कम्प्युटर/शैक्षिक उपकरण आदि प्राप्त करने के लिए एक लाख रुपये का अनुदान दिया । एक बार के लिए दिया गया अनुदान भाऔविनि का सामान्य निधि से था ।

जोखिम पूंजी, उद्यम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त के लिए सहायता

3.37 जबकि उद्यमीय आधार को विस्तृत करने जोखिम पूंजी सहायता का अपना महत्व है, प्रौद्योगिकीय आधार को सुधारने के लिए उद्यम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त के रूप में सहायता भी उद्योग के लिए काफी महत्वपूर्ण है । जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० संभवतः अपने ढंग का एक मात्र संस्थान है जो कि नई संकल्पना वाले उद्यमियों और टैक्नोक्रेटों को उनकी प्रौद्योगिकी की दशा में उन्मुख उद्योगों के लिए जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त, दोनों एक ही स्थान पर उपलब्ध कराता है ।

3.38 जोखिम पूंजी सहायता के क्षेत्र में जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० ने पहले के जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के उत्तराधिकारी के रूप में वर्ष 1989—90 के दौरान 25 परियोजनाओं के 38 प्रवर्तकों को 401.75 लाख रुपये की सहायता मंजूर की । इनमें से अधिकांश परियोजनाएं या तो नई प्रौद्योगिकी या नए उत्पादों या नए किस्म के उपयोगों पर आधारित थी । इनमें, अन्य बातों के साथ-साथ एन्टीबॉयटिक औषधियों, टामाटो पेस्ट, रेडियो पेजिंग सिस्टम, पे फोन्स, कैल्शियम सिलिकेट ब्रिक्स, ग्रेनाईट एण्ड मार्बल प्रोसेसिंग मशीनरी, पालिमर कंक्रीट उत्पाद आदि के उत्पादन शामिल थे । 1976 में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के प्रारंभ होने से 31 मार्च, 1990 तक जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लिमिटेड ने संचयी रूप से 331 प्रवर्तकों को उनकी 199 परियोजनाओं के लिए 2,557.73 लाख रुपये की सहायता की मंजुरी प्रदान की थी । इन मंजूरियों में से 302 प्रवर्तकों को उनकी 177 परियोजनाओं के लिए 2,175.23 लाख रूपये का संवितरण किया गया था ।

3.39 जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० के समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, अपनी प्रौद्योगिकी वित्त एवं विकास योजना के अंतर्गत, उच्च जोखिम प्रौद्योगिकी—उन्मुख 13 परियोजनाओं को ऋणों और जोखिम पूंजी के रूप में 819 लाख रुपये की कुल सहायता मंजुर की । वित्तपोषित परियोजनाओं के अन्य मदों के साथ-साथ वे परियोजनाएं भी शामिल हैं, जो त्रिआयामी कम्प्यूटर एनीमेशन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर, लोकल एरिया नेटवर्क के लिए साफ्टवेयर, डिजिटाइजड फान्टस, डिजिटाइजर्स एजुकेशनल रोबोट, थिन फिल्म कम्पोजिट मेम्ब्रेन्स, हाइब्रिड सीड्स, हैक्साक्लोरो-साईक्लोपेन्टाडाइन और टिशू कल्च

प्लांटलेट्स आदि के विकास से सम्बन्धित है। समग्र रूप से जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम 31 मार्च, 1990 तक अपनी प्रौद्योगिकी विकास योजना के अन्तर्गत 943.85 लाख रुपये की सहायता मंजूर कर चुका था जिसमें से 71.60 लाख रूपये का संवितरण हुआ। वर्ष 1990-91 के दौरान संवितरणों में काफी वृद्धि की संभावना है।

3.40 जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० ने अपनी निगमित नीति के भाग के रूप में सरकारी प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रौद्योगिकी विकास एवं नए किस्म के कार्य में लगी औद्योगिक परियोजनाओं को सहायता जारी रखने का और उन योजनाओं को प्रोत्साहित करने का निर्णय लिया जो कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार सम्बन्धी कार्य को सुविधाजनक बना सके। योजना के अधीन प्रौद्योगिकी विकास में अब न केवल नई और नए किस्म की प्रौद्योगिकी ही शामिल है, बल्कि नए उत्पाद, नए उपयोग, आदि भी शामिल है। इसी प्रकार, योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली सहायता के अधीन आयातित प्रौद्योगिकी के विलयन और उपयोग के उन मामलों पर विचार किया जा सकता है, जिनका महत्वपूर्ण आनुषंगिक प्रभाव हो, और/अथवा जिनमें महत्वपूर्ण स्वदेशीकरण का विकास निहित हो। जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम के वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने के लिए इस बात पर भी सहमति हुई है, कि इसकी गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से इक्विटी और बांड निर्गम दोनों का मिश्रित रूप से प्रयोग किया जाए। भाआवित्रि ने जोखिम पूंजी निधि के लिए प्रारम्भ में 50 करोड़ रूपये जुटाने का भी निर्णय लिया है, जिसे जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० के माध्यम से चलाए जाने का प्रस्ताव है।

3.41 जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिक वित्त निगम को अब तक समग्र वित्तीय सहायता भाआवित्रि द्वारा उपलब्ध कराई गई है। 31 मार्च 1990 तक भाआवित्रि, जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिक वित्त निगम लि० को अपनी सामान्य निधियों से ब्याज सहित ऋणों की व्यवस्था और 322 लाख रुपये इसकी शेयर पूंजी में अभिदान करने के अतिरिक्त, अपनी हितकारी आरक्षित निधि तथा ब्याज अन्तरजन्य निधियों में से 1,803.23 लाख रूपये की राशि संवितरित कर चुका था।

पर्यटन, पर्यटन सम्बन्धी कार्यों सुविधाओं और सेवाओं के लिए सहायता

3.42 पर्यटन भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जो इसकी विदेशी मुद्रा आय में उल्लेखनीय योगदान देता है। वर्ष 1988-89 के दौरान, पर्यटन से होने वाली विदेशी मुद्रा आय 2,100 करोड़ रुपये से अधिक थी जिससे यह अकेला सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा अर्जक उद्योग बन गया था। पर्यटन से प्राप्त होने वाले अन्य प्रमुख लाभ हैं—बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर, पर्यटन का आकर्षण रखने वाले अल्प विकसित क्षेत्रों को विकसित क्षेत्रों से निधि का आगम, देशीय पर्यटन के द्वारा राष्ट्रीय एकीकरण, 1990 के दशक में भारत को पर्यटन गन्तव्य के रूप में प्रस्तुत करके बेहतर अन्तर्राष्ट्रीय सद्भाव उत्पन्न करना, आदि।

3.43 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था, कि भारत सरकार द्वारा भाआवित्रि को पर्यटन, और पर्यटन सम्बन्धी कार्यों के वित्तपोषण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय एजेंसी के रूप में घोषित किया गया था। पर्यटन वित्तपोषण की गति को बढ़ाने के प्रयास में भाआवित्रि ने अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों और बैंकों के सहयोग से भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि० का प्रवर्तन किया, जो पहली फरवरी, 1989 से कार्यरत हो गया था। भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि०, जिसे विशेष अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान के रूप में स्थापित किया गया है, पर्यटन उद्योग की स्थापना और/अथवा पर्यटन के विकास, पर्यटन संबंधी क्रियाकलापों, सुविधाओं और सेवाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इससे यह भी आशा की जाती है कि पर्यटन परियोजनाओं के लिए वित्त की व्यवस्था करने से सम्बन्धित दिशा-निर्देश और नीति बनाने में सहायता देने तथा समन्वय का कार्य करे, और सरकार की समग्र नीतियों के अन्तर्गत विकासात्मक भूमिका अदा करे।

3.44 भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि० ने अपने क्रियाकलाप के पहले ही वर्ष में 39 परियोजनाओं को 52.78 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की, जिनमें होटल और रेस्तरां परियोजनाओं के अतिरिक्त, मनोरंजन पार्कों, किराये पर उपलब्ध कराने के लिए कार एजेंसियों, अन्तर्देशीय जल परिवहन के लिए नौकाओं, आदि से संबंधित परियोजनाएं भी शामिल हैं। भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि० से वित्तपोषित परियोजनाओं द्वारा 264.79 करोड़ रुपये के संसाधन जुटाए जाने की संभावना है, और उम्मीद है, कि इससे लगभग 5,100 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि० द्वारा वित्तपोषित होटल परियोजनाओं से होटल उद्योग की क्षमता में लगभग 2,800 कमरों की वृद्धि होने की आशा है। भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि० के कार्यों के संदर्भ में विशेष रूप से उल्लेखनीय बात यह है, कि 39 में से 15 परियोजनाएं ऐसी हैं जो पर्यटन के क्षेत्र में पहली बार कदम रखने वाले नए उद्यमियों द्वारा विन्यापित की गई हैं। आशा है कि आगामी वर्षों में भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि० देश में पर्यटन परियोजनाओं के संवर्धन एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने में समर्थ होगा, जिससे 1990 के दशक में विदेशों में भारत को पर्यटन के लिए गंतव्य-स्थान के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।

3.45 भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि० की प्राधिकृत शेयर पूंजी 100 करोड़ रुपये है जिसमें से 50 करोड़ रुपये की प्रारंभिक प्रदत्त शेयर पूंजी की व्यवस्था भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय साधारण बीमा निगम और इसकी सहायक संस्थाएं भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक और बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा की गई है। भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि० ने, पर्यटन को बढ़ावा देने में अपनी

भूमिका को और अधिक प्रभावशाली ढंग से निभाने के उद्देश्य के लिए बाजार उधार आवंटन द्वारा अतिरिक्त संसाधन जुटाने हेतु सरकार से सहायता निधि प्राप्त करने के लिए भी सरकार से सम्पर्क किया है।

3.46 31 मार्च, 1990 को समाप्त अवधि के दौरान भारतीय पर्यटन वित्त निगम की वित्तीय स्थिति काफी संतोषप्रद रही। इसने 19 परियोजनाओं को 12.76 करोड़ रुपये का संवितरण किया तथा कर पूर्व 507 लाख रुपये का लाभ अर्जित किया। कर अदा करने के बाद निवल लाभ 429 लाख रुपये था।

भारतीय प्रतिभूत एवं विनिमय बोर्ड को सहायता

3.47 प्रतिभूति बाजार के सुव्यवस्थित एवं स्वस्थ विकास को बढ़ावा देने और पर्याप्त निवेशक हित संरक्षण के लिए, भारत सरकार ने सांविधिक शीर्ष बोर्ड स्थापित किए जाने तक, अन्तरिम उपाय के रूप में वित्त मंत्रालय के समग्र प्रशासनिक नियंत्रण में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड का गठन किया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड को सांविधिक प्राधिकार प्रदान करने के लिए उपयुक्त विधेयक संसद में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया पर पहले से ही कार्रवाई शुरू है। इस दौरान भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की प्रारंभिक निधि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भाऔविनि ने निवेश बैंकिंग कार्य करने वाले अन्य वित्तीय एवं निवेश संस्थाओं तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ मिलकर भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड निकाय को अंशदान दिया, जिसमें भाऔविनि का 250 लाख रुपये का अपना योगदान है। उपर्युक्त अंशदान की पूरी अदायगी हो चुकी है—1989-90 में 125 लाख रुपये का अंशदान किया गया।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों को सहायता

3.48 भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की योजना के अनुसरण में सभी भारतीय वित्तीय संस्थान "विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों" (स्टेप) की स्थापना में सहायता प्रदान करते रहे हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों का उद्देश्य एक ओर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी/संस्थानों तथा दूसरी ओर उद्योग के बीच सतत् पारस्परिक सम्पर्क कायम करना है, ताकि उस प्रक्रिया में वैज्ञानिकों इंजीनियरों को उनके प्रथम विकल्प के रूप में उद्यमीयता को आजीविका बनाने के लिए अवसर मिल सके। सामान्यत: इंजीनियरिंग कालेजों/विश्वविद्यालयों, तकनीकी/अनुसंधान संस्थानों में या उनके आसपास स्थित, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पार्क उनके अनुसंधान कार्यों को विशेष औद्योगिक उत्पादों/प्रक्रियाओं में रूपांतरित करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करते हैं। और इस प्रकार देश में ही स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास एवं उन्नयन को बढ़ावा देने में सहायता देते हैं।

3.49 भाऔविनि ने, अब तक अन्य संस्थानों के साथ संयुक्त रूप में सात विज्ञान और प्रौद्योगिकी पार्कों के लिए निधियां जुटाने में भाग लिया है। ये इस प्रकार हैं :—

— बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी—स्टेप (बीआईटी-स्टेप), रांची, बिहार।
— जवाहरलाल नेहरू इंजीनियरिंग रसायन पार्क (जेएलएनईसीपी), बम्बई, महाराष्ट्र।
— क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कालेज-स्टेप (आरईसी-स्टेप) तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु।
— हरकोर्ट बटलर प्रौद्योगिकी संस्थान—स्टेप (एचबीटीआई—स्टेप), कानपुर, उत्तर प्रदेश।
— श्री जयचामराजेन्द्र कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग—स्टेप (एसजेसीई—स्टेप), मैसूर, कर्नाटक।
— गुरू नानक इंजीनियरिंग कॉलेज—स्टेप (जीएनईसी—स्टेप), लुधियाना, पंजाब।
— मौलाना आजाद कॉलेज ऑफ टेक्नालाजी—स्टेप (एमएसीटी—स्टेप), भोपाल, मध्य प्रदेश।

3.50 बीआईटी—स्टेप, रांची में मुख्य रूप से औद्योगिक उपकरण एवं नियंत्रण पद्धतियों, इस्पात एवं कोयला उद्योग के लिए स्वदेशी उपस्कर के विकास पर जोर दिया जाता है। बीआईटी—स्टेप में 37 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमियों के कार्यरत रहने के परिणामस्वरूप अब तक 25 उद्यम स्थापित किए जा चुके हैं। वर्ष 1889-90 के दौरान ऊँचे सिरे वाले ईंधन तथा सौर-तापीय उपायों में सुधार लाने तथा उन्हें विकसित करने की दृष्टि से बीआईटी—स्टेप ने अपने अनुसंधान के क्षेत्र का विकास किया। आरईसी—स्टेप, जहां कि विद्युत उपस्करों, चिकित्सीय उपयोगों के लिए उच्च-तकनीकी पेंटों और मध्यम अभियांत्रिक उद्योगों से सम्बद्ध तकनीकों के विकास पर बल दिया जाता रहा है, के सहयोग से 24 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमियों ने अपनी उत्पादन इकाई स्थापित की। वर्ष 1989-90 के दौरान टीआरईसी—स्टेप ने भी कम्प्यूटर साफ्टवेयर के विकास तथा अलौह मशीनरी में परामर्शी सेवाएं प्रदान की। इलेक्ट्रॉनिकी और उपकरणों में प्रमुख रूप से विशेषज्ञता रखने वाले एसजेसीई—स्टेप ने 8 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमियों को अपनी इकाईयों में वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने में सहायता दी। इसने उद्यमियों और उद्योगों को उनकी आवश्यकतानुसार सूचना प्रदान करने के लिए डाटा बेस तथा सूचना केन्द्र भी स्थापित किया है। यद्यपि शेष चार स्टेपों की परियोजनाएं अभी कार्यान्वयन के अधीन हैं, तथापि वे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र के कार्मिकों के अनुसंधान कार्य तथा उद्यमकर्ता विकास में सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। एचबीटीआई—स्टेप के छात्र-प्रशिक्षणार्थियों ने सफलतापूर्वक वाशिंग मशीन के प्रोटोटाइप तथा एफआरपी (फाइबर-रिइन्फोर्स्ड पालिमर्स) से बनी कूलर बाडी, विनायल इस्टर रेसिन्स को विशेष श्रेणी, मौल्डिंग से बनी फाइबर रिइन्फोर्स्ड स्नान गाइडों, फिल्मों और ग्रेवेअर मुद्रण प्रणाली के लिए मुद्रण की स्याही, आदि, की विशेष किस्मों को विकसित किया है। जेएलएनईसीपी—स्टेप कुछ ऐसी चुनी हुई औषधियों की परियोजना की प्रोफाइल बना रहा है जिन्हें इस समय विदेश से आयात किया जाता है। वर्ष के दौरान जेएलएनईसीपी—स्टेप ने "शुष्क जलवायु में फसल उगाने में पालिमरों के उपयोग में आधुनिक विकास" पर कार्यशाला और "रासायनिक उद्योग" पर एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया। जीएनईसी—स्टेप

सूक्ष्म-इलेक्ट्रॉनिकी नियंत्रण और मशीन संयंत्र अतिरिक्त उपकरणों के विशिष्ट क्षेत्र में काम कर रहा है। एमएसीटी-स्टेप इलेक्ट्रॉनिकी तथा विद्युत अभियांत्रिकी से सम्बद्ध विशिष्ट क्षेत्र में कार्यरत है। वर्ष के दौरान इसने "संस्थान-उद्योग सम्बन्ध कक्ष" की भी स्थापना की है।

3.51 31 मार्च, 1990 तक मंजूरियों के रूप में स्टेप्स को भाऔविनि द्वारा उपलब्ध कराई गई निधि-सहायता 18.41 लाख रुपए रही जिसमें से 2.50 लाख रुपये वर्ष 1989-90 में प्रदान किए गए।

विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान तथा अन्य अनुसंधान-उन्मुख गतिविधियों के लिए सहायता

(क) भाऔविनि पीठें

3.52 औद्योगिक प्रबन्ध, वित्तीय प्रबन्ध, औद्योगिक वित्त, क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था और विकास बैंकिंग के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भाऔविनि ने निम्नलिखित छः पीठों की स्थापना की है—भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद और दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, गुवाहाटी तथा मद्रास विश्व-विद्यालयों प्रत्येक में एक-एक।

3.53 समीक्षाधीन अवधि के दौरान, उपर्युक्त पीठों के तत्वाधान में निम्नलिखित वार्षिक भाऔविनि सार्वजनिक व्याख्यान दिए गए :—

—उद्यम पूंजी : भारत में समस्याएं और सम्भावनाएं
—प्रो० एस० सी० कुच्छल, दिल्ली विश्वविद्यालय

—तमिलनाडु में उद्यमियता विकास
—डा० एन० पी० श्रीनिवासन, मद्रास विश्वविद्यालय

—भारत में विकास नियोजन – कुछ विचार
—डा० आर० एम० सबनीस, बम्बई विश्वविद्यालय

3.54 इसके अतिरिक्त, बम्बई, मद्रास, गुवाहाटी और दिल्ली विश्वविद्यालयों में भाऔविनि पीठों के अधीन वित्त एवं क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य जारी रहा। लेकिन कलकत्ता विश्वविद्यालय तथा भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद की पीठें वर्ष भर खाली रहीं।

3.55 अहमदाबाद और दिल्ली की पीठों का भाऔविनि की सहायता-वृत्ति अनुदान के रूप में तथा बम्बई, कलकत्ता, मद्रास और गुवाहाटी की पीठों को वार्षिक अनुदान के रूप में दी जाती है। वर्ष के दौरान, वार्षिक अनुदान की राशि बम्बई विश्वविद्यालय की पीठ के लिए एक लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये वार्षिक तथा गुवाहाटी विश्वविद्यालय की पीठ के लिए 66,000/- रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये वार्षिक कर दी गई। मार्च, 1990 के अन्त तक पीठों को वृत्ति अनुदान के रूप में 32.25 लाख रुपये की कुल निधि-सहायता दी जा चुकी थी।

(ख) भाऔविनि अनुसंधान छात्रवृत्तियां

3.56 बैंकिंग, उद्यमीयता विकास, औद्योगिक अर्थ-व्यवस्था, क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था, औद्योगिक और वित्तीय प्रबन्ध, पर्यटन प्रबन्ध और पर्यटन सम्बन्धी गतिविधियों के क्षेत्र में डाक्टरेट डिग्री के लिए अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भाऔविनि ने, वर्ष के दौरान, उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी और पश्चिमी प्रत्येक क्षेत्र में एक-एक, यानी कुल मिलाकर चार भाऔविनि अनुसंधान छात्रवृत्तियां संस्थापित की। इन छात्रवृत्तियों की अवधि तीन वर्ष की है जिनके लिए 5,000/- रुपये के आनुषंगिक अनुदान सहित तीन वर्ष तक अनुसंधान छात्रवृत्ति के रूप में 2,400/- रुपये प्रतिमाह की अदायगी की जाएगी।

3.57 उपर्युक्त के अतिरिक्त, उद्यमीयता विकास के क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए भाऔविनि द्वारा राष्ट्रीय उद्यमीयता और लघु कारोबार विकास संस्थान में दो छात्रवृत्तियां शुरू की गई। उक्त संस्थान में दो छात्रवृत्तियों हेतु नौ माह के लिए प्रति अनुसंधानकर्ता को 10,000/- रुपए की अदायगी तथा अनुदान के रूप में 1,000/- रुपये की एकमुश्त राशि अदा की जाएगी।

(ग) अन्य अनुसंधान-उन्मुख संगठनों को सहायता

3.58 वर्ष के दौरान, बहु-आयामी विकास केन्द्र तथा राष्ट्रीय सार्वजनिक वित्त और नीति संस्थान को भी उनकी अनुसंधान-उन्मुख गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से सहायता प्रदान की गई। समीक्षाधीन वर्ष में इन संस्थानों को 9.50 लाख रुपये की सहायता दी गई।

नए आयाम

3.59 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा प्रायोजित जीवन बीमा निगम आवास वित्त लि० और भारतीय साधारण बीमा निगम द्वारा स्थापित साधारण बीमा निगम गृह वित्त लि० में भाऔविनि की भागीदारी से इसके प्रवर्तन की भूमिका में नये आयाम जुड़े।

जीवन बीमा निगम द्वारा प्रायोजित आवास वित्त कम्पनी में भाऔविनि ने वर्ष 1989-90 के दौरान अपनी भागीदारी के रूप में 1.65 करोड़ रुपए का अंशदान किया।

3.60 भाऔविनि द्वारा स्वयं अपनी ओर से, पूर्वोत्तर क्षेत्र, गुवाहाटी में दो करोड़ रुपये की निधि से राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि—स्वैच्छिक कार्यों को सहायता प्रदान करने हेतु एक अभिनव प्रकरण—की स्थापना एक महत्वपूर्ण उल्लेखनीय तथ्य रहा। ग्रामीण विकास को दिए जा रहे महत्व के संदर्भ में निधि का प्रयास ग्रामीण और शहरी निर्धन व्यक्तियों, शारीरिक रूप से विकलांग एवं सामाजिक-आर्थिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के उन्नयन के लिए काम करना तथा क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे परिवार कल्याण कार्यक्रमों हेतु कार्यरत स्वैच्छिक संगठन स्थापित करना, प्रवर्तित करना, सहायता देना तथा विकसित करना है। निधि मिशनरी उत्साह वाले चुने हुए व्यक्तियों की मदद से, विशेष रूप से ग्रामीण एवं विकेन्द्रित क्षेत्र में आर्थिक विकास की गति एवं गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए स्वयं को पूर्ण रूप से समर्पित करना चाहती है। निधि अब समिति पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन एक सोसाइटी के रूप में 20 अप्रैल, 1990 से पंजीकृत हो गई है और इसका कामकाज एक संचालन बोर्ड के माध्यम से किए जाने का प्रस्ताव है जिसमें कम से

कम 7 और अधिक से अधिक 15 सदस्य (अध्यक्ष तथा कार्यपालक निदेशक सहित) होंगे।

श्री एस० एम० पालिया (भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के भूतपूर्व कार्यपालक निदेशक) को, संचालन बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के लिए भाऔविनि के नामित के रूप में नियुक्त किया गया है। वित्त मंत्रालय के बैंकिंग प्रभाग के अपर सचिव श्री डी० आर० मेहता ने भी निधि के संचालन बोर्ड में शामिल होने के लिए सहमति दे दी है। आशा है कि निधि 1990 के मध्य से पूर्ण रूप से अपना काम करने लगेगी, तथा इससे आर्थिक विकास के संदर्भ में अनुभव किए जा रहे अभाव दूर होंगे, जिसकी शुरूआत विशेषत: ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में पूर्वोत्तर क्षेत्र से हो रही है।

3.61 इस बात में कोई संदेह नहीं कि भाऔविनि की प्रवर्तन भूमिका के अनेक आयाम हैं—जो 1972 में की गई परिकल्पना से कहीं अधिक हैं, जबकि पहली बार इसके अध्यादेश में संशोधन करके भाऔविनि को प्रवर्तन गतिविधियों के लिए अधिकृत किया गया था। वास्तव में भाऔविनि की भूमिका का विस्तार अब देश के समग्र औद्योगिक परिदृश्य पर है। फिर भी, भाऔविनि यह भली-भांति जानता है, कि इसे अभी बहुत लम्बी दूरी तय करनी है क्योंकि प्रवर्तन के क्षेत्र में संभावना एवं प्रत्याशाएं असीमित हैं।

प्रभाव एवं प्रतिबोध

4.01 1989-90 काफी महत्व का वर्ष रहा। वर्ष की समाप्ति पर अस्सी का दशक समाप्त हुआ, और नब्बे के दशक का प्रारम्भ हुआ। देश में, यह वर्ष सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985-90) का अंतिम वर्ष था, और आठवीं योजना (1990-95) की शुरुआत की प्रक्रिया का प्रारम्भिक वर्ष। इस वर्ष भाऔविनि ने भारतीय उद्योग के प्रति अपनी समर्पित सेवा के बयालीस वर्ष पूरे किए। सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान भाऔविनि के योगदान को, और भाऔविनि के परिचालनों के लिए इसके प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए उद्योग की भावी संवृद्धि और विकास के संबंध में प्रतिबोधित क्षेत्रों को निरूपित करने का प्रयास निम्नलिखित अनुच्छेदों में किया गया है।

भाऔविनि के परिचालनों का योजना-वार विश्लेषण

4.02 भाऔविनि के प्रारम्भ से ही, इसके परिचालनों का एक महत्वपूर्ण पहलू राष्ट्रीय नीतियों (विशेषकर वे, जो वित्त और उद्योग को प्रभावित करती हों), योजना प्राथमिकताओं और समय-समय पर सरकार से प्राप्त मार्गनिर्देशों का अनुपालन रहा है। जिस तरह से भाऔविनि देश में उद्योगीकरण की प्रक्रिया को गतिमान करने में सक्षम रहा है, वह सारणी 20 में दिए गए अनुसार मंजूर की गई और संवितरित योजना-वार सहायता से परिलक्षित होती है।

सारणी : 20 भाऔविनि द्वारा योजना-वार मंजूर एवं संवितरित वित्तीय सहायता

(करोड़ रु०)

योजना अवधि	मंजूर की गई निवल वित्तीय सहायता					संवितरित वित्तीय सहायता				
	ऋण	हामीदारियां प्रत्यक्ष अभिदान	गारंटियां	उपस्कर लीजिंग	कुल	ऋण	हामीदारियां प्रत्यक्ष अभिदान	गारंटियां	उपस्कर लीजिंग	कुल
	(रु०)	(रु०)	(रु०)	(रु०)	(रु०)	(रु०)	(रु०)	(रु०)	(रु०)	(रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)	(11)
प्रथम योजना से पूर्व अवधि (1948-51)	8.06	—	—	—	8.06	5.79	—	—	—	5.79
प्रथम योजना (1951-56)	26.91	—	—	—	26.91	10.94	—	—	—	10.94
दूसरी योजना (1956-61)	52.91	3.53	16.30	—	72.74	40.62	1.31	15.11	—	57.04
तीसरी योजना (1961-66)	130.55	16.42	29.48	—	176.45	104.22	14.00	26.80	—	145.02
तीन वार्षिक योजनाएं (1966-69)	55.43	5.79	5.27	—	66.49	83.93	5.64	8.54	—	98.11
चौथी योजना (1969-74)	160.87	12.51	1.10	—	174.48	133.99	6.48	1.33	—	141.80
पांचवीं योजना (1974-78)	264.75	21.24	0.28	—	286.27	206.08	10.29	0.34	—	216.71
दो वार्षिक योजनाएं (1978-80)	282.85	17.58	—	—	300.43	164.93	5.39	0.20	—	170.52
छठी योजना (1980-85)	1,333.45	122.15	43.38	—	1,498.98	1,088.91	22.01	5.24	—	1,116.16
सातवीं योजना (1985-90)	5,500.62	311.30	63.61	226.64	6,102.17	3,260.99	84.09	19.74	147.73	3,512.55
कुल जोड़	7,816.40	510.52	159.42	226.64	8,712.98	5,100.40	149.21	77.30	147.73	5,474.64

4.03 छठी पंचवर्षीय योजना अवधि (1980-85) के दौरान भाओविनि की कुल मंजूरियां (जो सभी परियोजना वित्त के क्षेत्र में थीं) 1,498.98 करोड़ रुपये की रहीं, और संवितरणों की राशि 1,116.16 करोड़ रुपये की रही। उस समय भी, उपर्युक्त सहायता उससे पहले के 32 वर्षों की अवधि के दौरान जिसमें कि पांच पंचवर्षीय योजनाएं पांच विरामी वार्षिक योजनाएं और सबसे पहली पंचवर्षीय योजना से पूर्व की तीन वर्ष की अवधि सम्मिलित है, भाओविनि द्वारा मंजूर और संवितरित कुल सहायता से अधिक थी। छठी पंचवर्षीय योजना के प्रारम्भ में भाओविनि द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या 1,265 थी, जो उस योजना के अंत तक बढ़कर 2,093 हो गई थी। छठी पंचवर्षीय योजना की समाप्ति पर इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए जुटाए गए समग्र संसाधन की राशि 22,386 करोड़ रुपये बनती थी।

4.04 सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1985-90) के दौरान एक महत्वपूर्ण उल्लेखनीय पहलू वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में पहली बार भाओविनि का प्रवेश था। सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1985-90) के दौरान भाओविनि द्वारा मंजूर और संवितरित की गई 6,102.17 करोड़ रुपये और 3,512.55 करोड़ रुपये की कुल सहायता में से 791.85 करोड़ रुपये और 286.59 करोड़ रुपये (अधिकांशत: सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के अंतिम वर्षों के दौरान) की क्रमश: मंजूरियां और संवितरण, भाओविनि की विविध वित्तीय सेवाओं, जैसे कि पूर्तिकार उधार, क्रेता उधार, उपस्कर उधार, उपस्कर उपार्जन, उपस्कर लीजिंग आदि से सम्बद्ध थे। परियोजना वित्त के अंतर्गत भी, सातवीं योजना अवधि के दौरान, भाओविनि ने सहायता क्षेत्र में भी काफी विविधता अर्जित की। इस अवधि के दौरान पहली बार मछली पालन, पर्यटन, अस्पताल, निर्माण कार्य, जहाज निर्माण एवं मरम्मत, अप-तटीय ड्रिलिंग, लीजिंग आदि, भाओविनि की सहायता के दायरे में आए।

4.05 इसके अतिरिक्त, समग्र छठी पंचवर्षीय योजना अवधि (1980-85) में भाओविनि की कुल मंजूरियां और संवितरण की तुलना में, सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1985-90) के दौरान भाओविनि की कुल मंजूरियां और संवितरण क्रमश: चार और तीन गुना अधिक रहे, जिस के कारण मंजूरियों में 307.1% और संवितरणों में 214.7% की वृद्धि परिलक्षित हुई। यही नहीं, सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1985-90) के दौरान 6,102.17 करोड़ रुपये और 3,512.55 करोड़ रुपये की भाओविनि की कुल मंजूरियां और संवितरण, उससे पहले के 37 वर्षों के दौरान जिसमें कि छ: पंचवर्षीय योजनाएं, पांच विरामी वार्षिक योजनाएं और सबसे पहली पंचवर्षीय योजना से पहले की तीन वर्ष की अवधि सम्मिलित है, भाओविनि की समग्र कुल मंजूरियों और संवितरणों की तुलना में क्रमश: 133.7% और 79.0% अधिक थे।

4.06 भाओविनि द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या जो कि छठी पंचवर्षीय योजना अवधि (1980-85) की समाप्ति पर 2,093 थी, बढ़कर 3,564 हो गई, जिसके फलस्वरूप 70.3% की वृद्धि परिलक्षित हुई। यहां यह भी अभिप्रेत है, कि छठी पंचवर्षीय योजना (1980-85) की पांच वर्षों की अवधि के दौरान प्रत्येक वर्ष औसतन 166 परियोजनाओं की तुलना में सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985-90) की पांच वर्ष की अवधि के दौरान प्रत्येक वर्ष औसतन लगभग 295 मध्यम बड़ी और बड़ी परियोजनाओं को जोड़ा गया। यह वृद्धि वर्तमान परियोजनाओं की विस्तार, विशाखन, आधुनिकीकरण योजनाओं आदि के लिए उनको उपलब्ध करवाई गई वित्तीय सहायता के अतिरिक्त थी।

4.07 भाओविनि द्वारा सहायता की प्रमात्रा या वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या से अधिक महत्वपूर्ण है, विकास वित्त संस्थान के रूप में इसकी उत्प्रेरक भूमिका, जो 31 मार्च, 1990 के अंत तक इसकी 3,564 वित्तपोषित परियोजनाओं के पूरा करने के लिए 60,111 करोड़ रुपए के समग्र संसाधन जुटाने में सहायक रही है।

भाओविनि की सहायता का आर्थिक योगदान

4.08 पिछले 42 वर्षों की अवधि के दौरान, भाओविनि द्वारा वित्तपोषित 3,564 परियोजनाओं का प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान, पूरे देश में, आजादी के बाद अगस्त, 1947 से व्याप्त समग्र देश में हुए उद्योगीकरण से देखा जा सकता है।

4.09 अपने चार्टर के अनुसार, भाओविनि को निगमित और सहकारी क्षेत्रों की मध्यम और बड़े आकार की स्थापित और, आने वाली पात्र परियोजनाओं को मध्यम और दीर्घकालीन ऋण प्रदान करना प्रत्याशित था। भाओविनि को स्वयं कोई औद्योगिक उद्यम स्थापित करने अथवा प्रवर्तित करने का अधिकार नहीं दिया गया था। भाओविनि को ग्रामीण तथा लघु उद्योग क्षेत्र की औद्योगिक इकाईयों को भी वित्तपोषित अथवा पुनर्वित्तपोषित करने के लिए प्राधिकृत नहीं किया गया था। अपने चार्टर के अनुरूप ही भाओविनि ने, पिछले 42 वर्षों के दौरान, उद्योग को व्यापक रूप से समाहित किया है, और संगठित क्षेत्र का शायद ही कोई ऐसा उद्योग हो, जिसे भाओविनि से किसी प्रकार की सहायता न मिली हो। कई इकाईयां तो ऐसी हैं, जिन्हें एक से अधिक बार भाओविनि से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है।

4.10 वित्तीय सेवाओं की व्यापकता की दृष्टि से यह कहा जा सकता है, कि भाओविनि से वित्तीय सहायता का प्रवाह, देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की उभरती हुई मध्यम और बड़े आकार की औद्योगिक इकाईयों से प्राप्त आवेदन प्रवाह पर व्यापक रूप से निर्भर करता है। इस रूपरेखा के अंतर्गत भी, विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भाओविनि की सहायता का हिस्सा वर्ष-दर-वर्ष उनके द्वारा प्राप्त पंजीकरण/आशय-पत्र/औद्योगिक लाइसेंसों की संख्या,

के अनुरूप रहा है । पिछले 42 वर्षों के दौरान, मिजोरम तथा संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप को छोड़कर, देश के सभी राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र भाऔविनि की सहायता से समाहित हुए हैं। मिजोरम और लक्षद्वीप में भी अन्य वित्तीय संस्थानों सहित भाऔविनि का यह प्रयास रहा है, कि विभिन्न प्रवर्तन उपायों की मार्फत उद्यमीयता का विकास किया जाए, ताकि स्थानीय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक कार्यकलापों में तीव्रता लाई जा सके ।

4.11 अस्सी के दशक में उद्योगों का कार्य-निष्पादन सत्तर के दशक में उद्योगों के कार्य-निष्पादन की तुलना में एकदम अद्वितीय है । सत्तर के दशक में समग्र उत्पादन केवल 4.2% की मिश्रित वार्षिक दर पर ही बढ़ा था । अस्सी के दशक के दौरान 7.7% की मिश्रित वार्षिक दर पर औद्योगिक उत्पादन में समग्र वृद्धि में 47% योगदान आधारभूत माल का रहा है, 21% योगदान पूंजीगत माल का हुआ है, 16% योगदान मध्यवर्ती माल का रहा है, 7% योगदान टिकाऊ उपभोक्ता माल का रहा है और 9% योगदान गैर-टिकाऊ उपभोक्ता माल का रहा है । वृद्धिशील पूंजी उत्पाद अनुपात ने भी, जो कि उत्पादन प्रणाली की दक्षता का एक माप है, गत वर्षों के दौरान कमी को दर्शाया है, जो कि भारतीय उद्योग में उत्पादकता में सुधार का द्योतक है । 1980-81 के मूल्यों पर सकल वृद्धिशील पूंजी उत्पाद अनुपात पचास के दशक के लिए 3.80 था, साठ के दशक के लिए 5.33 था, सत्तर के दशक के लिए 6.12 रहा, लेकिन 1980-81 से 1988-89 तक की अवधि के दौरान यह केवल 4.13 रहा। अकेले विनिर्माण क्षेत्र के लिए वृद्धिशील पूंजी उत्पाद अनुपात, जो कि पचास के दशक के दौरान 3.16, साठ के दशक के दौरान 5.75 और सत्तर के दशक के दौरान 6.41 था, अस्सी के दशक के दौरान कम होकर 4.78 हो गया । मूल औद्योगिक आधार बनाकर भारत अब इलेक्ट्रानिक्स, कम्प्यूटर, उपग्रह प्रौद्योगिकी, जैव-प्रौद्योगिकी, दूर-संचार, परिष्कृत संख्यात्मक नियंत्रित मशीन औजार, आदि जैसे उभीयमान उद्योगों में कला-प्रौद्योगिकी-की-अवस्था की ओर तेजी से बढ़ रहा है ।

4.12 मोटे तौर पर, भाऔविनि की कुल वित्तीय सहायता का एक तिहाई भाग चीनी, वस्त्र, सीमेंट, कागज और उर्वरक जैसे उद्योगों के लिए गया है । सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान भाऔविनि की सहायता, अन्य वित्तीय संस्थानों की सहायता सहित, चीनी उद्योग में 13.88 लाख टन, वस्त्र उद्योग में 8.85 लाख तकुए, सीमेंट उद्योग मे 84.25 लाख टन कागज उद्योग में 1.23 लाख टन और उर्वरक उद्योग में 49.64 लाख टन की क्षमताओं को सृजित/उत्प्रेरित करने में सक्षम रही है । इसके अतिरिक्त लोहा व इस्पात, ऊर्जा और गैस, रसायन और रसायन आधारित खाद्य अभिसंस्करण, आटोमोबाइल टायर और ट्यूबें, कृत्रिम रबी, कृत्रिम रेसिन्स और प्लास्टिक्स, मशीनरी, बिजली मशीनरी और उपस्कर, इलेक्ट्रानिक्स, परिवहन उपस्कर और पुर्जे, धातु उत्पाद आदि जैसे अन्य विभिन्न उद्योगों और साथ ही होटल और अस्पताल जैसे सेवा उद्योगों में पर्याप्त क्षमताएं सृजित की गई हैं । सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1985-90) के दौरान भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित नई, विस्तार और विशाखन परियोजनाएं लगभग 2.76 लाख व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने में और सहायक उपयोगों और क्षेत्रों में इससे बड़ी संख्या में अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने में सक्षम रही हैं ।

4.13 सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1985-90) के दौरान भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित 1,130 नई, विस्तार/विशाखन परियोजनाओं के अध्ययन से यह पता चलता है, कि इन परियोजनाओं से प्राप्त उत्पाद का मूल्य उनके मूल्यांकन के समय 26,369 करोड़ रुपये था । प्रवर्धित सकल मूल्य 11,075 करोड़ रुपये था, जो कि अपने आप में, देश के सकल राष्ट्रीय उत्पाद में, इन परियोजनाओं के योगदान का एक अच्छा परिचायक है ।

राष्ट्रीय राजकोष में अंशदान

4.14 भाऔविनि को किसी भी अन्य कम्पनी के समान ही कर देना पड़ता है । अपने अस्तित्व के 42 वर्षों के दौरान भाऔविनि ने केवल कर के रूप में 167.09 करोड़ रुपये की राशि राष्ट्रीय राजकोष में दी है, जो कि 100 करोड़ रुपये की इसकी प्रदत्त शेयर पूंजी की मोटे तौर पर डेढ़ गुने से अधिक है ।

लाभांश रिकार्ड

4.15 1970-71 में पहली बार भाऔविनि की सामान्य आरक्षित निधि इसकी प्रदत्त शेयर पूंजी के बराबर हुई थी। इसलिए यह वह वर्ष था, जिसमें औविनि अधिनियम, 1948 के उपबन्धों के अनुसरण में भाऔविनि ने अपने शेयरों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा गारंटीकृत लाभांश से अधिक लाभांश घोषित किया। निश्चित रूप से यह 5% की अधिकतम अनुमत्य सीमा तक ही था । बाद में जब लाभांश दर पर परिसीमन औविनि अधिनियम, 1948 में संशोधन के द्वारा हटा दिया गया, तो भाऔविनि के अपनी लाभांश दर को बढ़ाना आरम्भ किया। छठी पंचवर्षीय योजना की पूरी अवधि में लाभांश दर में केवल 0.5% प्रतिवर्ष की निरन्तर बढ़ोतरी हुई। सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि (1985-90) के दौरान भाऔविनि ने प्रत्येक वर्ष 1% की दर का अपना बढ़ोतरी करने का रिकार्ड बनाया । इसके परिणामस्वरूप 31 मार्च, 1990 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान भाऔविनि के प्रदत्त शेयर पूंजी पर इसके द्वारा घोषित लाभांश, वर्ष 1984-85 (छठी पंचवर्षीय योजना का समापन वर्ष) के 9% की तुलना में 14% था ।

भाऔविनि के परिचालनों का प्रभाव

4.16 प्रभाव एक ऐसी स्थिति है, जो बताए जाने की अपेक्षा कहीं अधिक महसूस की जा सकती है। भाऔविनि भारत में न केवल वित्तीय वित्त संस्थानों में से एक है, अपितु सब में, एक सबसे पुराना संस्थान है। निम्नलिखित शीर्षों के अन्तर्गत अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर भाऔविनि के परिचालनों के प्रभाव का मोटे तौर पर मूल्यांकन करने का प्रयास आगे के अनुच्छेदों में किया गया है :–

—विकास बैंकिंग पद्धतियां
—वित्तपोषित संस्थानों की प्रबन्धकीय प्रभावशीलता
—उद्यमीय आधार का विस्तृतीकरण
—संतुलित क्षेत्रीय विकास
—औद्योगिक सहकारिताओं की संवृद्धि और विकास
—उद्योग का आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकीय प्रोन्नयन
—ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत के उपयोग, प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारण, आदि को प्रोत्साहन
—उद्योग में सुरक्षा उपायों को प्रोत्साहन
—कई प्रवर्तनात्मक उपायों के माध्यम से नई औद्योगिक संस्कृति के विकास को प्रोत्साहन

(i) विकास बैंकिंग पद्धतियां

4.17 भाऔविनि सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने विद्यमान संयुक्त वित्तपोषण और सामूहिक दृष्टिकोण के अन्तर्गत काफी हद तक अपने साधनों को तेज किया है, तथा परियोजना मूल्यांकन, नियंत्रण और अनुवर्ती कार्रवाई की दिशा में कार्य रत रहा है। सभी संस्थान अब तकनीकी, वित्तीय, वाणिज्यिक, आर्थिक, प्रबन्धकीय, सामाजिक–आर्थिक आदि जैसे विभिन्न दृष्टिकोणों से परियोजनाओं का न केवल मूल्यांकन करते हैं, अपितु परियोजना के स्वयं गुरुत्तर हित और इसके सामयिक कार्यान्वयन में, जहां तक उत्पाद मिश्र, विदेशी सहयोग और उपर्युक्त प्रौद्योगिकी, प्रबन्धकीय और विपणन आदेशकों के चयन का सम्बन्ध है, परियोजना संकल्पना अवस्था पर भी उद्यमियों का मार्गदर्शन भी कर पाने में सक्षम है। प्रबुद्ध प्रवर्तक और सक्षम प्रबन्धक–वर्ग, भाऔविनि सहित वित्तीय संस्थानों द्वारा अपेक्षित उन विभिन्न कार्यों से प्राप्त लाभों का महत्व अब और अधिक संख्या में, समझने लगे हैं, जो उनके द्वारा परियोजनाओं की कार्यान्वयन अवस्था के दौरान और बाद में परिचालन अवधि के दौरान किए जाने हैं।

4.18 वित्तीय संस्थानों की सृजनात्मक और उत्प्रेरक भूमिका न तो परियोजना के वित्तपोषण के लिए उनके निर्गमों तक और न ही उनके द्वारा प्रदान की गई वित्तीय सहायता के चालू रहने के दौरान परियोजना के कार्यान्वयन के पर्यवेक्षण तक सीमित रहती है। वित्तीय संस्थानों और वित्तपोषित संस्थाओं के बीच सम्बन्ध अब मात्र लेनदार या देनदार का ही नहीं रह गया है, अपितु वास्तव में वे औद्योगिक उद्यमों में एक भागीदार के रूप में हैं। अतः वित्तीय संस्थान अपने लाभभोगियों के साथ ऐसे सम्बन्ध बनाए रखने का प्रयास करते हैं, जो कि एक उल्लेखनीय औद्योगिक परिवेश सृजित करने के लिए एक दूसरे की विशेषज्ञता और अनुभव का आदान–प्रदान करते हुए आंतरिक और निरंतर बने रहे। यह कुछ ऐसा है, जो कि देश की औद्योगिक संस्कृति पर गुणात्मक प्रभाव के दृष्टिकोण से पर्याप्त रूप से महत्वपूर्ण है।

(ii) औद्योगिक संस्थाओं की प्रबन्धकीय प्रभावशीलता

4.19 वित्तपोषित संस्थाओं में उचित और आवश्यकता आधारित प्रबंध संरचना के सृजन अर्थात् (क) निदेशक बोर्ड के स्तर पर उचित और व्यापक ढांचा, (ख) प्रबन्ध के मुख्य क्षेत्रों में उचित संगठनात्मक ढांचा, (ग) परियोजना प्रबन्ध समितियों की स्थापना, (घ) विशेष रूप से बड़ी परियोजनाओं के मामले में लेखा-परीक्षित उप–समितियों की स्थापना, (ङ) संगठन के अन्तर्गत ही आवश्यकता आधारित प्रबन्ध सूचना पद्धति की स्थापना और (च) संगठन में समग्रतः बेहतर उत्पादकता के लिए परिचालन समस्याओं को, यदि कोई हो, दूर करने के लिए परामर्शदाताओं और विशेषज्ञों की सेवाओं का लाभ उठाना आदि पर भाऔविनि सहित सभी वित्तीय संस्थानों द्वारा बल देने के परिणामस्वरूप औद्योगिक संस्थाओं की प्रबन्धकीय कार्यक्षमता में व्यापक रूप से प्रभावोत्पादकता आई है। निदेशक नामित करने की व्यवस्था बोर्ड स्तर पर वित्तपोषित संस्थाओं के प्रबन्धकीय ढांचे और वित्तीय संस्थानों के बीच घनिष्ठ सम्पर्क का कार्य करती है। "प्रबन्ध के व्यावसायीकरण" पर अधिक जोर दिया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में भाऔविनि द्वारा प्रवर्तित प्रबन्ध विकास संस्थान "इन–कम्पनी कार्यक्रमों" और साथ ही भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित एक गहन "15 माह का राष्ट्रीय प्रबन्ध कार्यक्रम" आयोजित करके एक अच्छा कार्य कर रहा है। आज प्रबन्धक वर्ग में समक्ष बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा से उत्पन्न और एक अधिक अच्छे प्रतिस्पर्धी औद्योगिक परिवेश में तेजी से अपने आपको ढालने से उत्पन्न बड़ी–बड़ी चुनौतियां सामने हैं। प्रबन्ध विकास संस्थान आयोजित किए जा रहे सुनिर्धारित प्रबन्ध विकास कार्यक्रमों के माध्यम से आगामी और उभरने वाली चुनौतियों को पूरा करने के लिए उद्योग को भरपूर सहायता प्रदान कर रहा है। इन सभी उपायों ने वित्तपोषित संस्थाओं के प्रबन्ध में पर्याप्त सीमा तक गुणात्मक परिवर्तन और व्यावसायिक दृष्टिकोण को लाने में सहायता की है।

(iii) उद्यमीय आधार का विस्तृतीकरण

4.20 भारत जैसे बड़े देश में औद्योगिक विकास की प्रक्रिया को संतुलित और व्यापक रूप प्रदान करने के लिए उद्यमीय आधार को विस्तृत करना एक प्रमुख आवश्यकता है। उद्योग का आकार, अति लघु, लघु, मध्यम या बड़ा – कैसा भी हो, देश को नए उद्यमों को स्थापित करने के लिए उद्यमीय दक्षताओं और विशेषताओं वाले उद्यमियों के निरन्तर प्रवाह की आवश्यकता रहती है। निःसन्देह कुछ व्यक्ति उद्यमीय दक्षताओं को लेकर

पैदा होते हैं, या उन्हें यह विरासत में मिली होती है, लेकिन जहां उद्यमीयता का अभाव हो, वहां इसके अतिरिक्त और कोई चारा नहीं है, कि उसका विकास किया जाए । उद्यमीयता विकास आन्दोलन को धन से सहायता उपलब्ध करवा कर वित्तीय संस्थानों (भाऔविनि सहित) ने इस मिथक को झुठला दिया है, कि उद्यमी केवल जन्मजात होते हैं, बनाए नहीं जा सकते । लगभग 42,000 से अधिक की संख्या में जो व्यक्ति उद्यमीयता विकास, कार्यक्रमों द्वारा विकसित 31 मार्च, 1990 तक प्रशिक्षित किए गए थे, उनमें से अधिकांश अपनी औद्योगिक इकाइयों को कुटीर, अति लघु और लघु क्षेत्र में स्थापित कर चुके हैं ।

4.21 नए उद्यमियों को बीज/जोखिम पूंजी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए जहां भारतीय औद्योगिक विकास बैंक राज्य स्तरीय वित्तीय संस्थानों/बैंकों के माध्यम से बीज पूंजी/विशेष पूंजी/राष्ट्रीय इक्विटी निधि योजनाएं आदि चला रहा है, वहीं भाऔविनि पिछले 14 वर्षों से जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० के माध्यम से जोखिम पूंजी योजना चला रहा है । जोखिम पूंजी सहायता योजना के परिणामस्वरुप 331 प्रथम पीढ़ी के उद्यमी अपनी 199 मध्यम और मध्यम बड़े आकार की परियोजनाओं सहित देश के औद्योगिक क्षितिज पर उभरने में सक्षम हुए हैं । जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि० द्वारा वित्त पोषित इन नए प्रभाव डालने वाले उद्यमियों की सफलता इस बात का प्रमाण है, कि सही ढंग से तथा बिना किसी वाणिज्यिक लक्ष्य के सार्थक वित्तीय सहायता औद्योगिक क्षितिज पर मामूली वित्तीय साधनों वाले प्रतिभाशाली उद्यमियों को ऊपर उठाने में किस प्रकार उपयोगी हो सकती है ।

4.22 अपने परियोजना-वित्त परिचालनों में वित्तीय संस्थानों सहित, स्वयं भाऔविनि का यह प्रयास रहा है, कि देश में यथासंभव उद्यमीय आधार को विस्तृत किया जाए । इस लक्ष्य को प्रथम पीढ़ी के सक्षम उद्यमियों के औद्योगिक उद्यमों को वरीयता और रचनात्मक सहयोग देकर कठिनाई के वास्तविक मामलों में चयनात्मक आधार पर रखा हुआ प्रवर्तक अंशदान स्वीकार करके प्राप्त किया जाता है । अपने अस्तित्व के 42 वर्षों के दौरान, भाऔविनि देश के औद्योगिक क्षितिज पर विभिन्न पृष्ठ-भूमियों से अनेक प्रथम पीढ़ी उद्यमियों को लाने में समर्थ रहा है । इन नए उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित 400 से भी अधिक परियोजनाओं में से कुछ एक ने तो नई प्रौद्योगिकियों को अपनाया है और वे काफी सफल सिद्ध हुए हैं । प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों में से, विशेषकर जिन्हें भाऔविनि के अस्तित्व के पहले दो दशकों के दौरान वित्तीय सहायता दी गई थी, कुछ ने तो इस सीमा तक अपने कारोबार को बढ़ा लिया है, कि आज उनकी गिनती देश में प्रतिष्ठित अथवा बड़े घरानों में होती है । अनवरत रूप से चल रही यह प्रक्रिया अब भी जारी है ।

(iv) संतुलित क्षेत्रीय विकास

4.23 भाऔविनि की कुल सहायता की लगभग 50% राशि केन्द्रीय रूप से अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों (उद्योग-रहित/विशेष क्षेत्र जिलों सहित) में स्थापित परियोजनाओं को गई है । सातवीं योजना अवधि (1985-90) के दौरान, वित्तपोषित; 2,301 परियोजनाओं में से, 1,115 परियोजनाएं अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थापित थीं । 246 परियोजनाएं वे थीं, जो कि उद्योग-रहित जिलों/क्षेत्रों में स्थापित की गई । पिछड़े क्षेत्रों में लगने वाली परियोजनाओं के लिए उदार शर्तों पर निर्धारित सीमा तक रियायती सहायता उपलब्ध करवाने के अतिरिक्त, भाऔविनि उद्योग-रहित जिलों/क्षेत्रों में परियोजनाओं के लिए "परियोजना-विशिष्ट अवस्थापना ऋण" भी उपलब्ध करवाता रहा है, जिनके लिए निर्माण अवधि के दौरान ब्याज नहीं लगाया जाता । इस तथ्य को झुठलाया नहीं जा सकता, कि केन्द्रीय रूप से अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में परियोजनाओं की स्थापना के लिए संस्थानात्मक उपायों और प्रोत्साहनों ने थोड़ी ही सही, किन्तु संतुलित क्षेत्रीय विकास के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण तरीके से सहायता दी है । चूंकि अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में अधिकांश परियोजनाएं ग्रामीण और/अथवा अर्ध-ग्रामीण स्थानों में स्थापित की गई है, अतः इन औद्योगिक परियोजनाओं के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में इन क्षेत्रों की अर्थ व्यवस्था में बहुत भारी परिवर्तन हुआ है । प्रत्यक्ष और साथ ही साथ अप्रत्यक्ष रोजगार के सृजन के अतिरिक्त परियोजनाओं ने बहुत सी अति लघु एवं लघु क्षेत्र की इकाइयों, सेवा केन्द्रों, दुकानों और बाजारों, विद्यालय एवं चिकित्सा सुविधाओं, आदि की स्थापना में सहायता की है । वास्तव में इन परियोजनाओं का आर्थिक और सामाजिक प्रभाव (वर्णित किए जाने की अपेक्षा), "विकासात्मक चेतना," में जो कि सृजित की गई है, और उस सीमा तक, जहां इन परियोजनाओं द्वारा स्थानीय लोगों का आर्थिक कल्याण करने और आवश्यक सामाजिक अवस्थापना को स्थानीय रूप से सशक्त करने में सहायता की है, देखा जा सकता है ।

(v) औद्योगिक सहकारिताओं की संवृद्धि और विकास

4.24 औद्योगिक सहकारिताओं की संवृद्धि और विकास का इतिहास भाऔविनि से प्रारम्भ होता है । 1949-50 की बात है, जबकि पहली सहकारी चीनी फैक्टरी को महाराष्ट्र में भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित किया गया था । तब से अब तक भाऔविनि ने 531.51 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान कर 334 औद्योगिक सहकारिताओं का वित्तपोषण किया है । एक ओर जहां औद्योगिक क्षेत्र में सहकारिता आन्दोलन के इतिहास में महाराष्ट्र अभी भी सबसे आगे है, भाऔविनि के लिए यह पर्याप्त संतोष की बात है, कि सहकारिता क्षेत्र में उद्योगों को प्रदान की गई इसकी सहायता और प्राथमिकता सव्यवहार से सहकारिता आन्दोलन को लगभग सभी राज्यों में गति मिली है । इस समय भाऔविनि से सहायता प्राप्त 334 सहकारिताओं में से 119 महाराष्ट्र में, 42 उत्तर प्रदेश में, 29 कर्नाटक में, 24 आन्ध्र प्रदेश में, 23 गुजरात में, 23 तमिलनाडु में, 19 पंजाब में, 12 उड़ीसा में, 11 हरियाणा में, 6 बिहार में, असम, केरल और मध्य प्रदेश—प्रत्येक में पांच-पांच, 4 राजस्थान में, 3 पश्चिम बंगाल में, 2 पाण्डिचेरी में और गोवा और साथ ही दादरा एवं नगर हवेली—प्रत्येक में एक-एक हैं । चूंकि लगभग सभी सहकारिताएं या तो कृषि आधारित हैं, या कृषि के लिए निवेश उपलब्ध

करवाती हैं, भाऔविनि तथा अन्य वित्तीय संस्थान उद्योग में सहकारिता आन्दोलन को प्रोत्साहित करके सामान्य तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के अतिरिक्त कृषि और उद्योग के बीच एक अच्छा तारतम्य बनाने में सफल रहे हैं।

4.25 334 औद्योगिक सहकारिताओं में से, 216 चीनी सहकारिताएं, 98 वस्त्र सहकारिताएं और 20 अन्य विविध सहकारिताएं हैं। चीनी सहकारिताएं बहुत से अनुषंगी और सहायक उद्योगों को प्रवर्तित करने में जैसे औद्योगिक एल्कोहल के उत्पादन के लिए निर्माणशालाओं, कन्फेक्शनरी इकाइयों, खोई आधारित कागज संयंत्रों, मिश्रित और दानेदार उर्वरकों के उत्पादन आदि, में सहायक रही हैं। वस्त्र कताई सहकारिताओं ने ग्रामीण और अर्ध–ग्रामीण क्षेत्रों में हथकरघा क्षेत्र के विकास के लिए अवसर प्रदान किए हैं। पिछले कई वर्षों में जूट, उर्वरक, कृत्रिम रेशे, वनस्पति तेल, कोकोआ अभिसंस्करण, कागज, रसायन और रसायन उत्पाद, औद्योगिक सम्पदाओं का विकास, आदि, जैसे बहुत से अन्य उद्योगों में सहकारिता आन्दोलन का फैलाव, भाऔविनि तथा अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा पर्याप्त वित्तीय सहायता से समग्र देश में मध्यम और बड़े आकार की औद्योगिक सहकारिताओं द्वारा प्राप्त की गई सफलता और शक्तियों का अर्थपूर्ण प्रमाण हैं।

4.26 औद्योगिक सहकारिताओं को भाऔविनि तथा अन्य वित्तीय संस्थानों की सहायता का अन्य उल्लेखनीय पहलू यह है, कि यह सहायता देश के दूर–दराज के कोनों में स्थित इकाइयों को प्राप्त हुई है, और उन स्थानों पर, जहां कि पहले कोई भी उद्योग नहीं था, न केवल उद्योगों को लाने में, अपितु समग्र ग्रामीण परिदृश्य को बदलने में भी सहायक रही है। सहकारिता आन्दोलन में ग्रामीणों के विश्वास को सशक्त करने और उत्पादक प्रयोजनों के लिए कृषि की बचतों को बढ़ाने के अतिरिक्त, सहकारिताएं, सुधरी हुई सड़कों, बेहतर परिवहन सुविधाएं, खाद्य जल–आपूर्ति, विद्यालयों और स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना, आदि, उपलब्ध करवाने में सहायक रही हैं। रुग्ण, लेकिन संभवतः, व्यवहार्य औद्योगिक इकाइयों को पुनर्स्थापित करने में बन्द इकाइयों को पुनः प्रारम्भ करने के लिए कामगारों की सहकारिताओं के गठन करने का प्रयोग भी अत्यन्त सफल रहा है।

(vi) उद्योग के आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकीय उन्नयन पर प्रभाव

4.27 भारतीय उद्योग के पुरानेपन की समस्या विद्यमान इकाइयों के केवल आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकीय उन्नयन द्वारा ही सुलझाई जा सकती है। निवर्तमान इकाइयों के आधुनिकीकरण, विशाखन और विस्तार की लागत, नई इकाइयों की स्थापना की लागत से हमेशा तुलनात्मक दृष्टि से कम ही होती है। आधुनिकीकरण और प्रौद्योगिकी उन्नयन की आवश्यकता अनुभव करते हुए वित्तीय संस्थान पिछले 14 वर्षों से "उदार ऋण योजना" चला रहे हैं, जो कि उदार शर्तों पर आधुनिकीकरण के लिए सहायता उपलब्ध करवाती है। इसके अतिरिक्त सातवीं पंचवर्षीय योजना (1985–90) की अवधि के दौरान "चीनी विकास निधि", "वस्त्र आधुनिकीकरण निधि" तथा "जूट" आधुनिकीकरण निधि" की स्थापना से आधुनिकीकरण सहायता में नए आयाम जुड़े हैं। विशेष ऋणों को, जो कि इन निधि योजनाओं के अन्तर्गत उपलब्ध हैं, उन कमजोर औद्योगिक इकाइयों के संबंध में, जिनको कि आधुनिकीकरण की अत्यन्त आवश्यकता है, प्रवर्तक अंशदान के रूप में ही लिया जा रहा है।

4.28 भाऔविनि तथा अन्य वित्तीय संस्थानों का जोर, न केवल, आधुनिकीकरण के समेकित कार्यक्रम पर रहा है, वरन विशेष ध्यान प्रौद्योगिकी के उन्नयन, ऊर्जा संरक्षण के उपायों और प्रदूषण को दूर करने पर भी रहा है। सातवीं योजना अवधि (1985–90) के दौरान भाऔविनि द्वारा परियोजना वित्तपोषण के अधीन मंजूर की गई कुल सहायता का लगभग 26.6% वर्तमान औद्योगिक इकाइयों के विस्तार, विशाखन और आधुनिकीकरण के लिए प्राप्त हुआ है। इन इकाइयों में भाऔविनि का जोर इस तथ्य पर रहा है, कि आधुनिकीकरण केवल मशीनरी और उपस्कर या डिजाइन, गुणवत्ता और मानकीकरण की शर्तों के अनुसार उत्पाद का ही नहीं होना चाहिए अपितु आधुनिकीकण प्रौद्योगिकी का, सभी स्तरों पर कार्मिकों के व्यवहार दक्षता और गुणवत्ता का, संगठनात्मक ढांचे का और प्रबंध तकनीकों का भी होना चाहिए। आधुनिकीकरण योजनाओं का मूल्यांकन करते समय भाऔविनि तथा अन्य वित्तीय संस्थानों ने बारम्बार इस बात पर विशेष ध्यान दिया है कि, वर्तमान औद्योगिक इकाइयों द्वारा बनाई गई आधुनिकीकरण योजनाओं का लक्ष्य, प्रक्रिया प्रौद्योगिकी और उत्पाद का उन्नयन, निर्यात–उन्मुखता या आयात प्रतिस्थापन, ऊर्जा बचत, प्रदूषण निवारक उपाय, दुर्लभ कच्चे माल और अन्य निवेशों का संरक्षण 'प्रतिस्थापन' अवक्षय और उप–उत्पादों का पुनर्उपयोग/पुर्नलाभ, सामग्री रख-रखाव में सुधार और उत्पादकता में वृद्धि के माध्यम से क्षमता उपयोग में सुधार और अड़चनों को दूर करना रहे।

4.29 सातवीं योजना अवधि (1985–90) में संस्थानात्मक सहायता की मुख्य विशेषता न केवल प्रौद्योगिकी उन्नयन पर बल देना रहा है, अपितु प्रौद्योगिकी विकास और प्रौद्योगिकी समीक्षण पर भी उचित ध्यान दिया गया है, चाहे इसके लिए प्रौद्योगिकी का आयात किया जाए अथवा आन्तरिक अनुसंधान और विकास प्रयासों के द्वारा देशी प्रौद्योगिकी का विकास किया जाए। 7 वीं योजना अवधि के दौरान हाई-टेक और अन्य प्रौद्योगिकी उन्मुख परियोजना का हिस्सा पर्याप्त बढ़ गया है। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा प्रस्तुत प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना तथा उद्यम पूंजी निधि, भारतीय औद्योगिकी साख एवं निवेश निगम लि० द्वारा स्थापित भारतीय प्रौद्योगिकी विकास और रचना कम्पनी लिमिटेड तथा भाऔविनि द्वारा प्रवर्तित जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लिमिटेड से वाणिज्यिक अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी विकास योजनाओं के वित्तपोषण, देशीय रूप से विकसित प्रौद्योगिकी का वाणिज्यिक उपयोग, तथा व्यापक घरेलू उपयोग के लिए पहले ही आयातित प्रौद्योगिकी के अभिग्रहण की संभावनाएं बढ़ी हैं। जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम, जिसे भाऔविनि द्वारा समग्र वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, उच्च जोखिम और उच्चतर आय वाले हाई-टेक उद्यमों के लिए

कार्य करने वाले पथप्रदर्शक टेक्नोक्रेटों/व्यावसायिकों को प्रोत्साहन दे रहा है, तथा उनकी योजनाओं अर्थात नई प्रौद्योगिकी, नए उत्पाद नए बाजार, नए उपयोग और नवीन विशेषज्ञ सेवाएं एवं उनके वाणिज्यिकीकरण आदि की प्रमुख विशेषताओं के संबंध में सहायता प्रदान कर रहा है । भाऔविनि भी वाणिज्यिक रूप से प्रमाणित देशीय प्रौद्योगिकी या उन्नत आयातित प्रौद्योगिकी आधारित परियोजनाओं या विद्यमान औद्योगिक इकाइयों में प्रौद्योगिकी उन्नयन वाली परियोजनाओं या आयात प्रतिस्थापन अथवा निर्यात विकास अथवा दोनों के अन्तिम उद्देश्य से अपना आन्तरिक अनुसंधान और विकास केन्द्र स्थापित करने वाली परियोजनाओं के परियोजना वित्तपोषण परिचालनों को पर्याप्त महत्व दे रहा है । भाऔविनि द्वारा, विशेषतः सातवीं योजना अवधि के दौरान, वित्तपोषित विभिन्न परियोजनाओं की व्यापक अनेकरूपता उपयुक्त बात का पर्याप्त प्रमाण है । यह प्रक्रिया अनवरत जारी रहनी है, जिससे 21वीं सदी में प्रवेश करते समय देश के उद्योगों के प्रौद्योगिकी आधार को समुचित रूप से विविध स्वरूप प्रदान किया जा सके ।

(vii) ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत के उपयोग, प्रदूषण नियंत्रण एवं निवारण आदि, को प्रोत्साहन

4.30 बेहतर ऊर्जा प्रबंध द्वारा ऊर्जा संरक्षण एक ऐसा अन्य क्षेत्र है, जिस पर एक दशक से अधिक समय से वित्तीय संस्थानों द्वारा अत्यधिक ध्यान दिया जा रहा है । वित्तीय संस्थान न केवल व्यापक राष्ट्रीय हित के दृष्टिकोण से अपितु उत्पादन लागत कम करने के साधन के रूप में भी ऊर्जा प्रबंध पर ध्यान दे रहे हैं, ताकि उद्योग में सुधार हो सके, अथवा, कम से कम, लाभ का अंश बनाए रखा जा सके । बचाई गई ऊर्जा भी एक प्रकार से पैदा की गई ऊर्जा है । विद्यमान एवं नई, दोनों ही की परियोजनाओं का मूल्यांकन करते समय भाऔविनि सहित सभी वित्तीय संस्थान इस बात का विशेष ध्यान रखते हैं, कि ऊर्जा के उपयोग में किफायत वाले उपाय परियोजना निरूपण अवस्था से ही योजनाओं में समाहित किए जाएं । वित्तीय संस्थान, वार्षिक आधार, पर विद्यमान औद्योगिक इकाइयों से ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रमों के अनुवर्तन के भाग के रूप में उनके द्वारा की गई बचत से संबंधित आंकड़े भी एकत्र करने का प्रयास करते हैं ।

4.31 सातवीं योजना अवधि के दौरान वित्तीय संस्थानों द्वारा दो विशेष योजनाएं, अर्थात ऊर्जा जांच उप-सहायता योजना और ऊर्जा संरक्षण हेतु उपस्कर वित्त योजना आरम्भ की गई । ऊर्जा जांच उप-सहायता योजना के अधीन संस्थानों ने वित्तीय संस्थानों से, जिनके द्वारा संस्थानों को ऊर्जा जांच अपेक्षाओं का पालन अपेक्षित है, लागत की 50 % सीमा तक प्रारम्भिक और विस्तृत ऊर्जा जांच करवाने की लागत को वहन करने की भी सहमति दे दी है, बशर्ते कि प्रारम्भिक जांच की लागत 10,000 रुपये और विस्तृत जांच ऊर्जा की लागत एक लाख रुपये से अधिक न हो । ऊर्जा संरक्षण हेतु उपस्कर वित्त योजना के अधीन, वित्तीय संस्थान प्रारम्भिक अथवा विस्तृत ऊर्जा जांच के परिणामस्वरूप अभिनिर्धारित ऊर्जा बचत उपस्करों के लिए निधिक सहायता प्रदान करने के लिए भी सहमत हैं । इस योजना की मुख्य विशेषता यह है, कि ब्याज दर, मानक आंकड़ा स्तर पर आधारित वस्तुतः प्राप्त बचत की सीमा से सम्बद्ध है, बशर्ते कि न्यूनतम ब्याज दर 10% वार्षिक हो रहे । एक मूल्यांकन के अनुसार जून, 1988 से अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा सहायता प्राप्त परियोजनाओं के पूरा हो जाने पर ऊर्जा खपत में वार्षिक बचत 20 करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है ।

4.32 ऊर्जा के गैर परम्परागत संस्थानों के उपयोग के लिए, वित्तीय संस्थान रियायती ब्याज दर पर सहायता प्रदान कर रहे हैं । नवीकरणीय ऊर्जा/वैकल्पिक स्रोतों के साधनों/मदों में सौर ऊर्जा आधारित समग्र मदें, पवन-चक्कियां एवं पवन ऊर्जा आधारित मदें, बायो गैस संयंत्र एवं बायो गैस इंजन, ऊर्जा-उत्पादन करने वाली कृषि एवं म्युनिसिपल कूड़े-कचरे का संपरिवर्तन करने वाले यंत्र और समुद्री लहरों और भू-समुद्री थर्मल ऊर्जा के उपयोग वाले उपस्कर शामिल हैं । वैकल्पिक तथा नवीकरणीय ऊर्जा यंत्रों के उपस्कर विनिर्माता तथा उपस्कर क्रेता दोनों ही इस योजना के अधीन रियायती वित्त के पात्र हैं । उपयुक्त मामलों में वित्तीय संस्थान भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड के साथ भी सहयोग कर रहे हैं ।

4.33 प्रदूषण नियंत्रण के लिए वित्तीय संस्थान परियोजना मूल्यांकन करते समय पर्यावरण की आवश्यकताओं पर भी अत्यधिक ध्यान दे रहे हैं, और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं, कि औद्योगिक बहिःस्रावों को नियंत्रित किया जाए, और उन्हें प्रत्येक राज्य के नियामक निकायों द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर ही रखा जाए । अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले कुछ उद्योगों से संबंधित प्रस्तावों को संस्थानों द्वारा विचारार्थ प्रस्तुत करने से पूर्व (क) राज्य के उद्योग निदेशक से इस बात की पुष्टि की परियोजना स्थल को पर्यावरण दृष्टिकोण से सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है, (ख) राज्य प्राधिकारियों से यह बात की पुष्टि कि यह आरक्षित वन क्षेत्र की सीमा में नहीं है, और (ग) राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से इस बात की पुष्टि आवश्यक है कि प्रदूषण निवारण और नियंत्रण के लिए लगाया जाने वाला प्रस्तावित उपस्कर पर्यावरण अपेक्षाओं को पूर्णतः पूरा करता है, और समग्रतः पर्याप्त और उपयुक्त है । भाऔविनि की वित्तीय सेवाओं से संबंधित सभी योजनाओं के अधीन विद्यमान समग्र इकाइयों को प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण उपस्कर के लिए वित्त उपलब्ध कराया जाता है, और नई परियोजनाओं के मामले में परियोजनाओं की लागत का हिसाब लगाते समय इस उपस्कर को अनिवार्यतः शामिल कर लिया जाता है । भाऔविनि सहित वित्तीय संस्थानों ने उपयुक्त उपायों के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र में और विशेष रूप से अपनी सहायता प्राप्त इकाइयों में पर्यावरण संबंधी व्यापक जागरूकता पैदा की है ।

(viii) उद्योग में सुरक्षा उपायों को प्रोत्साहन

4.34 सम्पूर्ण पर्यावरण संरक्षण का एक अन्य प्रमुख पहलू सुरक्षा का महत्व है । इसलिए, भाऔविनि सहित सभी अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों ने अत्यधिक प्रदूषण फैलाने वाले अभिनिर्धारित उद्योगों के लिए "सुरक्षा-जांच" नामक एक

पद्धति आरम्भ की है । इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षा मानकों, पद्धतियों, नीतियों की व्यवस्थित रूप से जांच करना है ताकि हानियों को कम किया जा सके। यह जांच जोखिम से औद्योगिक संगठनों की असुरक्षा के संबंध में 'स्वाट' (मजबूती, कमजोरी, अवसर और व्यवधान) विश्लेषण के रूप में होती है, जिसमें प्रक्रिया पैरामीटरों, डिजाइन, परिचालन प्रक्रियाओं, कार्यों, आपातकालीन योजनाओं, कार्मिक संरक्षण, सुरक्षा मानकों, दुर्घटना रिकार्डों आदि का भी ध्यान रखा जाता है । संस्थान सुरक्षित पर्यावरण, खतरों के अभिनिर्धारण, उपयुक्त अभिरक्षा की स्थापना और सुरक्षा मामलों के बारे में सम्पूर्ण जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से सुरक्षा प्रबंध कार्यक्रमों पर भी बल दे रहे हैं, जिससे वित्तपोषित संस्थाएं सुरक्षा नीति की स्थापना पर विचार कर सकें । 25 करोड़ रु० तथा इससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं के मामले में 'हेजार्डस आपरेबिलिटी" (हेजॉप) अध्ययन अनिवार्य है । हेजॉप के समान "हेजार्ड विश्लेषण" (हेजॉन) की भी संयंत्र विशेष के डिजाइन या परिचालन की विशेष समस्याओं के लिए एक महत्वपूर्ण निवारक तकनीक के रूप में प्रयोग करने की सिफारिश की जाती है । हेजॉप और हेजॉन दोनों अध्ययन समस्या का अत्यन्त महत्वपूर्ण कारण खोजने के लिए एक सक्षम और सहायक साधन सिद्ध हुए हैं, जिससे सुरक्षा समस्याओं पर लागत-प्रभावी सुदृढ़ निर्णय लेना संभव हो सका है ।

(ix) विभिन्न प्रवर्तन उपायों द्वारा नए औद्योगिक परिवेश की स्थापना को प्रोत्साहन

(क) परामर्शकारी परिवेश

4.35 कोई भी प्रवर्तक, और कोई भी संगठन सभी प्रकार के कार्यों में निपुण नहीं हो सकता । जिस प्रकार बच्चे के जन्म के लिए किसी प्रसूति-विशेषज्ञ की आवश्यकता पड़ती है, और जन्म से पूर्व और जन्म के बाद उसका पर्याप्त ध्यान रखना पड़ता है, उसी प्रकार नई परियोजना की स्थापना के लिए भी उसकी स्थापना पूर्व और स्थापना-पश्चात स्थिति में विशेषज्ञ परामर्शदाता की आवश्यकता पड़ती है । बड़ी परियोजनाओं के मामले में भाओवित्तनि सहित सभी वित्तीय संस्थान औद्योगिक संस्थाओं पर इस बात का जोर दे रहे हैं, कि वे प्रारम्भिक स्थिति में ही परामर्शदाता इंजीनियरों की नियुक्ति करें, ताकि परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु विस्तृत इंजीनियरिंग, परियोजना अनुरूपीकरण, स्थल पर्यवेक्षण तथा सामान्य समन्वय आदि पर विशेषज्ञ सलाह प्राप्त की जा सके । मध्यम और मध्यम बड़ी परियोजनाओं के मामले में आरम्भ से ही संस्था में या तो एक परामर्शदाता या परियोजना प्रबंधक की आवश्यकता पर बल दिया जाता है । मध्यम और बड़े क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए परामर्शदाताओं की कमी नहीं है, जबकि लघु क्षेत्रों के लिए संस्थानों ने आरम्भिक स्थिति से अवधारणा तक सम्पूर्ण परामर्श पैकेज एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने हेतु विशेषत: तकनीकी सलाहकारी संगठन स्थापित किए हैं । इन तकनीकी सलाहकारी संगठनों द्वारा लघु और मध्यम क्षेत्र की परियोजनाओं को उनकी परिचालन अवधि के दौरान भी विस्तार और परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं । औद्योगिक परामर्शदाताओं को निर्देशिका—भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भाओवित्तनि तथा भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम लि० का एक और संयुक्त उद्यम है, जो देश में परामर्शकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उपयोगी सूचना प्रदान करती है । ये सभी उपाय औद्योगिक क्षेत्र में एक "परामर्शकारी परिवेश" का विकास करने में पर्याप्त सहायक हुए हैं ।

(ख) आनुषंगिकीकरण के लिए सहायता

4.36 आनुषंगिकीकरण एक ऐसा क्षेत्र है, जिस पर न केवल आधुनिक व्यापक उत्पादन की किफायतें, अपितु विकेन्द्रीकृत परिचालनों और रोजगार सृजन के लाभ प्राप्त करने के साधन के रूप में बल देने की आवश्यकता है । परियोजनाओं का मूल्यांकन करते समय भाओवित्तनि तथा अन्य वित्तीय संस्थान विनिर्माण की विभिन्न मदों का पता लगाने तथा उनकी जांच करने का प्रयास करते हैं, ताकि उनमें से कुछ मदों को अनुषंगी और लघु उद्योगों के लिए अभिनिर्धारित किया जा सके। अनुवर्ती निरीक्षण के दौरान भी भाओवित्तनि के निरीक्षण अधिकारी (क) आनुषंगिकीकरण की संभावना, यदि वहां कोई अनुषंगी इकाई नहीं है (ख) अनुषंगी-इकाइयों के विकास के लिए वित्तपोषित संस्था द्वारा किया गया अभिदान, यदि कोई हो, (ग) मूल अनुषंगी संबंध और उसकी स्थिति पर विचार-विमर्श करते हैं । भाओवित्तनि की एक प्रवर्तन योजना उद्यमी, यदि वह तकनीकी सलाहकारी संगठन/विनिर्दिष्ट एजेंसी को दत्त-कार्य सौंपता है, को 100% निशुल्क आनुषंगिकीकरण और अनुषंगी क्षेत्र में प्रोसेसिंग के लिए उपयुक्त उत्पादों का व्यवहार्यता अध्ययन/परियोजना रिपोर्ट/सम्भाव्यतया रिपोर्ट उपलब्ध कराने में आनुषंगिकीकरण की प्रक्रिया में सहायता करती है । दत्त-कार्य पूरा होने पर तकनीकी सलाहकारी संगठन/विनिर्दिष्ट एजेंसी को 75% उप सहायता की अदायगी की जाती है, और शेष 25% उप-सहायता, अनुषंगी इकाई द्वारा वित्तीय सहायता के लिए तैयार होने तथा अपनी मूल इकाई से व्यवस्था को औपचारिक रूप देते हुए अनुषंगी इकाई की स्थिति प्राप्त करने के बाद निर्मोचित की जाती है ।

(ग) ग्रामीण एवं लघु उद्योग क्षेत्र को सहायता

4.37 (क) ऊर्जा के गैर-परम्परागत साधनों के उपयोग और ऊर्जा संरक्षण उपायों पर परामर्श (ख) ग्राम और लघु उद्योग क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण, (ग) बेरोजगार युवा व्यक्तियों का स्व-विकास और स्व-रोजगार, (घ) महिला उद्यमियों के विकास, (ङ) लघु क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहन, (च) लघु क्षेत्र में देशीय प्रौद्योगिकी के अभिग्रहण को प्रोत्साहन, (छ) पर्यटन और पर्यटन से संबंधित कार्यकलापों में उद्यमीयता विकास को प्रोत्साहन, आदि, के लिए उप-सहायता योजनाएं भाओवित्तनि द्वारा किए गए अन्य प्रयास हैं, जिनका लघु क्षेत्र पर कुछ सीमा तक प्रभाव पड़ा है ।

4.38 यह तथ्य मान्य है, कि मात्र वित्त, कच्चे माल और अन्य अवस्थापना सुविधाओं की उपलब्धता से किसी क्षेत्र का आर्थिक विकास तब तक नहीं किया जा सकता, जब तक कि उद्यमीयता जोखिम उठाने और औद्योगिक क्षेत्र की चुनौतियों का सामना करने के लिए मानव संसाधनों का पर्याप्त पुनः अनुस्थापन

नहीं कर दिया जाता । भाऔविनि द्वारा प्रबन्ध विकास संस्थान की स्थापना और अन्य संस्थानों और संबंधित राज्य सरकारों के गहन समन्वय से उद्यमीयता विकास के लिए आवश्यक अवस्थापना का सृजन आदि ऐसे उपाय हैं जिन्होंने समग्र देश में मानव संसाधनों के विकास पर प्रभाव डाला है । आज, सैकड़ों समर्थ युवा व्यक्ति उद्यमीयता विकास और उद्यम निर्माण कार्यक्रमों की मार्फत "रोजगार लेने वाले" से "रोजगार देने वाले" बन रहे हैं । उद्योग में प्रबंध के व्यावसायीकरण ने अपनी जड़ें मजबूत कर ली हैं । उद्यमीयता आधार को व्यापक बनाया जा रहा है और प्रौद्योगिकी आधार में भी सुधार किया जा रहा है । भाऔविनि सहित वित्तीय संस्थानों के उत्प्रेरक और प्रवर्तन कार्यों के कारण ही औद्योगिक क्षेत्र में काफी हद तक उपयुक्त और इस प्रकार की अन्य अनेक उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करना संभव हो सका है ।

प्रतिबोधित क्षेत्र– नीति दृष्टिकोण

4.39 सरकार ने मोटे तौर पर आठवीं योजना अवधि के दौरान "ग्रामीण विकास", "रोजगार सृजन", "प्रौद्योगिकी नवीकरण" और "निर्यात संवर्द्धन" को प्रमुख क्षेत्र के रूप में व्यापक रूप से निर्धारित किया है । इसके अतिरिक्त सरकार देश में पूंजी बाजार के क्रमिक विकास और धन के साम्यिक संवितरण के लिए भी वचनबद्ध है । देश के आर्थिक विकास के लिए आठवीं योजना में "मन्द प्रवाह" विकास मॉडल की बजाय स्व–पर्याप्तता और उपयुक्त प्रौद्योगिकी से युक्त एक "विकेन्द्रीकृत माडल" अपनाए जाने पर विचार किया जा रहा है । देश के भावी आर्थिक विकास के लिए लघु क्षेत्र को एक महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी गई है, और इस उद्देश्य से सरकार द्वारा घोषित नवीन निर्यात–आयात नीति ने सेवाए क्षेत्र में निर्यात के तीव्र और नियमित विकास पर विशेष बल दिया है ।

4.40 सरकार ने यह भी अनुभव किया है कि भारतीय उद्योग एक ऐसी स्थिति में पहुंच गया है, जहां यह अपने संसाधनों पर भरोसा कर सकता है, और पूंजी बाजार की मार्फत घरेलू बचतों को काम में ला सकता है । सरकार की नीतियों का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना और निर्यात कार्यों को प्रोत्साहित करना है ।

प्रतिबोधित क्षेत्र—संस्थानात्मक दृष्टिकोण

4.41 भाऔविनि सहित सभी वित्तीय संस्थानों का भी प्रतिबोधित क्षेत्र, विद्यमान औद्योगिक इकाइयों में उत्पादकता सुधार अभियान को और अधिक सफल बनाने के लिए वित्त के रूप में उनकी सहायता प्रदान करता रहेगा । औद्योगिक वित्त के क्षेत्र में विद्यमान संयंत्र के आधुनिकीकरण, नवीकरण और प्रतिस्थापना एवं आधुनिक उपस्कर वाले उपस्कर, प्रौद्योगिकी उन्नयन और अन्य उपायों आदि को उच्च अग्रता प्रदान की जाती रहेगी । आर्थिक रूप से कमजोर और जन्मजात अव्यवहार्य इकाइयों को उनके चिरकालीन परिचालनों के लिए किसी प्रकार की कोई सहायता प्रदान नहीं की जा सकेगी । उपयुक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए केवल उन रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिए विचार किया जा सकेगा, जो सम्भाव्य रूप से व्यवहार्य हों ।

4.42 नई परियोजनाओं के संबंध में, वस्तुतः सहकारी क्षेत्र और/अथवा केन्द्रीय रूप से अधिसूचित पिछड़े क्षेत्रों में स्थापित की जा रही परियोजनाओं को प्राथमिकता और व्यवहार्यता के अन्य प्रतिफलों के अधीन अधिमानतः वित्तपोषित किया जाता रहेगा । मूलभूत पूंजी और मध्यस्थ माल उद्योग तथा कृषि और/अथवा ग्रामीण विकास से प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः सम्बद्ध उद्योगों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा । उपभोक्ता माल उद्योग क्षेत्र में उपभोक्ता शानोशौकत की वस्तुओं की तुलना में उपभोगी वस्तुओं को विशेष महत्व दिया जाएगा ।

4.43 वित्तीय सहायता के आवेदनों पर विचार करते समय, वित्तीय संस्थान आवेदक संस्थाओं के निर्यात कार्यों पर विशेष ध्यान देंगे । नई परियोजनाओं का मूल्यांकन करते समय, इनके निर्यात पहलू की गहन जांच करनी आवश्यक होगी । निर्यात के लिए अधिक उत्पादन एवं प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण सृजित करने के लिए आवश्यक अतिरिक्त निवेश को प्रभावित करने में समर्थ उद्योगों को प्रोत्साहन और उचित बल दिया जाएगा । प्रस्तावित परियोजना में उसकी राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्रति–स्पर्धात्मकता निर्धारित करने के लिए उत्पादन की घरेलू लागत की अत्यन्त ध्यानपूर्वक जांच की जाएगी, ताकि गैर–प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में गैर–किफायती और उच्च लागत वाली क्षमताएं स्थापित न की जा सकें ।

4.44 नवीन और विस्तार परियोजनाओं को वित्तीय सहायता पर विचार करते समय परियोजनाओं के रोजगार की संभावनाओं पर भी सदैव पर्याप्त बल दिया जाता रहेगा । श्रम गहन प्रक्रियाओं द्वारा पूंजी गहन प्रक्रिया के प्रतिस्थापन की संभावनाओं की जांच एवं सामाजिक एवं रोजगार दृष्टिकोण से लागत लाभ विश्लेषण करना अत्यधिक आवश्यक होगा । इस संदर्भ में विद्यमान सुगम प्रौद्योगिकी मदों को, बड़ी इकाइयों से लेकर, लघु अनुषंगी इकाइयों को देने की संभावना को सर्वथा ध्यान में रखा जायेगा । छीजन को पुनः उपयोग में लाने वाली, पर्यावरण संरक्षा तथा कम प्रदूषण फैलाने वाली परियोजनाओं को वित्त-पोषण के मामले में पर्याप्त महत्व दिया जाएगा ।

4.45 औद्योगिक प्रोत्साहन और रियायतों को महत्व-पूर्ण कार्य–क्षेत्रों जैसे निर्यात कार्य, ऊर्जा संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा पद्धतियों और साधनों के उपयोग, पर्यावरण संरक्षा और मानव सुरक्षा उपाय आदि से जोड़ा जाएगा ।

4.46 रोजगार की दृष्टि से यात्रा और पर्यटन विश्व का एक सबसे बड़ा उद्योग है । विश्व पर्यटन संगठन की रिपोर्ट के अनुसार "शताब्दी के अन्त तक पर्यटन विश्व का सर्वश्रेष्ठ निर्यात उद्योग बन जाएगा" । अत्यधिक श्रम गहन एवं निरन्तर बढ़ते रहने के कारण पर्यटन भारत जैसे देशों में रोजगार का एक मुख्य साधन बन सकता है, जहां विश्व के पर्यटकों के लिए प्रत्येक क्षेत्र में अनेक आकर्षण बिन्दु उपस्थित हैं । पर्यटन का एक मुख्य संघटक, अवस्थापना क्षेत्र जैसे होटल, रेस्टोरेंट आदि हैं । होटलों में श्रम एवं पूंजी गहन दोनों ही मुख्य लाभ समाहित होते हैं । 100 कमरों वाला एक होटल कम से कम 350 लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करता है । विशाल आर्थिक चक्र के कारण होटल उद्योग

सबसे बड़ा अर्थ वृद्धि करने वाला क्षेत्र भी है । अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए आवास की आवश्यकता का पता लगाने के लिए योजना आयोग द्वारा स्थापित कार्य दल के अनुसार देश को अब लगभग 45,000 कमरों की कुल उपलब्धता के स्थान पर आठवीं योजना के अन्त तक कम से कम 75,000 कमरों की आवश्यकता होगी । भाऔविनि को पर्यटन और पर्यटन संबंधी कार्यों के संवर्द्धन विकास और वित्तपोषण के लिए एक केन्द्रीय ऐजेंसी के रूप में पहले ही घोषित किया जा चुका है । अतः आठवीं योजना अवधि के दौरान भाऔविनि द्वारा पर्यटन पर, जो महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा का सम्पर्क–साधन एवं सबसे बड़ा एकमात्र विदेशी मुद्रा अर्जन का स्रोत है, अत्यधिक ध्यान दिया जाएगा । इसी प्रकार, रोजगार सृजन का अवसर प्रदान करने वाली सेवाएं क्षेत्र की अन्य इकाइयों को भी भाऔविनि की ओर विशेष प्रोत्साहन प्राप्त होता रहेगा ।

4.47 भाऔविनि सहित सभी वित्तीय संस्थान यथासंभव साधारण निवेशकर्ताओं के हितों की रक्षा और उद्योग के प्रबंध में व्यावसायीकरण को अन्तर्निविष्ट करने का सदैव प्रयास करते रहेंगे । प्रशिक्षण एवं पुनर्प्रशिक्षण के द्वारा उद्योग की प्रबंध-व्यवस्था को परिवर्तित एवं अनुकूल बनाना आवश्यक है, ताकि यह अपना संतुलन और उत्पादकता बनाए रख सके । जब तक उद्योग मानव संसाधनों के विकास पर पूरी तरह से ध्यान नहीं देगा, तब तक उद्योग अपनी आशा के अनुरूप प्रतिफल प्राप्त नहीं कर सकेगा । औद्योगिक वित्तपोषण के भावी कार्यों के लिए इन तथ्यों पर विस्तृत रूप से ध्यान देना आवश्यक होगा ।

प्रतिबोधित क्षेत्र—आन्तरिक दृष्टिकोण

4.48 भाऔविनि के लिए नए कारोबार के विकास और इसके कार्यकलापों के विशाखन, अपितु स्वयं द्वारा किए गए कारोबार के गुणात्मक पहलुओं में सुधार करने पर भी बल देना आवश्यक रहेगा । नई मांगों के लिए सहायता की मात्रा में वृद्धि के अनुरूप संसाधन जुटाने एवं निधियों को पुनः उपयोग में लाने के लिए इसके प्रयासों में पर्याप्त वृद्धि ही आवश्यक नहीं है, अपितु संसाधनों के आबंटन के लिए नीतियों एवं प्राथमिकताओं का पुनर्निधारण करना भी अपेक्षित हो सकता है ।

4.49 संसाधन जुटाने के क्षेत्र में, भाऔविनि को अपनी देय राशियों की वसूली के लिए शीघ्रता से अनुवर्तन करना होगा, एवं वित्तीय संस्थानों तथा सरकार के प्रति उनकी वचनबद्धता के अपने संघटकों के बीच एक अच्छा वातावरण निर्मित करना होगा। देश की वित्तीय पद्धति को सुचारू बनाए रखने एवं निवेश में वृद्धि करने हेतु ऐसा माहौल बनाना चाहिए, जिसमें चूक की गुंजाइश न हो । उद्योग में योजना, बजट, पूर्वानुमान और अनुवर्तन से संबंधित कार्यों को पहले से भी अधिक तीव्रता से करना होगा । अधिकांश मामलों में, एक बार सुधारक वित्तीय प्रबंध होने से न केवल रुग्णता का, जहां यह बाहरी तथ्यों के कारण नहीं है, भी पता लगाया जा सकता है, अपितु इसे दूर भी किया जा सकता है ।

प्रतिबोधित क्षेत्र—नए आयाम

4.50 भावी अवधि के दौरान, भाऔविनि की छवि में, एक सामान्य दीर्घावधिक ऋणदाता संस्थान से एक सक्रिय वित्तीय मध्यस्थ अर्थात ऋण के मात्र प्रदाता से औद्योगिक विकास में एक सक्रिय भागीदार के रूप में परिवर्तन हो चुका है । आने वाले वर्षों में, विशेषतः आठवीं योजना अवधि में, वित्तीय मध्यस्थ तथा प्रवर्तन कार्य करने वाले के रूप में भाऔविनि की छवि संभवतः और भी प्रखर रूप से सामने आयेगी । जहां तक ग्रामीण विकास का संबंध है, यद्यपि भाऔविनि ग्राम एवं ग्रामीण विकास के लिए एक मुख्य एजेंसी नहीं है, फिर भी अपने सामाजिक दायित्व के रूप में भाऔविनि अन्य वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों के विकास-संवर्धन का भी अत्यधिक प्रयास करता रहेगा । जैसा कि पहले भी बताया गया है, भाऔविनि ने ग्रामीण और शहरी निर्धन लोगों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में लगे स्वैच्छिक संगठनों की स्थापना प्रवर्तन, समर्थन एवं विकास के लिए उत्तर-पूर्वी क्षेत्र गुवाहाटी में 2 करोड़ रुपये की निकाय निधि से "राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि" की स्थापना की है । वस्तुतः धन और जन दोनों ही संसाधनों की आवश्यकता सभी कार्यों के लिए भाऔविनि को पड़ेगी । अपने संगठन और पद्धतियों की सुदृढ़ता और नम्यता को, जिसे भाऔविनि ने पिछले 42 वर्षों में निर्मित किया है, देखते हुए भाऔविनि अपने भावी दायित्वों और विकास बैंकिंग के क्षेत्र में नवीन और नवीनतर आयाम जोड़ने के प्रति पर्याप्त आशावान है ।

5. आन्तरिक मामले

निदेशक बोर्ड

5.01 वर्ष के दौरान, निदेशक बोर्ड की बारह बैठकें हुई, जिनमें से सात नई दिल्ली में और एक-एक बैठक बंगलौर, बम्बई, मद्रास, पटना और त्रिवेन्द्रम में हुई ।

5.02 वर्ष के दौरान, भाऔविनि के निर्वाचित और नामित निदेशकों में भी कुछ परिवर्तन हुए । 30 जून, 1989 को हुई वार्षिक महासभा में श्री डी० एन० घोष और श्री एस० के० सेठ के त्यागपत्र के कारण आकस्मिक रूप से रिक्त स्थानों पर क्रमशः श्री वी० अटल और श्री बी० डी० शाह को अनुसूचित बैंकों और बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों तथा अन्य ऐसे वित्तीय संस्थानों की श्रेणियों में आने वाले शेयरधारियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए भाऔविनि के निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया । बाद में 09 अक्तूबर, 1989 को हुई एक विशेष महासभा में श्री एस०जी० दीवान को बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों और अन्य ऐसे वित्तीय संस्थानों की श्रेणी के शेयरधारियों के प्रतिनिधि के रूप में भाऔविनि का निदेशक चुना गया । यह स्थान श्री एन० के० शिकर की भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति के फलस्वरूप 31 अगस्त, 1979 का त्याग पत्र देने के कारण आकस्मिक रूप से रिक्त हुआ था । जनवरी, 1990 में श्री जे० एस० वार्ष्णेय और श्री वी० अटल

ने, जो अनुसूचित बैंकों की श्रेणियों के शेयरधारियों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, क्रमशः पंजाब नेशनल बैंक और भारतीय स्टेट बैंक से सेवा-निवृत्ति के पश्चात् निदेशक बोर्ड से त्याग-पत्र दे दिया। इन रिक्त स्थानों को 29 जून, 1990 को निर्धारित भाऔविनि के शेयरधारियों की आगामी 42 वीं वार्षिक महासभा में चुनाव द्वारा भरे जाने की संभावना है।

5.03 नामित निदेशकों की श्रेणी में केंद्रीय सरकार ने 19 फरवरी, 1990 से औद्योगिक विकास विभाग, उद्योग मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली में अपर सचिव, श्री एन० आर० कृष्णन को श्री ए० वी० गणेशन के स्थान पर भाऔविनि के निदेशक बोर्ड पर निदेशक के रूप में नामित किया। इसी प्रकार केन्द्रीय सरकार ने 18 अक्तूबर, 1989 से 17 जनवरी, 1990 तक तीन महीने की अल्पावधि के लिए बैंकिंग प्रभाग, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव, श्री मन्तेश्वर झा को श्री एम० सी० सत्यवादी, संयुक्त सचिव की विदेश में प्रतिनियुक्ति के दौरान उनके स्थान पर निदेशक नामित किया। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (भाऔविबैं) द्वारा नामित किए जाने वाले निदेशक के चार पदों में से एक पद पूरे वर्ष रिक्त रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (भारिबैंक) ने श्री एस० एन० बगाई, कार्यपालक निदेशक की सेवानिवृत्ति के पश्चात् उनके स्थान पर 31 जनवरी 1990 से सुश्री आई० टी० खाज, कार्यपालक निदेशक को नामित किया।

5.04 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का निदेशक बोर्ड श्री ए० वी० गणेशन, श्री डी० एन० घोष, श्री वी० अटल, श्री जे० एस० वार्ष्णेय, श्री एस० के० सेठ, श्री एन० के० शिरुकर, श्री मन्तेश्वर झा और श्री एस० एन० बगाई द्वारा निदेशक के रूप में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम से सम्बद्ध रहने के दौरान की गई उनकी उपयोगी और बहुमूल्य सेवाओं के लिए उनके प्रति अपनी परम आदर-भावना व्यक्त करता है।

सलाहकारों के तदर्थ समूहों की बैठकें

5.05 वर्ष के दौरान होटलों, अस्पतालों, रसायन-प्रक्रिया और अन्य सम्बद्ध उद्योगों के प्रस्तावों पर विशेषज्ञों की सलाह प्राप्त करने के लिए भाऔविनि के सलाहकारों के तदर्थ समूह की पांच बैठकें हुईं।

अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय

5.06 अन्तर-संस्थानात्मक बैठकों, अन्तर-संस्थानात्मक पुनर्स्थापन बैठकों, वरिष्ठ कार्यपालक बैठकों, वरिष्ठ विधिक कार्यपालक बैठकों और क्षेत्रीय कार्यपालक बैठकों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के वित्तीय संस्थानों के बीच अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय बनाए रखा गया। 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष के दौरान 9 अन्तर-संस्थानात्मक बैठकें, 24 वरिष्ठ कार्यपालक बैठकें, 4 वरिष्ठ विधिक कार्यपालक बैठकें और 22 क्षेत्रीय कार्यपालक बैठकें आयोजित की गईं। इनके अतिरिक्त प्रवर्तन संबंधी क्रियाकलापों के क्षेत्र में अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय कायम करने के उद्देश्य से वरिष्ठ कार्यपालकों की चार बैठकें आयोजित की गईं।

5.07 राज्य स्तर पर भाऔविनि द्वारा राज्य स्तरीय समन्वय समितियों, राज्य स्तरीय मार्गदर्शन और अनुवर्तन समितियों तथा अन्य राज्य स्तरीय मंचों की बैठकों में अपने क्षेत्रीय/शाखा/अन्य कार्यालयों के प्रधानों के माध्यम से भाग लेकर समन्वय बनाए रखा गया।

विदेशी एजेंसियों से विचार-विनिमय

5.08 भाऔविनि ने विदेशों के अन्य विकास वित्तीय संस्थानों के साथ और विश्व के पूंजी बाजार में कार्यशील अन्तर्राष्ट्रीय बैंकों के साथ घनिष्ठ सम्पर्क और संबंध बनाए रखा।

5.09 भाऔविनि के अध्यक्ष, श्री डी० एन० डावर ने एशिया एवं प्रशान्त के विकास वित्तीय संस्थानों के संघ के 12वें वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए ताइपेई (चीन गणराज्य), की यात्रा की। उन्होंने हांगकांग तथा टोक्यो में भी पारस्परिक हितों के विषयों पर बैंकों एवं विदेशी संस्थानों के कार्यपालक अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। श्री डावर ने निगम के महाप्रबंधक, श्री वी०एम०आर०के० शास्त्री के साथ एशियाई विकास बैंक से 150 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण के लिए बातचीत करने के सिलसिले में मनीला (फिलीपिन्स) की भी यात्रा की। इस यात्रा के दौरान, उन्होंने भाऔविनि के लिए विदेशी मुद्रा संसाधन जुटाने के उद्देश्य से सिंगापुर के बैंकरों के साथ भी विचार-विमर्श किया।

5.10 भाऔविनि के महाप्रबंधक, श्री एफ० एम० पटनायक तथा उप-महाप्रबंधक, श्री के० पी० मुखर्जी ने बैंक आफ टोक्यो के साथ 12 बिलियन येन के ऋण करार पर हस्ताक्षर करने लिए हांगकांग की यात्रा की।

5.11 1989-90 का वर्ष भाऔविनि के लिए सम्मान का वर्ष रहा, जबकि निगम के अध्यक्ष, श्री डी०एन० डावर को परसातुआं बैंक—बैंक दालाम मलयेशिया (एसोसिएशन आफ बैंक्स, मलयेशिया) के अध्यक्ष ने, आठवें तुन-इस्माइल-अली वार्षिक व्याख्यान देने के लिए आमन्त्रित किया। इस व्याख्यान माला को 1980 में बैंक नेगारा, मलयेशिया के पहले गवर्नर, यांग अमात बरबहागिया तुन इस्माइल अली के सम्मान में मलयेशिया के एसोसिएशन आफ बैंक्स द्वारा शुरू किया गया था। सुविख्यात यांग अमात बरबहागिया तुन इस्माइल अली, मलयेशिया के एक ऐसे महापुरुष हैं, जिन्हें बैंक नेगारा को अत्यधिक सम्मानित सेन्ट्रल बैंक के रूप में, न सिर्फ देश में, बल्कि पूरे दक्षिण-पूर्वी एशिया में विकसित करने में अग्रदूत समझा जाता है। श्री डावर ने "वर्ग से समूह के लिए बैंकिंग व्यवस्था—भारतीय अनुभव" विषय पर भाषण दिया, जिसमें उन्होंने भारतीय बैंकिंग व्यवस्था के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण के बाद इसमें हुई अभूतपूर्व प्रगति पर प्रकाश डाला। श्री डावर ने मलयेशिया औद्योगिक विकास वित्त, बरहाद द्वारा प्रायोजित एक बैठक में कुछ विशिष्ट श्रोताओं के समक्ष 'विकासशील बैंक व्यवस्था' पर भी व्याख्यान दिया। उन्होंने मलयेशिया बैंकिंग निगमों के प्रधानों तथा बैंक नेगारा मलयेशिया के गवर्नर के साथ लाभदायक विचार-विमर्श भी किया।

5.12 विदेशों से अनेक विशिष्ट व्यक्ति भी भाऔविनि में आए, और उन्होंने भारतीय वित्त व्यवस्था, भारत में निवेश के अवसर तथा पारस्परिक हितों के अन्य विषयों पर विचार-विमर्श किया।

12वां भाऔविनि रजत जयन्ती स्मारक व्याख्यान

5.13 "फिनलैण्ड की अर्थव्यवस्था का अन्तर्राष्ट्रीयकरण और विनियंत्रण" विषय पर फिनलैण्ड बैंक के गवर्नर श्री रौल्फ कुलबर्ग ने 25 नवम्बर, 1989 को भाऔविनि का 12वां रजत जयन्ती स्मारक व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में काफी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, तथा इसकी अध्यक्षता भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, श्री आर० एन० मल्होत्रा ने की। श्री कुलबर्ग का भाषण अत्यधिक नवीनता लिए हुए था, क्योंकि इसमें इस विषय पर प्रकाश डाला गया था, कि पिछले दशक में फिनलैण्ड की अर्थव्यवस्था विनियंत्रण और अंतर्राष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया के द्वारा किस प्रकार प्रसार एवं उत्थान दोनों ही दिशाओं में उत्कर्ष के बिन्दु तक पहुंची। वस्तुतः यह जानकारी अत्यन्त दिलचस्प थी, कि पिछले 35 वर्षों के दौरान एक नियंत्रित अर्थव्यवस्था से विनियंत्रित अर्थव्यवस्था और बाजारोन्मुख अर्थव्यवस्था की ओर एक-एक कदम बढ़ाकर फिनलैण्ड की अर्थव्यवस्था में किस प्रकार प्रगति हुई। श्री कुलबर्ग ने कहा कि "अन्तर्राष्ट्रीयकरण का उद्देश्य फिनलैण्ड में श्रम की उच्च लागत के स्थान पर, श्रम की निम्न लागत की खोज नहीं थी, बल्कि इसका उद्देश्य सामूहिक क्रिया कलाप की तलाश तथा उत्पादन की मात्रा को बढ़ाकर प्रतियोगिता की भावना में सुधार करना था। श्री कुलबर्ग ने अपने भाषण के अन्त में कहा, कि कुल मिलाकर विनियंत्रण और आर्थिक नीतियों को अधिकाधिक बाजारोन्मुख बनाने की दिशा में फिनलैण्ड का अनुभव अत्यधिक सकारात्मक रहा है। फिनलैण्ड में आर्थिक प्रगति को हमेशा गहन संरचनात्मक परिवर्तनों द्वारा तीव्र समर्थन प्रदान किया गया है, जिससे उद्योग में उत्पादकता की वृद्धि, संसाधन की मात्रा में बढ़ोत्तरी, स्केल की अर्थव्यवस्था में सुधार तथा निगमित क्षेत्र में सामूहिक क्रियाकलाप बढ़ाने में मदद मिली है।

जवाहर लाल नेहरू जन्म-शती समारोह

5.14 1989, जवाहर लाल नेहरू जन्म शताब्दी का वर्ष था। कृतज्ञ राष्ट्र ने गौरव, आभार एवं आदर के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए पण्डित जवाहर लाल नेहरू द्वारा किए गए त्यागों और निःस्वार्थ सेवाओं को स्मरण करने के उद्देश्य से इसे उपयुक्त रूप से मनाने का निर्णय लिया था। भाऔविनि ने, इस वर्ष के दौरान, अपने विभिन्न केन्द्रों में निम्नलिखित पांच संगोष्ठियां आयोजित की :

—अहमदाबाद	नेहरू तथा लोकतांत्रिक समाजवाद के अन्तर्गत उद्योगीकरण
—बंगलौर	आधुनिक भारत के निर्माण में पण्डित नेहरू की भूमिका
—गुवाहाटी	जवाहर लाल नेहरू—आर्थिक विकास के नियामक
—लखनऊ	औद्योगिक क्षेत्र में सहकारिता आंदोलन के बारे में नेहरू का दृष्टिकोण
—मद्रास	प्रौद्योगिकी एवं औद्योगिक विकास—नेहरू का योगदान

उपयुक्त संगोष्ठियों के अतिरिक्त भाऔविनि के पत्र-शीर्षों और प्रकाशनों में नेहरू के लेखन एवं भाषणों से उद्धरण छापे गए।

5.15 नेहरू जन्मशती समारोह के सिलसिले में भाऔविनि ने पश्चिम विहार, नई दिल्ली स्थित अपनी स्टाफ कालोनी में 25 फरवरी, 1989 को एक बाल मेला आयोजित किया। 'बैंकिंग और उद्योग में नेहरू की प्रासंगिकता', विषय पर भाऔविनि के स्टाफ और उनके परिवार के सदस्यों के लिए एक निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। नेहरू जन्म-शती समारोह के क्रम में एक और महत्वपूर्ण कार्यक्रम था—'शान्ति और समृद्धि के लिए दौड़'। यह कार्यक्रम भाऔविनि के पश्चिम विहार, नई दिल्ली स्थित स्टाफ कालोनी में 11 नवम्बर, 1989 को आयोजित किया गया। इस दौड़ में मुख्य रूप से भाऔविनि के कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्यों के लगभग 500 व्यक्तियों ने हिस्सा लेकर देश में शान्ति और समृद्धि के महत्व का प्रचार किया। इस अवसर पर देश प्रेम के गीतों के कार्यक्रम के अतिरिक्त स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री, पण्डित जवाहर लाल नेहरू के व्यक्तित्व और कृतित्व से सम्बद्ध विषयों पर वाद-विवाद भी आयोजित किया गया जो कि 'अनेकता में एकता' की अवधारणा का प्रतीक था। कर्मचारियों के बच्चों के लिए ड्राइंग और पेन्टिंग प्रतियोगिता तथा 'नेहरू—भारत का महान सपूत' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वालों को उपयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। पण्डित नेहरू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक लघु प्रदर्शनी भी लगाई गई।

संगठनात्मक गतिविधियां

5.16 उत्तरी क्षेत्र में अपने ग्राहकों को बेहतर और प्रभावशाली ढंग से सेवा प्रदान करने और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार तथा राज्य स्तर की एजेंसियों के साथ बेहतर पारस्परिक सम्पर्क बनाए रखने के उद्देश्य से 12 जुलाई, 1989 को भाऔविनि के कानपुर क्षेत्रीय कार्यालय को लखनऊ स्थानान्तरित कर दिया गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश राज्य के मध्य और पूर्वी क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों को सहायता एवं सम्पर्क-स्थल की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से कानपुर स्थित भाऔविनि कार्यालय को भी अपना काम जारी रखने दिया गया।

5.17 वर्ष के दौरान, गोवा स्थित, भाऔविनि के पणजी कार्यालय के दर्जे को बढ़ाकर पूर्ण शाखा कार्यालय बना दिया गया। उक्त कार्यालय ने शाखा कार्यालय के रूप में 2 अप्रैल, 1990 से काम करना शुरू कर दिया।

5.18 अनुवर्तन अवधि के लिए सामरिक नीति बनाने के साथ-साथ, कार्य निष्पादन की समीक्षा, कारोबार की स्थिति की सूक्ष्म जांच तथा कार्यान्वियन योजनाओं और कार्यक्रमों को तैयार करने की निरन्तर प्रक्रिया के एक भाग के रूप में मई और सितम्बर 1989 में भाऔविनि के वरिष्ठ कार्यपालकों के दो सम्मेलन आयोजित किए गए। इन सम्मेलनों में भाग लेने वालों को औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड के अध्यक्ष, श्री आर० गणपति, योजना आयोग के भूतपूर्व सदस्य, डा० एम० एस० खुसरो, भारतीय स्टेट बैंक के भूतपूर्व अध्यक्ष, श्री डी० एन० घोष और भारत के सनदी

लेखाकार संस्थान के तकनीकी निदेशक, श्री कमल गुप्ता के साथ पारस्परिक विचार-विनिमय के अवसर भी प्रदान किए गए ।

5.19 प्रशिक्षण, जन-शक्ति नियोजन, कार्य-निष्पादन मूल्यांकन, कम्प्यूटीकरण, स्टाफ से प्राप्त सुझावों, कार्य के सरलीकरण, अभिलेखों के रख-रखाव और अनुरक्षण, माइक्रो फिल्मिंग, स्टाफ कल्याण, पुस्तकालय, अड़ सम्पत्ति की प्राप्ति, उत्पादकता में सुधार आदि से सम्बद्ध विषयों की योजना बनाने, उन्हें निष्पादित करने तथा उनकी देख-रेख करने के लिए गठित भाऔविनि के कार्मिकों की विभिन्न समितियां भाऔविनि के क्रियाकलापों से संबंधित क्षेत्रों में पहले की ही भांति कार्य करती रहीं । इन समितियों के सुझावों को व्यापक रूप से कार्यान्वित किया गया ।

5.20 भाऔविनि क्रमिक रूप से कार्य के विकेन्द्रीकरण और अपने कार्यालयों तथा विभिन्न विभागों के प्रधानों को अधिकाधिक अधिकार सौंपने की अपनी नीति पर चलता रहा । इसी नीति के अनुसरण में विभिन्न कार्यालयों और विभागों के प्रधानों को अधिक से अधिक अधिकार सौंपे गए, ताकि शीघ्र काम निपटाने, तथा विशेष रूप से मंजूरियों, संवितरणों और संवितरण उपरांत अनुवर्ती कार्रवाई शीघ्र सम्पन्न करने की प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सके ।

इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रोसेसिंग तथा संप्रेषण प्रणाली

5.21 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में भाऔविनि द्वारा अपने सभी क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों में यूनिक्स वातावरण में काम करने वाले ई०एस०पी०एल० लघु प्रणाली स्थापित करने का उल्लेख किया गया था । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इस समय विद्यमान आई० सी० आई० एम०-6040 मेन फ्रेम और आई० सी० आई० एम०-डी० आर० एस०-300 सिस्टम के अतिरिक्त भाऔविनि के प्रधान कार्यालय में चार तथा सभी क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों में एक-एक ई० एस० पी० एल० सिस्टम लगाए गए । उत्कृष्ट मुद्रण और वर्ड प्रोसेसिंग एप्लीकेशन के बढ़ते हुए कार्यभार को ध्यान में रखते हुए प्रधान कार्यालय में एक और लेजर प्रिंटर लगाया गया ।

5.22 भाऔविनि में आई० सी० आई० एम०-6040 मेन फ्रेम कम्प्यूटर सिस्टम को लेखांकन, परियोजना मूल्यांकन और प्रबंध सूचना प्रणाली के क्षेत्रों में एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर विकसित करके उसे यूनिक्स वातावरण में काम करने के लिए बदला गया, और इस व्यवस्था को भाऔविनि के सभी क्षेत्रीय और शाखा कार्यालयों में काम कर रही ई० एस० पी० एल० मशीनों में संप्रेषित किया गया। वर्ष के दौरान, वित्तीय अनुपात विश्लेषण की संशोधित पद्धति, वित्तपोषित संस्थाओं से संबंधित आंकड़ों के संचयन, अनुरक्षण, अद्यतन बनाए रखने तथा उन्हें पुनः प्राप्त करने के लिए क्षेत्रीय तथा शाखा कार्यालयों में निष्पादन आंकड़ों के संकलन तथा विदेशी मुद्रा संसाधन एवं परिचालन विभाग क्रियाकलापों में कम्प्यूटरीकरण की व्यवस्था को विकसित किया गया, तथा सम्बद्ध प्रणाली को क्रियाशील बनाया गया । पहले से विकसित वित्तीय प्रणाली तथा जन-शक्ति नियोजन और विकास से सम्बद्ध प्रणालियों में "ऑन-लाइन' की सुविधा प्रदान करने के लिए भी विकास कार्य शुरू किया गया । इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रोसेसिंग विभाग में आवश्यकतानुसार निपुण कार्मिकों की व्यवस्था के अतिरिक्त, एम०एस०-डॉस संकार्य प्रणाली के साथ पर्सनल कम्प्यूटर के उपयोग तथा पर्सनल कम्प्यूटर लोटस-1-2-3, डी० बेस-प्लस, वर्डस्टार, यूनिक्स आपरेटिंग सिस्टम यूनिफाई डाटा बेस सॉफ्ट सिस्टम सहित एम० एम०-386 लघु प्रणाली के उपयोग के सम्बन्ध में विभिन्न प्रयोक्ता विभागों/प्रभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य जारी रखा गया ।

5.23 अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के बीच समान दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से पिछले वर्ष गठित अन्तर-संस्थानात्मक इलेक्ट्रॉनिक डाटा प्रोसेसिंग समन्वय समिति समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भी, विशेष रूप से प्रपत्रों के मानकीकरण के क्षेत्र में तथा वित्तपोषित संस्थाओं के साथ उनकी परियोजनाओं की रूपरेखा के मामले में, सूचना के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के बारे में कार्यरत रही ।

कार्मिक

5.24 मार्च, 1990 के अन्त तक भाऔविनि (क्षेत्रीय, शाखा और अन्य कार्यालयों सहित) में कार्मिकों की कुल संख्या 1,159 थी । इनमें 441 अधिकारी, 502 सहायक कर्मचारी और 216 अधीनस्थ कर्मचारी थे । अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति, भूतपूर्व सैनिक और शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों की संख्या, क्रमशः 175, 36 और 17 थी । मार्च, 1990 के अन्त तक भाऔविनि में महिला कर्मचारियों की संख्या 181 थी ।

मानव संसाधन विकास

5.25 प्रशिक्षण संचालन समिति के, जिसके अध्यक्ष महोदय स्वयं प्रधान हैं, समग्र दिशानिर्देश और पथ-प्रदर्शन में, पहले की ही भांति मानव संसाधन विकास पर अधिकाधिक ध्यान दिया जाता रहा । कार्यों को विशेष स्थितियों में भी पूरा करने के उद्देश्य से सैद्धान्तिक मूल्यों के निर्माण तथा उन्हें व्यवहार में लाने के लिए प्रशिक्षण गतिविधियों पर विशेष जोर दिया जाता रहा ।

5.26 वर्ष के दौरान, विभिन्न अवधि के 55 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनसे स्टाफ के 720 सदस्यों ने लाभ उठाया । यह कार्यक्रम विकास अर्थव्यवस्था और विकास बैंकिंग प्रणाली के क्षेत्र में अद्यतन अवधारणाओं के बारे में समझ-बूझ को व्यापक बनाने तथा विकास बैंकिंग व्यवस्था के क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों और संभावित चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए सम्बद्ध अवधारणाओं में आवश्यक कार्य-कुशलता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए ।

5.27 भाऔविनि में नियुक्त प्रबंध प्रशिक्षणार्थियों और भर्ती किए गए अन्य कार्मिकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों की योजना बनाई गई, और उन कार्यक्रमों को संचालित किया गया । भाऔविनि की सेवा में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के लिए आरक्षण/रियायतों के बारे में सरकार के मार्ग-निर्देशों पर निगम अमल करता रहा । अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशियों को बेहतर परिणाम प्राप्त करने

के लिए भर्ती से पूर्व के परिचयात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें भाऔविनि में विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार देने से पूर्व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के 166 प्रत्याशियों ने भाग लिया।

5.28 आन्तरिक प्रशिक्षण के अनुवर्ती कार्यक्रम के रूप में और अन्य संस्थानों के विशेषज्ञों के साथ विचार-विनिमय का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रबंध विकास संस्थान—प्रबंध विकास के लिए भाऔविनि द्वारा प्रायोजित संगठन, सहित अन्य व्यावसायिक संस्थानों द्वारा आयोजित बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्टाफ के 47 सदस्यों ने भाग लिया। पुणे में राष्ट्रीय बैंक प्रबन्ध संस्थान द्वारा आयोजित प्राचार्यों के सम्मेलन में निगम के प्रशिक्षण केन्द्रों के दो वरिष्ठ अधिकारियों को नामित किया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी को मनीला में आयोजित कोम्फ़ार (कम्प्यूटर मॉडल फ़ार फाइनेन्शियल एनालिसिस एण्ड रिव्यू) सॉफ्टवेयर इन्वेस्टमेंट विश्लेषण पर आयोजित संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन की संगोष्ठी में भाग लेने के लिए विदेश भेजा गया। उन्हें डवलपमेंट बैंक ऑफ सिंगापुर में कम्प्यूटरीकरण और मानव संसाधन विकास संबंधी गतिविधियों के विशेष संदर्भ में उक्त बैंक की कार्य-प्रणाली का अध्ययन करने के लिये भी प्रतिनियुक्त किया गया। भाऔविनि के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लाभ के लिए देश-विदेश के विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर विशेष व्याख्यानों की भी व्यवस्था की गई।

5.29 रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिए वाणिज्यिक बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय के उद्देश्य से बनाई गई भारतीय रिजर्व बैंक की योजना के अधीन भाऔविनि ने वर्ष के दौरान वाणिज्यिक बैंकों के तीन अधिकारियों को अपने पुनर्स्थापन वित्त विभाग में कार्य प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराई।

5.30 गहन आन्तरिक प्रशिक्षण, कार्य प्रशिक्षण, बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अतिरिक्त स्टाफ के सदस्यों को संस्था के समग्र क्रियाकलापों में सुधार लाने के लिए स्टाफ सुझाव योजना के अन्तर्गत स्टाफ को निरन्तर सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया गया। स्टाफ सुझाव समिति ने प्रत्येक सुझाव का भली भांति मूल्यांकन किया, और सुझावों को क्रियान्वयन के लिए स्वीकार किए जाने की स्थिति में सुझाव देने वाले स्टाफ के सदस्य को नकद पुरस्कार/प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

स्टाफ के लिए कल्याण-कार्य

5.31 भाऔविनि के स्टाफ कल्याण-कार्यों में सामाजिक सुरक्षा, आवास एवं चिकित्सा की सुविधाएं, मुख्य घटक बनी रहीं। स्टाफ कल्याण निधि, जिसमें वर्ष के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि की गई, स्टाफ कल्याण की गतिविधियों का मूल आधार बनी रही। वर्ष के दौरान, भाऔविनि स्टाफ कल्याण निधि प्रशासन मार्गनिर्देश के अन्तर्गत निगम के कर्मचारियों को दी जा रही वर्तमान सुविधाओं में अनेक सुधार, विशेष रूप से स्टाफ के स्व-विकास और घरेलू उपयोग के टिकाऊ सामान के लिए अग्रिम के संबंध में, किए गए।

परिसर

5.32 वर्ष के दौरान, भाऔविनि के प्रधान कार्यालय के अनेक प्रभाग/विभाग, 7-लोधी रोड, नई दिल्ली स्थित स्कोप कॉम्प्लेक्स में स्थानान्तरित कर दिए गए, जहां भाऔविनि ने स्वामित्व के आधार पर स्थान प्राप्त किया था। एक ही परिसर में भाऔविनि के सभी विभागों/प्रभागों के लिए स्थान की व्यवस्था करने के उद्देश्य से वर्ष के दौरान आई० एफ० सी० आई० टावर्स नामक बहु मंजिले कार्यालय परिसर के लिए एक प्लाट खरीदने का प्रस्ताव किया गया, जिसके उपरांत भाऔविनि ने दिल्ली विकास प्राधिकरण से नेहरू प्लेस में जमीन का एक प्लाट खरीद लिया। अब वहां एक ही स्थान पर पूरे निगमित कार्यालय के लिए 21 मंजिला भाऔविनि टावर बनाने का प्रस्ताव है।

5.33 विभिन्न केन्द्रों पर अब, भाऔविनि के अपने कार्यालय परिसर हैं। वर्ष के दौरान, कम्प्यूटरीकरण के कार्यक्रम के उद्घाटन के साथ-साथ ही पटना प्रशिक्षण केन्द्र भी अपने भवन में कार्य करने लगा। इसी प्रकार वर्ष के दौरान, 7-लोधी रोड, नई दिल्ली के स्कोप कॉम्प्लेक्स में स्थित प्रशिक्षण केन्द्र के अतिरिक्त बम्बई तथा हैदराबाद के प्रशिक्षण केन्द्रों ने भी अपने-अपने कार्यालय परिसरों में कार्य आरम्भ कर दिया।

खेल-कूद और अन्य कार्यक्रम

5.34 भाऔविनि ने सिर्फ अपने कर्मचारियों के लिए बल्कि निगम द्वारा प्रायोजित संगठनों और संस्थानों के कर्मचारियों के लिए भी खेल-कूद और क्रीड़ा-कौशल को प्रोत्साहित करने का कार्य जारी रखा। पांचवीं अखिल भारतीय भाऔविनि खेल-कूद प्रतियोगिता-1990 का समापन समारोह दिनांक 25 फरवरी, 1990 को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। खेल-कूद के मुख्य पहलू इस वर्ष थे—(क) सहयोगी संगठनों एवं संस्थानों, जैसे जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि०, भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि०, मध्य प्रदेश परामर्शकारी संगठन लि० तथा प्रबंध विकास संस्थान के खिलाड़ियों द्वारा सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेना; (ख) बड़ी संख्या में भाऔविनि के पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों द्वारा प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से हिस्सा लेना; और (ग) सभी स्तरों पर भाऔविनि के कर्मचारियों के बच्चों द्वारा बड़ी संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग लेना।

5.35 भाऔविनि के टेबल टेनिस के खिलाड़ियों ने 22 से 28 सितम्बर, 1989 तक रांची में आयोजित नौवां अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र टेबल टेनिस टूर्नामेंट में भी हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त 17 तथा 18 मार्च, 1990 को धनबाद, बिहार में आयोजित 12वीं अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र की खेल-कूद प्रतियोगिता में भी भाऔविनि के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रसंगवश यह उल्लेखनीय है, कि भाऔविनि अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के क्रीड़ा नियंत्रण बोर्ड का सदस्य भी है।

सांस्कृतिक समारोह और अन्य कार्यक्रम

5.36 पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी भाऔविनि कर्मचारी मनोरंजन क्लब ने अपना वार्षिक सांस्कृतिक समारोह मनाया। इस वर्ष यह समारोह बुधवार, 14 फरवरी, 1990 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध दूरदर्शन धारावाहिक 'रामायण' के निर्माता-निर्देशक, श्री रामानन्द सागर और संगीतकार श्री रवीन्द्र जैन की उपस्थिति समारोह की प्रमुख विशेषता थी। यह क्लब, जिसे भाऔविनि से उदारतापूर्वक आर्थिक सहायता दी जा रही है, भाऔविनि के स्टाफ और उनके परिवार के सदस्यों के लिए मनोरंजन के कार्यक्रम, भ्रमण एवं यात्रा तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने में सदा सक्रिय रहा है।

5.37 भाऔविनि ने 19 से 25 नवम्बर, 1989 तक यथेष्ट उत्साह एवं उल्लास के साथ राष्ट्रीय एकीकरण सप्ताह भी मनाया। इसके अतिरिक्त "पर्यावरण दिवस" के अवसर पर 'पर्यावरण परिरक्षण और सांस्कृतिक संरक्षण—भारतीय परिदृश्य' विषय पर वाद-विवाद का आयोजन किया गया।

सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों के लिए अंशदान

5.38 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने जवाहर लाल नेहरू शताब्दी समारोह की समाप्ति के अवसर पर 14 नवम्बर, 1989 को आयोजित 'भारतीयम्' कार्यक्रम के आयोजन के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण को 10,000/- रुपये का अंशदान दिया। इसके अतिरिक्त, निगम ने अखिल भारतीय बधिर क्रीड़ा परिषद्, नई दिल्ली, भारतीय यक्ष्मा संघ, नई दिल्ली, हरिजन सेवक संघ, बम्बई राष्ट्रीय नेत्रहीन संघ, बम्बई और कैंसर इंस्टीट्यूट, मद्रास के लिए भी अपना विनम्र अंशदान दिया।

जन-सम्पर्क

5.39 जन-सम्पर्क क्रियाकलापों के एक अंश के रूप में, भाऔविनि ने 29 अप्रैल, 1989 को मद्रास में द्वितीय "ग्राहक—सम्मेलन आयोजित" किया। इस सम्मेलन में दक्षिणी क्षेत्र, यानी आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र के भाऔविनि के ग्राहकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। इस सम्मेलन का उद्घाटन तत्कालीन वित्त राज्य मंत्री श्री एदुआर्द फ्लैरो ने किया। इसके अतिरिक्त, भाऔविनि की भूमिका तथा इसके योगदान के बारे में बेहतर समझ-बूझ कायम करने तथा मौके पर ही उद्योगीकरण की समस्याओं तथा संभावनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से कोचीन में जुलाई, 1989 में केरल राज्य सलाहकार समिति की बैठक हुई। भाऔविनि के जन-सम्पर्क विभाग ने पहले की भांति मासिक आर्थिक एवं वित्तीय समाचार सार का प्रकाशन जारी रखा, तथा भाऔविनि की विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में इसके बड़ी संख्या में वर्तमान और भावी ग्राहकों के बीच जानकारी देने और जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से निगम के प्रकाशनों के अद्यतन एवं संशोधित संस्करण प्रकाशित किए गए।

हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

5.40 भाऔविनि ने पहले की ही भांति अपने कामकाज में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने का प्रयास जारी रखा। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से समीक्षाधीन वर्ष के दौरान शासकीय कामकाज में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों द्वारा व्यक्तिगत प्रयत्नों को सम्मानित करने हेतु अखिल भारतीय स्तर पर नकद पुरस्कार की एक योजना शुरू की गई। इसके अतिरिक्त, अधिकारियों को हिन्दी में डिक्टेशन देने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पहली बार एक अन्य पुरस्कार योजना भी प्रारम्भ की गई। अखिल भारतीय हिन्दी प्रतियोगी परीक्षा की विद्यमान योजना, जो कि भाऔविनि में पहले से ही लागू है, के अन्तर्गत वर्ष के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में स्टाफ के 59 सदस्यों ने हिस्सा लिया।

5.41 प्रधान कार्यालय सहित, भाऔविनि के प्रत्येक क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समितियों ने हिन्दी के प्रगामी प्रयोग पर निगरानी रखी, और सम्बद्ध कार्यालयों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सुझाव दिए। भाऔविनि के सभी कार्यालयों में प्रत्येक महीने के पहले एवं तीसरे बुधवार को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाना जारी रहा। क्षेत्रीय, शाखा एवं अन्य कार्यालय के प्रधान भारत के विभिन्न नगरों में गठित नगर-स्तरीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में सक्रिय रूप से हिस्सा लेते रहे।

5.42 पहले की ही भांति, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सभी प्रशासन परिपत्र, परिचालन परिपत्र, अधिसूचना, विज्ञापनों और सामान्य आदेश द्विभाषिक रूप में जारी किए गए। आन्तरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए भाऔविनि के सभी प्रशिक्षण केन्द्रों को प्रशिक्षण सामग्री का हिन्दी अनुवाद भी उपलब्ध कराया गया।

5.43 हिन्दी टाइपराइटिंग में प्रशिक्षित टंककों के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से वर्ष के दौरान विभागीय हिन्दी टाइपराइटिंग प्रशिक्षण का कार्यक्रम शुरू किया गया। भाऔविनि के विभिन्न कार्यालयों में लगाई गई टेलेक्स मशीनों में द्विभाषिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सम्बद्ध प्राधिकारियों के पास इनका पंजीकरण कराया गया, इनमें 9 टेलेक्स मशीनों के स्थान पर द्विभाषिक टेलेक्स मशीनें पहले ही लगाई जा चुकी हैं।

5.44 स्टाफ के जिन सदस्यों को हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान नहीं है, उन्हें हिन्दी प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। कुछ टाइपिस्टों एवं स्टेनोग्राफरों को भी क्रमशः हिन्दी टाइपराइटिंग और हिन्दी स्टेनोग्राफी में प्रशिक्षण के लिए भारत सरकार की हिन्दी शिक्षण योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। भाऔविनि का आन्तरिक लेखा-परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग विभिन्न कार्यालयों तथा प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभागों एवं प्रभागों में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में हुई प्रगति की जांच करता रहा, और जहां कहीं उपर्युक्त लक्ष्य प्राप्त करने में कमियां पाई गईं, उन्हें दूर करने/उनमें सुधार के लिए सुझाव देता रहा।

39 वीं वार्षिक रिपोर्ट को रजत वैजयन्ती (1986-87)

5.45 वर्ष के दौरान, नई दिल्ली के इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स आफ इंडिया ने बैंक और वित्तीय संस्थानों से प्राप्त

हुई प्रविष्टियों में से भाऔविनि की 30 जून, 1987 को समाप्त हुए वर्ष की 39वीं वार्षिक रिपोर्ट और लेखे को सर्वोत्तम घोषित किया, और भाऔविनि को रजत वैजयन्ती प्रदान करने का निर्णय लिया। यह दूसरा अवसर है कि भाऔविनि को इस प्रकार का गौरव प्राप्त हुआ है। इससे पहले भाऔविनि की वर्ष 1984–85 की वार्षिक रिपोर्ट को भी रजत वैजयन्ती से सम्मानित किया गया था।

आभार

5.46 निदेशक बोर्ड, भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, निदेशालयों, विभागों, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, अन्य सहयोगी अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों, विभिन्न राज्य सरकारों, राज्य स्तर के विभिन्न वित्तीय एवं विकास संगठनों एवं मर्चेंट बैंकिंग संगठनों से प्राप्त सहायता, सहयोग और समर्थन के लिए उनके प्रति अपना आभार प्रकट करता है।

5.47 निदेशक बोर्ड, भाऔविनि द्वारा विदेशों में स्थित विभिन्न वित्तीय संस्थानों, विशेष रूप से विश्व बैंक, आर्थिक विकास संगठन, एशियाई विकास बैंक, एशिया और प्रशांत के विकास वित्तीय संस्थानों के संघ, जर्मन संघीय गणराज्य के क्रेडितांण स्तल्त-फर-वाइडरफबउ और अनेकों विदेशी समवर्ती बैंकों और अन्य अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग समुदाय के सदस्यों से प्राप्त सहायता के लिए भी आभार प्रकट करता है।

5.48 निदेशक बोर्ड, निगम के सभी स्तर पर स्टाफ के समस्त सदस्यों द्वारा इस अवधि के दौरान अत्यधिक निष्ठा एवं समर्पण भाव से की गई सेवा के लिए उनकी सहर्ष सराहना करता है।

डी० एन० डावर
अध्यक्ष

परिशिष्ट–I

1989–90 के दौरान, चुने हुए उद्योगों की विस्थापित क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग का विवरण

(कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े इकाइयों की संख्या के द्योतक हैं)

क्रम सं०	उत्पाद	माप इकाई	1989–90 में विस्थापित क्षमता और उत्पादन: सम्पूर्ण देश के सम्बन्ध में — विस्थापित क्षमता और इकाइयों की संख्या	1989–90 (अप्रैल–मार्च) में उत्पादन	प्रतिशत क्षमता उपयोग	निगम की वित्तपोषित संस्थाओं के संबंध में — विस्थापित क्षमता और इकाइयों की संख्या	1989–90 (अप्रैल–मार्च) में उत्पादन	प्रतिशत क्षमता उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1.	चीनी	लाख टन	91.65 (394)	101.00*	110.2*	7.24 43	8.87	122.5
2.	सूती धागा (मिल क्षेत्र)		26.48 मिलियन तकुए (1029)	1367.45 मिलियन कि० ग्राम	—	4.90 मिलियन तकुए (149)	393.34 मिलियन कि० ग्राम	—
3.	सूती वस्त्र (मिल क्षेत्र)		1.84 लाख खड्डिया	1987.79 मिलियन मीटर	—	0.14 लाख खड्डियां	249.01 मिलियन मीटर	—
4.	पटसन वस्त्र	लाख टन	19.87 (73)	13.00	65.4	1.28 (5)	1.06	82.81
5.	कागज और गत्ता	लाख टन	30.14 (305)	22.00	73.0	7.74 (27)	6.33	81.8
6.	रेयन पल्प	लाख टन	1.96 (5)	1.90	96.9	0.33 (1)	0.41	124.2

*उत्पादन अक्तूबर 1989 से मई 1990 तक की अवधि का है।

**282 संयुक्त मिलें सम्मिलित हैं।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
7.	अखबारी कागज	लाख टन	3.00 (5)	2.75	91.7	0.75 (1)	0.81	108.0
8.	प्लाईवुड	मिलियन वर्ग मी०	119.04 (61)	51.00	42.8	7.75 (2)	2.75	35.5
9.	सीमेन्ट	मिलियन टन	62.00 (N.A.)	45.60	73.5	26.95 (64)	22.01	81.7
10.	नाइट्रोजन उर्वरक	लाख टन	81.48 (47)	68.00	83.5	24.58 (15)	21.43	87.2
11.	फॉस्फेटिक उर्वरक	लाख टन	27.50 (19)	18.00	65.5	7.58 (7)	5.67	74.8
12.	कास्टिक सोडा	लाख टन	11.03 (39)	8.92	80.9	3.41 (6)	3.09	90.6
